

- प.बंगाल की मुख्यमंत्री बोलीं- वो आज वोट का अधिकार छीन रहे कल नागरिकता छीन लेंगे - 12



- घरों में रखे सोने को वित्तीय प्रणाली में लाना चाहिए - 12




- विश्व के 50 शीर्ष शिक्षण संस्थानों में देश के छह संस्थान शामिल - 13



- ट्रॉफी जीतने वालों को ही सम्मान मिलेगा : संजीव गोयनका - 14

आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
22.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.06
सूर्यास्त 06.23


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी 11:49 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 26 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 47, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## कच्चे तेल में नरमी

### सेंसेक्स में 1,205 अंकों का उछाल



**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5 .07 प्रतिशत टूटकर 99 .19 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आने से स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 394 अंक के लाभ में रहा। सेंसेक्स एक समय 1,781 .31 अंक चढ़कर 75,849 .76 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, इंटरग्लोब एविएशन और ट्रेंट आदि कंपनियां प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

**चांदी 11,250 रुपये उछली :** चांदी की कीमत 11,250 रुपये यानी 4 .89 प्रतिशत बढ़कर सभी करों सहित 2,41,250 रुपये किलो हो गई, जो मंगलवार के बंद भाव 2,30,000 रुपये किलो से अधिक है।

**सोना भी 4,900 रुपये चढ़ा :** सोने की कीमत 4,900 रुपये यानी 3 .38 प्रतिशत बढ़कर सभी करों सहित 1,49,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछला बंद भाव 1,44,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

# पीएनजी कनेक्शन लेने से इन्कार किया तो बंद होगी एलपीजी आपूर्ति

- **केंद्र सरकार ने जारी किया आदेश, जहां पीएनजी आपूर्ति नहीं वहीं मिलेगा सिलेंडर, मगर लेनी होगी एनओसी**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा उपलब्ध होने पर भी इसका कनेक्शन न लेने वालों की घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति तीन महीनों के अंदर बंद कर दी जाएगी। सरकार ने गैस नेटवर्क के विस्तार को तेज करने और एक ही ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए कदम उठाते हुए यह आदेश जारी किया है।

पश्चिम एशिया संकट के कारण देश में एलपीजी की कमी के बीच सरकार पीएनजी अपनाने को बढ़ावा दे रही है। इसी को लेकर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 'प्राकृतिक गैस तथा पेट्रोलियम उत्पाद वितरण (पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, संचालन व विस्तार तथा अन्य सुविधाएं) आदेश, 2026' अधिसूचित किया है, जिसका उद्देश्य पाइपलाइन अवसंरचना के विकास में तेजी लाना, मंजूरियों को आसान बनाना तथा एलपीजी से पीएनजी की ओर बदलाव को बढ़ावा देकर ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना है। आदेश में कहा गया है कि यदि पीएनजी उपलब्ध होने के बावजूद कोई परिवार इसे नहीं अपनाता है तो तीन महीने बाद एलपीजी की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी।




एलपीजी संकट के खिलाफ विपक्ष ने संसद के बाहर प्रदर्शन किया।

### पाइप लाइन बिछाने से नहीं कर सकेंगे इन्कार

आदेश के मुताबिक तेजी से क्रियान्वयन के लिए सार्वजनिक प्राधिकरणों को निर्धारित समयसीमा के भीतर अनुमतियां देनी होंगी, अन्यथा उन्हें स्वीकृत माना जाएगा। मंजूरी मिलने के चार महीने के भीतर पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू न करने पर अधिकृत इकाइयों पर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

### डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं: पेट्रोलियम कंपनियां

सरकारी तेल कंपनी आईओसी और बीपीसीएल ने अपील जारी की है कि देश में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। इसलिए लोग सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर भरोसा कर घबराहट में ईंधन खरीदने से बचें। आईओसी) ने कहा, उसके पेट्रोल पंप पर्याप्त ईंधन से भरे हैं और चालू हैं। बीपीसीएल ने भी ईंधन की कमी की खबरों को पूरी तरह निराधार बताया है।

### चेतावनी: गैस-एलपीजी शुल्क न वसूल करें होटल-रेस्तरां

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने होटल और रेस्तरांओं को चेतावनी दी कि वे एलपीजी शुल्क और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क न लगाएं। अनुचित व्यापार गतिविधियों के ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण ने होटलों और रेस्तरांओं में बिलों में एलपीजी शुल्क, गैस अधिभार और ईंधन लागत जैसे अतिरिक्त शुल्क लगाने की शिकायतों यह आदेश जारी किया है।

### उज्ज्वला के नियमों में कोई बदलाव नहीं, सरकार ने किया साफ

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए सिलेंडर रिफिल बुकिंग का कोई अलग प्रावधान नहीं किया गया है। मंत्रालय ने उन खबरों का खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि शहरी क्षेत्रों में उज्ज्वला लाभार्थी 45 दिन बाद ही अगला एलपीजी सिलेंडर बुक करा सकेंगे। मंत्रालय ने कहा, एलपीजी रिफिल बुकिंग की सिर्फ दो समय सीमा हैं। एक, शहरी क्षेत्रों में 25 दिन बाद और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद।

## ब्रीफ न्यूज

### दिल्ली में विदेशी हथियारों का जखीरा बरामद 10 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बड़े अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इस नेटवर्क के तार पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश से जुड़े हुए हैं। इन लोगों के कब्जे से विदेश निर्मित अत्याधुनिक हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। इनमें चेक गणराज्य में बना सबमशीन गन, विदेशी कंपनियों की सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल और 200 से अधिक कारतूस शामिल हैं। सरगना बुलंदशहर (यूपी) का शाहबाज अंसारी है जो बांग्लादेश से यह नेटवर्क चला रहा था।

### महादेव एप: ईडी ने 1,700 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** ईडी ने अवैध महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के मुख्य प्रवर्तकों में एक सौरभ चंद्राकर से जुड़े संगठनों की दुबई स्थित 1,700 करोड़ की अचल संपत्ति जब्त की। एजेंसी ने पहले बताया था कि मामले में छत्तीसगढ़ के कई बड़े राजनेता और नौकरशाह शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि रायपुर स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय ने पीएमएलए के तहत एक अंतरिम आदेश जारी कर दुबई में बुर्ज खलीफा में कुछ संपत्तियों सहित कई विला और महंगे घरों को कुर्क करने का आदेश दिया है।

# अब शर्तों की जंग... अमेरिका के 15 सूत्री प्रस्ताव के जवाब में ईरान ने रखीं अपनी शर्तें

## ईरान ने ट्रंप का मखौल उड़ाया, अपने प्रस्ताव में क्षतिपूर्ति-होर्मुज पर संप्रभुता की मांग की

**वाशिंगटन/तेहरान, एजेंसी**

अमेरिका ने महत्वपूर्ण राजनयिक पहल के तहत पाकिस्तानी मध्यस्थों के जरिए पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए ईरान को 15 सूत्री प्रस्ताव दिया है। हालांकि, ईरान ने अमेरिका के साथ बातचीत होने के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। साथ ही, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कड़े शब्दों में मजाक उड़ाते हुए कहा है कि वार्ता तभी संभव है जब वह ईरान की शर्तों के अनुरूप होगी। ईरान ने इसके साथ संघर्षविराम का अपना प्रस्ताव भी जारी किया, जिसमें युद्ध क्षतिपूर्ति और होर्मुज जलडमरूमध्य पर संप्रभुता की मांग की है।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि अमेरिका की ओर से 15 सूत्री प्रस्ताव पाकिस्तान के मध्यस्थों के माध्यम से भेजा गया था। रॉयटर्स ने भी इस योजना की पुष्टि की है। ईरान की ओर से बातचीत होने के दावे को पूरी तरह खारिज किए जाने के बावजूद ट्रंप ने कहा है तेहरान समझौते पर पहुंचने के लिए उत्सुक है। दोनों पक्ष 15 बिंदुओं पर सहमत हुए हैं जिनमें ईरान की ओर से परमाणु हथियार हासिल न करने का वादा भी शामिल है। ट्रंप ने कहा, अगर समझौता हो जाता है तो होर्मुज जलडमरूमध्य जल्द फिर से खुल सकता है और ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को अमेरिका अपने कब्जे में ले सकता है।

ट्रंप के दावों का मजाक उड़ाते हुए ईरान के संयुक्त सैन्य कमान के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फगारी ने कहा, क्या आपके आंतरिक संघर्ष का स्तर उस चरण तक पहुंच गया है जहां आप खुद से ही बातचीत कर रहे हैं। हमारे जैसे लोग आप जैसे लोगों के साथ कभी नहीं रह सकते और हमारे जैसा कोई भी आपके साथ सौदा नहीं करेगा। अभी नहीं। कभी नहीं। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसे अब अमेरिकी कूटनीति पर भरोसा नहीं है।



ईरान के ड्रोन हमले के बाद कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन टैंक में भीषण आग लग गई।

### ट्रंप को जवाब... हार को समझौते का नाम मत दीजिए

ईरानी सैन्य प्रवक्ता जुल्फाघारी ने ट्रंप की शर्तों के जवाब में कहा, जिस रणनीतिक ताकत की बात आप किया करते थे, वह अब रणनीतिक विफलता में बदल गई है। जो देश खुद को वैश्विक महाशक्ति कहता है, अगर संभव होता तो वह इस संकट से अब तक निकल चुका होता। अपनी हार को समझौते का नाम मत दीजिए। खोखले वादों का आपका दौर अब समाप्त हो चुका है।

### ईरान ने बरसाए ड्रोन और मिसाइलें कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आग

- **इजराइल ने ईरान के सरकारी बुनियादी ढांचों को बनाया निशाना**

**दुबई।** युद्ध विराम के दावों को दावों को खारिज करने के साथ ईरान ने बुधवार को इजराइल और खाड़ी अरब देशों पर हमले जारी रखे। ईरान ने कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी निशाना बनाया, जिससे वहां भीषण आग लग गई। ईरान ने दूसरे पड़ोसी खाड़ी देशों पर भी दबाव बनाए रखा। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने ईरान की ओर से अपने तेल-समृद्ध पूर्वी प्रांत में दागे गए आठ ड्रोन नष्ट कर दिए हैं। बहरीन में मिसाइल हमले के अलर्ट संबंधी सायरन सुनाई दिए। कुवैत ने कहा, उसने ईरान के कई ड्रोन मार गिराए, लेकिन उनमें से एक कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ईंधन टैंक से टकरा गया, जिससे भीषण आग लग गई। इस बीच इजराइली सेना ने घोषणा की कि उसने बुधवार तड़के ईरान में सरकारी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए व्यापक पैमाने पर फिर से हमले शुरू कर दिए हैं।

### अमेरिका ने युद्ध क्षेत्र में तैनाती बढ़ाई

इस बीच, अमेरिका की सेना 82वीं 'एयरबोर्न डिवीजन' से 1,000 और सैनिकों को तैनात करने की तैयारी कर रही है ताकि क्षेत्र में पहले से मौजूद करीब 50,000 सैनिकों को और बल मिल सके। पेंटागन दो मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट की भी तैनाती कर रहा है जिसके तहत क्षेत्र में करीब 5,000 मरीन एवं नौसेना के हजारों अन्य कर्मी और तैनात किए जाएंगे।

# हम पाकिस्तान की तरह दलाल राष्ट्र नहीं: सरकार

- **सर्वदलीय बैठक में बोले जयशंकर कहा- पाकिस्तान का अमेरिका 1981 से कर रहा इस्तेमाल**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत में पश्चिम एशिया में युद्ध जल्द खत्म होने पर जोर दिया है क्योंकि इससे सभी को नुकसान हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष में मध्यस्थता के संदर्भ में पाकिस्तान को 'दलाल' राष्ट्र करार दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बैठक में कहा कि पाकिस्तान के मध्यस्थता प्रयासों में कुछ भी नया नहीं है क्योंकि उस देश को 1981 से अमेरिका इस्तेमाल कर रहा है।

बताया गया कि जयशंकर ने पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा के लिए संसद परिसर में बुलाई गई बैठक में मौजूद नेताओं से कहा, हम दलाल राष्ट्र नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने विपक्ष के इस आरोप का खंडन किया कि भारत सरकार इस मामले पर चुप है और कहा कि हम टिप्पणी कर रहे हैं और जवाब दे रहे हैं। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने पर जल्द शोक व्यक्त न करके नैतिक कमजोरी दिखाई है। सरकार का पक्ष था कि जब ईरान दूतावास खोला गया तो विदेश सचिव ने तुरंत वहां दौरा किया और शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए।



बैठक से निकलते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### पाकिस्तान मध्यस्थ हम मूकदर्शक: विपक्ष

बैठक के बाद विपक्ष ने यह मांग फिर दोहराई कि लोकसभा में नियम 193 और राज्यसभा में नियम 176 के तहत पश्चिम एशिया संकट को लेकर चर्चा होनी चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर ने कहा, बहुत सारे मुद्दे थे, जिन पर सरकार का जवाब संतोषजनक नहीं था। कहा, पाकिस्तान जो हमसे हर तरह से कमजोर है, वो मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है और हम मूकदर्शक बने हुए हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर पर्याप्त जानकारी दी गई।

# निलंबित किए गए जल निगम के 12 इंजीनियर

- **जल जीवन मिशन में लापरवाही पर 26 इंजीनियरों-कर्मचारियों पर गाज**
- **चार के खिलाफ विभागीय जांच, तीन को नोटिस और सात के तबादले**

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही को लेकर 26 इंजीनियरों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सरकार ने 12 इंजीनियरों को निलंबित कर दिया है, जबकि चार के खिलाफ विभागीय जांच, तीन को कारण बताओ नोटिस और सात इंजीनियरों के तबादले कर दिए हैं।

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव के निर्देश पर यह कार्रवाई हुई। विभाग के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक नल से जल पहुंचाने के कार्य में देरी, लापरवाही और शिकायतों के आधार पर यह कदम उठाया गया है। हाल के समय में यह जल निगम कर्मियों के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने कहा है कि यदि संबंधित अधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं करते हैं तो बर्खास्तगी तक की जाएगी। सरकार ने दोहराया है कि जल जीवन मिशन को मिशन मोड में आगे बढ़ाया जा रहा है और इसमें पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

### इन इंजीनियरों को किया गया निलंबित

लखीमपुर खीरी के अधिशासी अभियंता अविनाश गुप्ता, जौनपुर के अधिशासी अभियंता सौमित्र श्रीवास्तव, गाजीपुर के अधिशासी अभियंता मो. कासिम हाशमी, चंदौली के कार्यवाहक अधिशासी अभियंता अमित राजपूत, चंदौली के सहायक अभियंता सीताराम यादव, बिजनौर के सहायक अभियंता अकबर हसन, औरैया के जेई अनुराग गोयल, हाथरस के जेई कुलदीप कुमार सिंह, आजमगढ़ के जेई राजेन्द्र कुमार यादव, बरेली के जेई रूप चन्द्र, बाराबंकी के जेई अवनीश प्रताप सिंह और कुशीनगर के कार्यवाहक खंडीय लेखाकार धर्मप्रकाश महेश्वरी।

**इन पर बैठी विभागीय जांच :** औरैया के अधिशासी अभियंता अमन यादव. मैनपुरी के अधिशासी अभियंता अंकित यादव, प्रयागराज के अधिशासी अभियंता प्रवीण कुट्टी और शामली के कार्यवाहक अधिशासी अभियंता फूल सिंह यादव।

**इन्हें कारण बताओ नोटिस :** गाजियाबाद के अधिशासी अभियंता भारत भूषण, आगरा के अधिशासी अभियंता अमित कुमार, मिर्जापुर के अधिशासी अभियंता राजेश कुमार गुप्ता।

## योगी सरकार का बड़ा फैसला रामनवमी पर दो दिन अवकाश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकार ने रामनवमी पर दो दिन अवकाश की घोषणा की है। पहले 26 मार्च को अवकाश की घोषणा की गई थी, अब 27 मार्च को भी अवकाश रहेगा।

मुख्यमंत्री ने यह निर्णय मंदिरों में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों, खासकर अयोध्या सहित विभिन्न मंदिरों में रामनवमी के दौरान हर वर्ष भारी भीड़ उमड़ती है। इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए यह फैसला लिया गया है, ताकि व्यवस्थाओं को बेहतर तरीके से संभाला जा सके। सरकार के अनुसार अतिरिक्त अवकाश से यातायात, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को सुचारु रूप से संचालित करने में भी सहायता मिलेगी।

### शिलान्यास



गोरखपुर स्थित मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के सीएसआर फंड से 144 छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण होगा। नवरात्र के शुभ दिनों के बीच बुधवार को मुख्यमंत्री योगी ने इसके लिए के लिए भूमि पूजन किया। इसके बाद यहां शिलान्यास भी किया गया।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को राहत, गिरफ्तारी पर लगी रोक



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यौन शोषण मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी को अग्रिम जमानत दे दी है। अदालत ने यह फैसला सुनाते हुए दोनों पक्षों को मीडिया के समक्ष कोई बयान नहीं देने का भी निर्देश दिया।

इससे पहले, अदालत ने 27 फरवरी को अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर अगले आदेश तक रोक लगाते हुए कहा था कि नाबालिगों के कथित यौन उत्पीड़न मामले और झूंसी थाने में दर्ज मामले में अविमुक्तेश्वरानंद को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। अग्रिम जमानत देते हुए अदालत ने याचिकाकर्ताओं पर कई शर्तें लगाईं जैसे कि वे साक्ष्य से छेड़छाड़ नहीं करेंगे और सुनवाई की तिथि पर संबंधित अदालत के समक्ष पेश होंगे।

## अकबर रोड और रायसीना रोड कार्यालय खाली करे कांग्रेस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने कांग्रेस को अकबर रोड और रायसीना रोड स्थित कार्यालयों को 28 मार्च तक खाली करने का नोटिस जारी किया है।

कांग्रेस का मुख्यालय 1978 से 24 अकबर रोड पर था, लेकिन अब यह 9ए कोटला मार्ग स्थानांरित हो चुका है। पार्टी अकबर रोड स्थित अपने पुराने मुख्यालय का इस्तेमाल कार्यालय के रूप में कर रही है। कांग्रेस संगठन भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई का मुख्यालय 5 रायसीना रोड पर है। बताया गया कि नोटिस में पार्टी को एक सप्ताह का भी समय नहीं दिया गया।

**कैबिनेट फैसले** — केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूर की 10 वर्ष अवधि के लिए 28,840 करोड़ रुपये की योजना

# उड़ान : देश में बनेंगे 100 नए एयरपोर्ट और 200 हैलीपैड

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संशोधित 'उड़े देश का आम नागरिक' (उड़ान) योजना को 2035-36 तक 10 वर्ष की अवधि के लिए 28,840 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ बुधवार को मंजूरी दे दी। योजना के तहत देश में 100 नए हवाई अड्डे और 200 हैलीपैड बनाए जाएंगे।

संशोधित क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना के लिए सरकार की ओर से बजटीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत मौजूदा अनुपयोगी हवाई पट्टियों (एयरस्ट्रिप) से 100 हवाई अड्डों का विकास किया जाएगा। अगले आठ वर्ष में इन हवाई अड्डों के विकास पर कुल 12,159 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। योजना के तहत 200 आधुनिक हेलीपैड विकसित करने का भी लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए अगले आठ वर्ष में कुल 3,661 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी।

इसके अलावा, इस योजना के तहत एयरलाइन कंपनियों को 10 वर्ष की अवधि में परियोजना को व्यावहारिक बनाने के लिए (वीजीएफ) 10,043 करोड़ रुपये का वित्तपोषण प्रदान किया जाएगा। 'उड़ान' योजना को अक्टूबर, 2016 में शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय हवाई संपर्क बढ़ाना और हवाई यात्रा को अधिक किफायती बनाना है।



### 5 वर्ष के लिए बढ़ी आव्रजन, वीजा, विदेशी पंजीकरण एवं पहचान योजना

**नई दिल्ली।** सरकार ने आव्रजन, वीजा, विदेशी पंजीकरण एवं पहचान (आईवीएफआरटी) योजना को 1800 करोड़ रुपये की लागत से अगले पांच वर्ष 2031 तक जारी रखने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह मंजूरी आगामी एक अप्रैल से 31 मार्च 2031 तक के लिए दी गई है और इसके लिए 1800 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। आईवीएफआरटी प्लेटफॉर्म देश में आव्रजन, वीजा जारी करने और विदेशियों के पंजीकरण से संबंधित कार्यों को आपस में जोड़ने का काम करता है। इसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षित और एकीकृत सेवा वितरण ढांचे के भीतर आव्रजन और वीजा सेवाओं का आधुनिकीकरण और उन्नयन करना है।

# प्रदेश सरकार ने नौ वर्ष में की सुशासन की स्थापना : विधायक

संवाददाता, प्रतापगढ़

● सदर विधायक राजेंद्र मौर्या ने प्रेस वार्ता को किया संबोधित

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के सफल नौ वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को शहर के बाबागंज स्थित तुलसी सदन में सदर विधायक राजेंद्र मौर्या, डीएम शिवसहाय अवस्थी ने पत्रकारों को संबोधित किया।

सदर विधायक ने बताया कि प्रदेश सरकार ने नौ वर्ष के कार्यालय में सुशासन की तस्वीर स्थापित की है। सुरक्षा के माहौल में जनपद से लेकर प्रदेश के बाहर तक रोजागार का अवसर बढ़ा है। जनपद में उत्पादन इकाई लगाने की मांग कई कंपनियों ने की है। एटीएल को विकसित कर औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित करने का काम चल रहा है। लोगों को प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, विवाह योजना, मुफ्त अनाज योजना का लाभ मिल



प्रेसवार्ता को संबोधित करते सदर विधायक राजेंद्र मौर्य व अन्य। अमृत विचार

रहा है। सरकार की ओर से पूरे जनपद में 70 सड़कों की तेजी से मरम्मत शुरू कराई गई है। जनपद में वाराणसी राजमार्ग पर सबसे बड़ा बाईपास निर्माण जल्द शुरू होने जा रहा है। आंबेडकर चौराहे से बराछा की ओर जल्द ही सई नदी के घाट पर यात्री पुल का निर्माण शुरू होने जा रहा है। डीएम ने शिवसहाय अवस्थी ने बताया कि एटीएल औघोगिक क्षेत्र के रूप में जल्द विकसित होगा। उत्पादन के लिए 30 यूनिट की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है।

पत्रकार वार्ता में शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह,भाजपा के जिला महामंत्री राजेश सिंह,प्रवक्ता राघवेंद्रनाथ शुक्ल,सदर विधायक प्रतिनिधि अरुण मौर्य,मुदित सिंह आदि मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधान की हत्या में आरोपी महिला का भाई भी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार:** पूर्व प्रधान को मायके बुलाकर उसकी हत्या करने की मुख्य आरोपी महिला के बाद पुलिस ने बुधवार को उसके भाई जेठवारा के लेहरा बगियापुर निवासी अतुल कुमार को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हत्या में शामिल भाई का दोस्त पुलिस की पकड़ से बाहर है। मानधाता थाना क्षेत्र के मिश्रपुर मुस्तर्का गांव निवासी 50 वर्षीय पूर्व प्रधान गुलहसन उर्फ मुन्ना 18 मार्च को घर से निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। खोजबीन के दौरान पता चला कि गांव की ही एक महिला अवैध संबंध के चलते उसे अपने मायके बुलाया था। वहां अपने भाई और उसके दोस्त के सहयोग से पूर्व प्रधान की हत्या कर शव नहर में फेंक दिया था।

## धर्म की स्थापना के लिए हुआ था भगवान श्रीराम का अवतार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** शहर के लेखपाल कॉलोनी स्थित कैरियर एकेडमी स्कूल में चल रही संगीतमय श्री राम कथा के सातवें दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कथाव्यास मुक्तामणि शास्त्री जी महराज के मुखारबिंद से प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। बताया कि भगवान श्रीराम का अवतार धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए हुआ था। बाल्यकाल से ही भगवान श्रीराम अपने दिव्य गुणों, मर्यादा और विनम्रता के कारण सभी के प्रिय बन गए थे। व्यक्तित्व में करुणा, साहस वो धर्म के प्रति अटूट निष्ठा उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम बनाती है। भगवान के चरित्र के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों को त्यागने का संदेश दिया। इस अवसर पर ओम प्रकाश पांडेय,उदय शंकर पांडेय, शिवाकांत पांडेय, बृजेंद्र सिंह, रामचंद्र शुक्ल, विनोद तिवारी,संतोष यादव,आयुष, यशी,सान्वी आदि मौजूद रहे।



कथा कहते व्यास मुक्तामणि शास्त्री जी।

## समकालीन साहित्य ने संपूर्ण राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोया : डॉ. केसी वर्मा

**रानीगंज (प्रतापगढ़), अमृत विचार :** स्वामी करपात्री जी राजकीय पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग एवं हिंदुस्तानी एकेडमी प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान हिंदुस्तानी साहित्य में राष्ट्रीय चेतना "सांस्कृतिक एकता और आधुनिक भारत" विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. के.सी.वर्मा ने कहा कि समकालीन साहित्य ने संपूर्ण राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने औपनिवेशिक काल पर बात रखी। डॉ. अंशुमान कुशवाहा ने हिंदी साहित्य की निरंतरता पर बल दिया। डॉ. उदय भान यादव ने कहा कि साहित्य में राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने की क्षमता व्याप्त है। डॉ. राकेश अग्रहरि ने कहा कि लोक गीत और लोक कथाएं राष्ट्रीय प्रेरणा के दस्तावेज हैं। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. संजय कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्राचार्य डॉ. एस.एन. यादव ने भी संबोधित किया। वहीं पीजी कॉलेज पट्टी के प्राचार्य प्रो. अखिलेश पांडेय ने कहा कि कविता, कहानी और नाटकों के माध्यम से साहित्य समाज की रग रग में व्याप्त है।



संगोष्ठी को संबोधित करते प्रो. अखिलेश पांडेय।

## तमिलनाडु चुनाव में इलेक्शन कोऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्य बने दानिश

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** राज्यसभा सदस्य एवं ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने तमिलनाडु के आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य की इलेक्शन कोऑर्डिनेशन कमेटी में जनपद निवासी एवं सदस्य पीसीसी दानिश माबूद को सदस्य बनाया है। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर बैठक कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। दानिश माबूद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस दौरान शाहिद अली, सुहैल अंसारी, धर्मेंद्र कुमार, शाद सिद्दीकी, सुल्तान रियाज़, सुरेश सरोज, अली हुसैन, मो वसीम, अशरफ अली, मो. इदरीस, जावेद खान, फरीद आलम, अबू शहमा आदि रहे।



दानिश माबूद को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करता कार्यकर्ता।






न्यूज ब्रीफ

## कन्या भोज और भंडारे का हुआ आयोजन

**हैदरगढ़, बाराबंकी:** क्षेत्र के गोतौना गांव स्थित कालिनथान माता कालरात्रि कालीमाता मंदिर पर बुधवार को हवन-पूजन के उपरांत रणवीर प्रताप सिंह 'मुन्ना' द्वारा विशाल कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोतौना, भेतमुआ, बिबियापुर, गुलालपुर समेत आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। आयोजक रणवीर प्रताप सिंह 'मुन्ना भैया' ने बताया कि वर्ष 1982 से लगातार चैत्र नवरात्रि की सप्तमी तिथि पर कन्या भोज का आयोजन किया जा रहा है, जो क्षेत्र में आस्था और परंपरा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। भंडारे में स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग उमड़े थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती हुई लापता

**टिकैतनगर, बाराबंकी:** थाना क्षेत्र से एक 19 वर्षीय युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 19 वर्षीय युवती 24 मार्च को टिकैतनगर के एक स्कूल में बैठक में शामिल होने गई थी। बैठक दोपहर करीब 3 बजे समाप्त हो गई, लेकिन शाम 6 बजे तक वह घर नहीं लौटी। परिजनों ने बताया कि युवती का मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। काफी खोजबीन के बावजूद युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद परिजनों ने तहरीर में आशंका जताई है कि उनकी भतीजी को किसी ने बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी है।

# छापेमारी से भड़के व्यापारियों ने किया विरोध-प्रदर्शन, नारेबाजी

### खाद्य और औषधि विभाग की टीम ने शहर की गल्ला मंडी में मारा छापा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** खाद्य और औषधि विभाग की ओर से बुधवार को शहर की गल्ला मंडी में की गई छापेमारी से व्यापारी भड़क गए और देर शाम एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। काफी देर तक एकत्र व्यापारी नारेबाजी करते रहे फिर प्रदर्शन समाप्त कर दिया। गुरुवार को डीएम से मिलकर शिकायत की जाएगी। बताते चलें कि बुधवार को खाद्य सुरक्षा के अलावा औषधि निरीक्षक की टीम ने पुलिस बल के साथ ही नाका से धनोखर चौराहा स्थित गल्ला मंडी में छापेमारी की और कई दुकानों से नमूने एकत्र किए। टीम अपनी कार्रवाई करके चली गई लेकिन व्यापारियों में टीम की इस कार्रवाई को लेकर रोष फैल गया। देर शाम दर्जनों की संख्या में व्यापारी गल्ला मंडी के पास एकत्र हुए और छापेमारी का विरोध करते हुए नारेबाजी शुरु कर दी। करीब आधे घंटे तक एकत्र व्यापारी अपना गुस्सा जाहिर करते रहे, इसके बाद तय हुआ कि गुरुवार को जिलाधिकारी से मिलकर पूरे मामले की शिकायत की जाएगी। व्यापारी नेता राजीव गुप्त बब्बी ने बताया कि त्योहार के समय व्यापारी कारोबार करता है तो छापेमारी कर उन्हे डराया जा रहा। टीम का तरीका भी गलत रहा, किसी व्यापारी संगठन के पदाधिकारी को टीम के साथ नहीं लिया गया। व्यापारी इसी बात को लेकर आक्रोशित हो गए थे। कल डीएम से मामले की शिकायत की जाएगी।

**विभाग ने लिये पांच नमूने:** सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय शैलेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में विभाग द्वारा नवरात्रि पर्व को लेकर सघन छापामार अभियान चलाया गया।

इस दौरान गल्ला मंडी नवाबगंज के विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 5 नमूने साबूदाना, कुट्टू आटा, छुआरा और किशमिश लिए गए। साथ ही 15 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की एक्सपायरी डेट और निर्माता संबंधी विवरण की जांच कर आम जनता को जागरूक किया गया। निरीक्षण में पाई गई कमियों के लिए संबंधित व्यापारियों को सुधार नोटिस जारी किए गए। कार्रवाई में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पांडेय और खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार, भगौती प्रसाद, पल्लवी तिवारी, अर्शी फारूकी, सलिल सिंह व डॉ. अंकिता यादव शामिल रहे।



छापेमारी से नाराज होकर प्रदर्शन करते व्यापारी। अमृत विचार



जांच-पड़ताल करती खाद्य सुरक्षा अधिकारी। अमृत विचार

# 2.72 करोड़ रुपये की वसूली के आदेश

### डीएम बोले, स्टाम्प शुल्क की चोरी के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति

कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने टोल अनुबंधों से जुड़े दो मामलों में सख्त कार्रवाई करते हुए 2.72 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली के आदेश दिए हैं।

पहले मामले में शिवचन्द्र त्रिपाठी द्वारा जनवरी 2025 से जनवरी 2026 तक शहाबपुर टोल प्लाजा के संचालन के अनुबंध में भारी स्टाम्प शुल्क की कमी पाई गई। जांच में सामने आया कि करीब 29.43 करोड़ रुपये के अनुबंध पर मात्र 200 रुपये का ई-स्टाम्प लगाया गया, जबकि नियमानुसार 1.17 करोड़ रुपये से अधिक शुल्क देय था। इस पर 1,17,73,920 रुपये की कमी और 11,77,000 रुपये जुर्माना लगाते हुए कुल 1,29,50,920 रुपये की वसूली के आदेश दिए गए।

दूसरे मामले में ग्राम बारा, तहसील हैदरगढ़ स्थित टोल के संचालन से जुड़े फरवरी 2025 से फरवरी 2026 तक के अनुबंध में स्काईलार्क ई.ईजी. प्रा. लि. द्वारा भी करीब 64.68 करोड़ रुपये के अनुबंध पर केवल 200 रुपये का स्टाम्प शुल्क जमा किया गया, जबकि 1.29 करोड़ रुपये से अधिक शुल्क देय था। इस पर 1,29,37,360 रुपये की कमी और 12,93,000 रुपये जुर्माना लगाते हुए कुल 1,42,30,360 रुपये की वसूली तय की गई। जांच में स्पष्ट हुआ कि दोनों ही अनुबंध 'लीज (पट्टा)' की श्रेणी में आते हैं, जिन पर निर्धारित दर से स्टाम्प शुल्क देना अनिवार्य है। डीएम शशांक त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पक्षों को सुनवाई का अवसर दिया गया, लेकिन उनके तर्क संतोषजनक नहीं पाए गए। सुनवाई के बाद पूरी धनराशि ब्याज सहित निर्धारित समय में राजकोष में जमा कराने के निर्देश दिये गए हैं। उन्होंने बताया कि स्टाम्प शुल्क की चोरी गंभीर अनियमितता है और ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। साथ ही संबंधित विभागों को सतत निगरानी और त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

## बीएसए कार्यालय में शिक्षक की तबीयत बिगड़ी, रेफर

**बाराबंकी, अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय शिकायत लेकर पहुंचे एक स्कूल के प्रधानाध्यापक की तबीयत अचानक बिगड़ गई। आनन फानन में उन्हे जिला अस्पताल भिजवाया गया पर बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। बता दें कि विकास खंड सिरौलीगौसपुर में बदोसरांय प्रथम में बतौर प्रधानाध्यापक तैनात धर्मराज बुधवार को पत्नी के साथ बीएसए कार्यालय पहुंचे थे। यहां बीएसए से मुलाकात के बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। जानकारी होते ही बीएसए ने बेंच पर लेटे धर्मराज को तत्काल वाहन से जिला अस्पताल भिजवाया। यहां पर डाक्टरों ने उन्हे लखन्ऊ रेफर कर दिया। फिलहाल उनका इलाज लारी हास्पिटल में किया जा रहा है। परिजनों के अनुसार उन्हे हार्ट अटैक पड़ा है। बताया जा रहा कि पीड़ित धर्मराज बीएसए कार्यालय स्कूल में विद्यालय से संबंधित अपनी शिकायत लेकर पहुंचे थे।

## प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया दुर्लभ पक्षी

**देवा, बाराबंकी:** उदवतपुर सेक्शन के पवैयाबाद गांव में करीब एक सप्ताह पूर्व घायल अवस्था में मिले एक दुर्लभ पक्षी का वन विभाग की देवा रेंज टीम ने सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर उपचार किया। लगभग आठ दिनों तक देखभाल और उपचार के बाद पूरी तरह स्वस्थ होने पर बुधवार को उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। वन क्षेत्राधिकारी देवा मयंक सिंह ने बताया कि यह पक्षी कलगीदार सर्प चील है। यह प्रजाति मुख्य रूप से पेड़ों पर रहने वाले सांपों का शिकार करती है।



कलगीदार सर्प चील। अमृत विचार

## शोहदे की प्रताड़ना से किशोरी तनाव में

**बाराबंकी, अमृत विचार:** सतरिख थाना क्षेत्र में भगाई गई किशोरी के मिलने के बाद आरोपी पक्ष से सुलह हो गई। इसके बावजूद शोहदा किशोरी को परेशान कर रहा है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में एक गांव के रहने वाले पीड़ित ने तहरीर में बताया कि उनके गांव का ही विशाल यादव उनकी 16 वर्षीय पुत्री को 2 मार्च को अपने साथ भगा ले गया था। हालांकि उसी दिन परिवार वाले किशोरी को वापस घर ले आए और मान-मर्यादा देखते हुए आपसी सुलह कर ली थी। पिता का आरोप है कि घटना के बाद भी आरोपी अपनी बहन के घर में रहकर अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कर उनकी बेटी से बात करता उसे उकसाता तथा मानसिक रूप से परेशान करता रहता है। इससे उनकी पुत्री काफी तनाव में है।

## घरेलू विवाद में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**रामनगर, बाराबंकी:** बुधवार को एक युवक का शव घर में छत से दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका मिला। घटना की वजह परिवार में चल रहा जमीन विवाद बताया जा रहा है। थाना क्षेत्र के बिछलखा गांव निवासी मुकेश (37) लखनऊ में नौकरी करता था। वह दो दिन पूर्व ही घर वापस आया था। इस दौरान परिवार में जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद उठ खड़ा हुआ। मंगलवार रात सभी सदस्य खाना खाकर सो गए। बुधवार सुबह मुकेश की मां पशुओं को चारा देकर घर वापस लौटी तो मुकेश का शव कमरे में छत से लगे कुंडे में दुपट्टे के सहारे लटका हुआ देखा।

## ससुरालियों ने विवाहिता को बेरहमी से पीटा

**सफदरगंज, बाराबंकी:** थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की बेरहमी से पिटाई की गई। पीड़िता की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। ग्राम बिरौली के रहने वाले अमन चौहान की पत्नी संगीता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी को अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ है। आरोप है कि पति अमन चौहान अक्सर शराब के नशे में घर आकर मोटरसाइकिल की मांग करता है। पीड़िता के अनुसार, आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण यह मांग पूरी नहीं हो पा रही है। तहरीर के मुताबिक, 23 मार्च की रात आरोपी पति शराब पीकर घर आया और मोटरसाइकिल की जिद करने लगा। विरोध करने पर पति अमन चौहान, ससुर छोटेलाल, जेठ गुड्डू, ननद लक्ष्मी, जेठानी सरिता, सास कुसुम और देवर देवानन्द ने मिलकर पीड़िता को घर में बंद कर दिया और लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। इस हमले में पीड़िता के सिर में गंभीर चोटें आईं।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर जान से मारने की दी धमकी

**बाराबंकी, अमृत विचार:** महिलाओं से सरेआम छेड़छाड़, अभद्रता का विरोध करने पर इनके साथ मारपीट कर धमकी दी गई। पीड़िताओं की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पहला मामला घुंघटेर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गांव के दीपक यादव और सोनू यादव पर आरोप है कि वे लंबे समय से एक महिला को फोन पर अश्लील बातें कर परेशान कर रहे थे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि बीते दिनों दोनों आरोपी अपने साथियों के साथ पीड़ित के घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए हमला करने का प्रयास किया। किसी तरह परिवार ने घर में छिपकर अपनी जान बचाई। दूसरा मामला जहांगीराबाद थाना क्षेत्र का है, जहां अनिल कुमार पर एक महिला ने रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी कई बार उसे परेशान कर चुका है। हाल ही में सुबह के समय आरोपी ने महिला का हाथ पकड़कर जबरन छेड़छाड़ करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज और मारपीट की।

## मानसिक बीमार की जमीन हड़पने की कोशिश

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी:** मानसिक रूप से बीमार एक युवक की जमीन हड़पने का प्रयास करने के साथ ही फर्जी खाता खोलकर रुपये डाले व निकाले गए। क्षेत्र के ग्राम मोधू का पुरवा मजरे मकनपुर निवासी शिवम वर्मा ने तहरीर में बताया कि वह ग्राम मकनपुर स्थित भूमि का मालिक है। आरोप है कि गांव के ही हिमांशू, अंशू, जतिन, करन उर्फ पिंटू तथा अभिषेक उर्फ लाला समेत अन्य लोगों ने पहले जमीन खरीदने के नाम पर संपर्क किया और बिना सहमति उसके बैंक खाते में 8 लाख रुपये भेज दिए। बाद में परिवार के विरोध पर रुपये वापस कर दिए गए। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने उसके आधार व पैन कार्ड का दुरुपयोग करते हुए गैर जनपद में फर्जी बैंक खाता खुलवाया और उसमें करीब 82 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद 13 जनवरी से 21 फरवरी के बीच कुल 88.70 लाख रुपये एटीएम, आरटीजीएस और यूपीआई के माध्यम से निकाल लिए गए।

## ट्रेन की चपेट में आए वृद्ध की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार:** बाराबंकी लखनऊ रेल लाइन पर पटरी पार करते समय वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आए वृद्ध की मौत हो गई। मृतक अध्योध्या का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार अयोध्या में थाना मवई ग्राम तालगांव के रहने वाले ओम प्रकाश वर्मा बुधवार को जुग्गौर रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां पर स्टेशन के दोनों ओर इनके पुत्रों के घर बने हुए हैं। एक घर से दूसरे घर जाने के लिए बुजुर्ग रेलवे लाइन पार कर रहा था। इसी बीच आई वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आए वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना पाकर परिजन भी पहुंच गए।



वाटर कूलर का शुभारंभ करते चेयरमैन। अमृत विचार

## चेयरमैन ने किया वाटर कूलर का शुभारंभ

**रामनगर, बाराबंकी:** गर्मी को देखते हुए विद्यार्थियों की सुविधा के लिए केनरा बैंक द्वारा प्रावि किला परिसर में वाटर कूलर स्थापित कराया गया। इस जनोपयोगी सुविधा का शुभारंभ चेयरमैन रामशरण पाठक ने फीता काटकर किया। रामशरण पाठक ने कहा कि गर्मी के मौसम में बच्चों को स्वच्छ व ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना बेहद आवश्यक है। केनरा बैंक की यह पहल न केवल विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की रक्षा करेगी, बल्कि उन्हें बेहतर शैक्षिक वातावरण भी प्रदान करेगी। शाखा प्रबंधक सुनीता यादव ने कहा कि बैंक समय-समय पर समाजहित में कार्य करता रहा है और विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उसकी प्राथमिकता है। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुभाष मौर्य ने आभार जताते हुए कहा कि वाटर कूलर लगने से सैकड़ों बच्चों को गर्मी में राहत मिलेगी। इस मौके पर अशोक कुमार खरवार, रामकरन, दयाशंकर तिवारी, रागिनी सिंह, इंदू यादव, कमल कुमार, मो. जुबैर आदि रहे।

## बच्चों के स्वास्थ्य प्रबंधन की दी जानकारी

**हैदरगढ़, बाराबंकी:** बच्चों में होने वाली सामान्य शारीरिक अक्षमता 'सेरेब्रल पाल्सी' के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए बुधवार को ग्रामोदय विकास संस्थान, फतेहगंज में अभिभावक जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष देवी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित बच्चों और उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य प्रबंधन और उनकी विशेष जरूरतों को समझने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मुख्य आकर्षण दोपहर 3 से 4 बजे तक चला वर्चुअल प्रशिक्षण सत्र रहा, जिसमें राष्ट्रीय न्यास के डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़कर अभिभावकों ने आधुनिक तकनीकों और देखभाल के तरीकों की जानकारी प्राप्त की। आयोजन को सफल बनाने में फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. विजय कुमार, विशेष शिक्षक मो. नसीर, सचिव कुंवर बहादुर, काउंसलर एड. अजय यादव और केयर टेकर आलोक कुमार का विशेष योगदान रहा।



शिविर में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

## मतदाता जागरुकता अभियान चलाया

**रामनगर, बाराबंकी:** सुरवारी गांव के उप्रावि में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन ध्वजारोहण व प्रार्थना के बाद स्वयंसेवियों ने मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओम कुमार वर्मा व सहायक राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में लालूपुर गांव में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। दूसरी इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आलोक कुमार राय व सहायक अरविंद कुमार यादव ने भी रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. ओ.पी. सिंह ने युवा जागृति व चेतना पर व्याख्यान दिया। वहीं कवि डॉ. अम्बरीष 'अम्बर', प्रदीप महाजन व डॉ. कुमार पुष्पेंद्र ने देशभक्ति व प्रेरणादायक कविताओं से स्वयंसेवियों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) प्रवीण कुमार, प्रो. (डॉ.) सुनीत कुमार सिंह, प्रो. के.के. सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार वर्मा, डॉ. अखिलेश पटेल, डॉ. विश्वेश कुमार मिश्र, डॉ. शैलजा दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## जमीन पर गिरे श्रमिक ने तोड़ा दम

**हैदरगढ़, बाराबंकी:** कोतवाली क्षेत्र में बुधवार शाम निर्माणाधीन घर की दीवार बना रहे राजमिस्त्री की जमीन पर गिरकर मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ही तारागंज गांव निवासी रामदेव गौतम 55 वर्ष गौरा मोड़ पर लोहंगपुर गांव के ओंकार नाथ का मकान बना रहा था। शाम को दूसरी मंजिल पर दीवार बनाते समय पाड़ का एक पटरा टूट गया जिससे उस पर खड़े मिस्त्री रामदेव सीधे जमीन पर औंधे मुंह आ गिरा। घटना के बाद काम में लगे मजदूर भाग खड़े हुए, वहीं मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल अभिमन्यु मल्ल घायल राजगीर को सीएचसी लेकर आए जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

## युवक पर हथौड़े से हमला किया अपहरण का प्रयास

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी:** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमला करने के बाद उसका अपहरण करने का प्रयास किया गया। युवक ने किसी तरह वाहन से कूदकर खुद को बचाया। मामले में चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। भिटरिया चौराहा के निकट की रहने वाली गीता पाठक ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि 24 मार्च की दोपहर करीब 2:30 बजे उनके पुत्र देवेश पाठक को गांव के पास गोकुला पुल पर बुलाकर हमला किया गया। तहरीर के अनुसार, आरोपी शिव भूषण वर्मा उर्फ पिंटू वर्मा निवासी इटहुवा मजरे सनौली, अपने दो अज्ञात साथियों और रजत सिंह निवासी धुनौली ठाकुरान के साथ मिलकर देवेश को गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। आरोप है कि हमलावरों ने लात-घूंसों से पीटने के साथ-साथ हथौड़े से उसके सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपियों ने घायल युवक को जबरन गाड़ी में बैठाकर कहीं ले जाने का प्रयास किया, लेकिन देवेश रास्ते में ही गाड़ी से कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहा।

## दुष्कर्म में 7 व दहेज हत्या में 10 साल का कारावास

**बाराबंकी, अमृत विचार:** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवी के चलते दो मामलों में न्यायालय ने दो अभियुक्तों को कठोर कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। पहले मामले में थाना मसौली क्षेत्र के दुष्कर्म प्रकरण में आरोपी प्रहलाद गौतम को अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 36 ने दोषी करार देते हुए 7 वर्ष के कठोर कारावास और 20,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। यह मामला वर्ष 2018 का है, जिसमें पीड़िता के साथ दुष्कर्म और धमकी देने का आरोप था। हालांकि, न्यायालय ने आरोपी को दो धाराओं में दोषमुक्त कर दिया। वहीं दूसरे मामले में थाना जैदपुर क्षेत्र के दहेज हत्या प्रकरण में आरोपी मनोज गौतम को जिला जज ने दोषसिद्ध करते हुए 10 वर्ष के कारावास व 15,000 के अर्थदंड से दंडित किया। मामला वर्ष 2023 का है, जिसमें आरोपी पर दहेज की मांग को लेकर पत्नी को प्रताड़ित कर जलाकर मार देने का आरोप था।

## संतों ने मानवीय मूल्यों पर दिया जोर

**हैदरगढ़, बाराबंकी:** सूर्या सेवा संस्थान द्वारा पं. बिन्द्राप्रसाद मिश्र की 10वीं पुण्य स्मृति पर आयोजित मानस सम्मेलन के 12वें वार्षिकोत्सव में संतों और विद्वानों ने भक्ति, सत्संग और मानवीय मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कुरुक्षेत्र (बाराबंकी) से पधारे पं. रामकिंकर मिश्र ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है, लेकिन माया के कारण वह अपने वास्तविक स्वरूप को भूलकर संसार में भटकता रहता है। वहीं प्रेमदास कुटी के महंत लालता दास ने शरीर को रथ और इंद्रियों को घोड़े बताते हुए मन और बुद्धि के नियंत्रण पर बल दिया। रायबरेली से आए डॉ. कृष्णकुमार मिश्र ने पारिवारिक विघटन रोकने के लिए रामायण में वर्णित भरत और लक्ष्मण के आदर्शों को अपनाने की बात कही। संचालन कवि रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी 'प्रलयंकर' ने किया। संयोजक नंद कुमार मिश्र ने मानस को सामाजिक समरसता का ग्रंथ बताते हुए इसके प्रचार-प्रसार पर जोर दिया।

# नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** भाजपा की नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी का बुधवार को जिला कार्यालय पर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सभी को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने 'बूथ सशक्तिकरण' को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि बूथ ही चुनाव की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। उन्होंने संगठन को आगामी समय के लिए और अधिक सक्रिय, संगठित और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया, साथ ही सोशल मीडिया और जनसंपर्क के माध्यम से नई पीढ़ी को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का लक्ष्य रखा। राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने संगठन की मजबूती पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है और इसकी सफलता का आधार कार्यकर्ताओं का अनुशासन और राष्ट्रभक्ति है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा, यह पद केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता केवल एक पदाधिकारी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सक्रिय सहभागी है। जिला अध्यक्ष राम सिंह वर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की।जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने सभी का आभार ज्ञापित किया। संचालन जिला महामंत्री विजय आनंद बाजपेई ने किया। इस अवसर पर एससी एसटी आयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत, विधायक दिनेश रावत, एमएलसी अंगद सिंह, हरगोविंद सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, शशांक कुसुमेश, अमरीश रावत, राम कुमारी मौर्य, पवन सिंह रिंकू, शीलरत्न मिहिर, सुशील जायसवाल, रचना श्रीवास्तव, मनीष परिहार, पंकज गुप्ता पकी, इक्ष्वाकु मौर्य, अंशु वर्मा, नीतू रावत, सविता रावत, आलोक तिवारी, आरती रावत, रोहित सिंह, अवधेश शुक्ला, शेखर हयारन, सुशील चंद्र जैन, मुलायम सिंह यादव आदि रहे।



नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ राज्यमंत्री व अन्य। अमृत विचार



शिक्षक को सम्मानित करते बीएसए। अमृत विचार

## 507 निपुण विद्यालयों को किया सम्मानित

**बाराबंकी, अमृत विचार:** एलपीएस स्कूल के सभागार में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के 15 विकास खंडों और एक नगर क्षेत्र के 507 निपुण विद्यालयों के शिक्षकों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बीएसए नवीन कुमार पाठक ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर बच्चों में साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान विकसित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षकों की मेहनत, समर्पण और नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से जिले के विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार देखा जा रहा है। कार्यक्रम आयोजक जिला समन्वयक प्रशिक्षण विनीता मिश्रा ने शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जैनेंद्र कुमार, संजय राय, प्रमोद उपाध्याय, चंद्र शेखर यादव, रमेश चंद्रा, डायट प्रवक्ता जितेंद्र कुमार सोनकर, राहुल सिंह सूर्यवंशी, अमित कुमार राय आदि रहे।

## मनु-सतरूपा की कथा सुन भक्त भाव-विभोर

**मसौली, बाराबंकी:** ग्राम पंचायत बड़ागांव के मोहल्ला नालीपार स्थित दुर्गा मंदिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक उमेश महाराज ने मनु और सतरूपा की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि मनु और सतरूपा से ही मानव सृष्टि की उत्पत्ति हुई। कथा के दौरान उन्होंने मनु के वैराग्य, नैमिषारण्य तीर्थ गमन और भगवान के दर्शन के लिए उनकी कठोर तपस्या का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों तक तप करने के बाद भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश भी उनकी तपस्या को डिगा नहीं सके। अंतत: प्रभु प्रसन्न होकर प्रकट हुए और वरदान मांगने को कहा, जिस पर मनु ने प्रभु से अपने समान पुत्र की कामना की। भगवान ने उन्हें पुत्र रूप में अवतार लेने का वरदान दिया। इस अवसर पर पुष्पा, श्रवण कुमार कश्यप, कृष्ण कुमार कश्यप, सुनील चौहान, देधराज यादव, काशीराम वर्मा, मास्टर सुरजन यादव, अरुण कुमार नाग उपस्थित रहे।

## महाअष्टमी और रामनवमी आज

**बाराबंकी, अमृत विचार:** आस्था, भक्ति और उल्लास का प्रतीक चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी और रामनवमी आज जिले में धूमधाम से मनाई जाएगी। इस बार अष्टमी और नवमी तिथि का विशेष संयोग होने के कारण पर्व का महत्व और बढ़ गया है। घर-घर में कन्या पूजन की तैयारियां जोरों पर हैं, जबकि मंदिरों में विशेष पूजा और अनुष्ठान जारी हैं। अष्टमी तिथि आज सुबह से 11 बजकर 48 मिनट तक रहेगी, इसके बाद नवमी तिथि प्रारंभ होकर शुक्रवार सुबह 10 बजकर 06 मिनट तक चलेगी। महासंयोग के अवसर पर शहर के गुलरियागार्दा स्थित बड़ी माता मंदिर, रसूलपुर की छोटी माता मंदिर, दूधेश्वर महादेव मंदिर, सत्यप्रेमीनगर स्थित संतोषी माता मंदिर, मुड़ कटी देवी मंदिर और ग्रामीण अंचलों के ज्वाला देवी, नैनादेवी सहित अन्य छोटे-बड़े देवी मंदिरों में भक्तों का बड़ा हुजूम उमड़ेगा।

न्यूज ब्रीफ

### मादक पदार्थ तस्कर को मिली सजा

**उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने 13 सितंबर-2023 को क्षेत्र के इंदिरा नगर मोहल्ला निवासी रामचंद्र रावत को 1.100 किलो मादक पदार्थ के साथ पकड़कर जेल भेजा था। एसआई हरिनिवास शर्मा ने जांच कर 5 दिसंबर-2023 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद न्यायाधीश जयवीर सिंह नागर ने शासकीय अधिवक्ता विनय प्रकाश शुक्ला की दलील व साक्ष्य के आधार रामचंद्र को दोषी ठहराते हुए 1 माह 27 दिन की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 5000 का जुर्माना भी लगाया।

### किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की सजा

**उन्नाव, अमृत विचार :** किशोरी से छेड़छाड़ करने के दोषी को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद 3 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ उस पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 22 अक्टूबर-2022 को कोतवाली क्षेत्र के गांव सुमरहा निवासी वीरेंद्र उर्फ लल्लू पर नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ करने का आरोप लगा तहरीर दी थी। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर 8 नवंबर को आरोपी को पकड़कर जेल भेजा था। आईओ अचल रावत ने साक्ष्य एकत्र कर 5 दिसंबर-2022 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से मुकदमा एडीजे-12 कोर्ट में विचाराधीन था। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने वीरेंद्र को दोषी ठहराते हुए 3 साल की सजा सुनाई।

# नवरात्र के सातवें दिन कालरात्रि के दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़

## मां के दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं के जयकारों से गुंजायमान हो उठा मंदिर परिसर

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि के दर्शन के लिए नगर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं। बालूघाट स्थित गायत्री मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही, जहां माता का भव्य श्रृंगार किया गया। पट खुलते ही श्रद्धालुओं में दर्शन के लिए उत्साह रहा और जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

गांधी नगर स्थित काली मंदिर में भी मां कालरात्रि का विशेष श्रृंगार किया गया। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा की थाल लेकर पहुंचे। जिसमें नारियल, चुनरी, धूप, दीप व नैवेद्य शामिल था। मंदिर खुलने से पहले ही भक्तों की भीड़ जमा हो गई थी। जैसे ही पट खुले, पहले दर्शन के लिए होड़ मच गई। श्रद्धालुओं ने विधिविधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। दुर्गा मंदिर के पंडित विनोद पांडेय ने बताया कि सच्चे मन से मां के दर्शन करने वालों की मनोकामनाएं जरूर पूर्ण होती हैं। राजमार्ग स्थित दुर्गा मंदिर में भी दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। यहां कानपुर, लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव समेत विभिन्न जिलों से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। सुबह से शाम तक मंदिरों में भक्ति का माहौल बना रहा और श्रद्धालु मां कालरात्रि के जयकारे लगाते नजर आए।


दुर्गा मंदिर में आरती के दौरान श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

### भुवनेश्वरी मंदिर में कन्या भोज के साथ हुआ भंडारा

फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव लोनारपुर स्थित प्रसिद्ध माता भुवनेश्वरी देवी सिद्धिपीठ में बुधवार को नवरात्र के सातवें दिन हवन पूजन के साथ कन्याभोज व भंडारे का आयोजन हुआ। सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर नीरज स्वरूप ब्रह्मचारी ने बताया कि सिद्धपीठ में विराजमान माता भुवनेश्वरी नवदुर्गा के सातवें रूप माता कालरात्रि का ही स्वरूप हैं। पीठ की परंपरा के अनुसार पूर्व से नवरात्र के सातवें दिन माता का हवन पूजन होता है। सातवें दिन ही माता के हवन में पूर्णाहुति दी जाती है। बताया कि नवरात्र के सातवें दिन माता के पूजन में शामिल होकर प्रसाद पाने क्षेत्र ही नहीं गैर जनपद से भी श्रद्धालु आते हैं। बुधवार को आचार्य शिवम द्विवेदी, विनय तिवारी, आदित्य तिवारी, आचार्य नितिन, राजेश शुक्ला, कन्हैया लाल तिवारी, प्रांशु, अमन शुक्ला बाला आदि ने वेदमंत्रों के साथ हवन पूजन संपन्न कराया। वहीं पीठ में आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों कन्याओं के साथ क्षेत्रीय विधायक की पत्नी विभा कटियार, विधायक पुत्र अंशु कटियार, रमेश त्रिपाठी, मोहित मिश्रा, शिवम, विशाल, कल्लू, श्यामजी वर्मा, गणेश, राजेश, परमात्मा, आलोक मिश्रा, प्रभाकर शुक्ला, दिनेश तिवारी समेत हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### माता के भजनों से गूंज उठे देवी मंदिर

**उन्नाव :** चैत्र नवरात्र के सातवें दिन बुधवार को जिले भर में मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना के लिये शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। विशेष रूप से कल्याणी देवी, दुर्गा माता मंदिर व पूर्णा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह मंदिर के कपाट खुलते ही 'जय माता दी' के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। भक्तों ने कतारों में लगकर माता रानी को फल, फूल व नैवेद्य अर्पित किए। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मंदिर समितियों द्वारा विशेष प्रबंध किए गए थे। ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन में असुविधा न हो। दिनभर की पूजा के बाद शाम का नजारा और भी मनमोहक हो गया। मंदिरों में महिलाओं की टोलियों ने ढोलक व मंजीरे की थाप पर पारंपरिक देवी गीतों व भजनों की प्रस्तुति दी। देररात तक चले कार्यक्रम में महिलाओं ने निमिया की डार मैया जैसे पारंपरिक गीतों से माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। मोहल्ले की महिलाओं ने एकजुट होकर माता की महिमा का गुणगान किया।


शहर के कल्याणी मंदिर में होता महिला संगीत। ● अमृत विचार

### परिवार की सुख-समृद्धि के लिए भक्तों ने किया मां कालरात्रि का पूजन

**बांगरमऊ, उन्नाव :** चैत्र नवरात्र के सातवें दिन बुधवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्र के शक्तिपीठों पर श्रद्धालुओं ने मां कालरात्रि का पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में सुबह से लंबी कतारें लगी रहीं। नगर के मोहल्ला नीनिहालगंज बाजार स्थित फुलवरिया मैदान स्थित मां भुवनेश्वरी देवी सिद्धिपीठ में देवी की भव्य झांकी सजाई गई थी जो वर्षों पूर्व तालुकदार चौधरी परिवार द्वारा स्थापित किया गया था। इस मंदिर में देवी की पुरातन प्रतिमा का पूजन पूर्व राज्यमंत्री चौधरी अशोक कुमार सिंह 'बेबी' व रामलीला समिति के अध्यक्ष चौधरी आशीष सिंह 'गोलू' द्वारा किया गया। प्रबंध समिति द्वारा बुधवार को माता रानी का भव्य श्रृंगार किया गया। मोहल्ला शुक्लाना स्थित राज राजेश्वरी माता मंदिर, अहिरन पुरवा मार्ग पर मां शीतला देवी मंदिर, खत्रियाना के संतोषी माता मंदिर व छोटी बाजार स्थित मातंगी माता मंदिर में भक्तों ने चुनरी व नारियल चढ़ाकर माता के दर्शन किए। इसके अलावा मोहल्ला गुलाम मुस्तफा के फूलमती मंदिर, नानामऊ मार्ग के संदोहन देवी मंदिर, न्यू कटरा के दुर्गा माता मंदिर, रेलवे क्रॉसिंग के पास बाला देवी मंदिर व भटपुरी के जगदीश्वरी मंदिर में भी भक्तों की भीड़ रही। मोहल्ला सराय स्थित राधे श्री व सुंदरेश्वरी मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से शीश नवाया।

# डंपर से टकराकर पलटी मिनी बस, 10 तीर्थयात्री घायल

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर तालासरांय गांव के पास देररात डंपर में पीछे से टकराई मिनी टूरिस्ट बस डिवाइडर किनारे जाकर पलट गई। इसमें चालक सहित 10 तीर्थयात्री घायल हो गए। इसमें 7 को जिला अस्पताल भेजा गया।

महाराष्ट्र के जिला अमरावती के रसूलपुर धनुका हासेगांव निवासी गोपाल (53) पुत्र मधुनाथ अपनी पत्नी प्रांजलि (45), माली (50) पत्नी सरोजकांत, धनपत (40) पुत्र दिनेश, विश्वासराव (70), उनकी पत्नी नीलम राव (60), किशन (44), लवकुमार (35), ज्योति (45) पत्नी प्रमोद कुमार, मूला ताई (59) पत्नी रमेशराव सहित 27 श्रद्धालु सोमवार को मिनी बस से तीर्थयात्रा पर निकले थे। राजस्थान के बालाजी व मथुरा वृंदावन के दर्शन कर अयोध्या जा रहे थे। बस को महाराष्ट्र निवासी लाखनराम (34) चला रहा था। तभी हसनगंज कोतवाली के तालासरांय गांव के सामने मंगलवार रात 1 बजे चालक लाखन राम को झपकी आने से आगे चल रहे हैं डंपर में बस पीछे से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। इसमें चालक सहित 10 सवारियां घायल हो गईं। पुलिस व यूपीडा कर्मियों ने रेस्क्यू कर उन्हें औरास सीएचसी भिजवाया। जहां से विश्वासराव, धनपत, माली, लवकुमार, ज्योति व मूला ताई को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद करीब 1 घंटे एक्सप्रेस-वे पर आवागमन प्रभावित रहा। क्षतिग्रस्त बस को रेवड़ी टोला प्लाजा पर खड़ा कराया गया है। हसनगंज कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि आगे चल रहे डंपर में मिनी बस टकराकर एक्सप्रेस-वे पर पलट गई थी। चालक सहित 10 लोग घायल हुए थे। सीएचसी में उपचार के बाद 6 को गंभीर देख जिला अस्पताल भेजा गया है। चालक डंपर लेकर भाग निकला है।


जिला अस्पताल में भर्ती घायल श्रद्धालु।

### दीक्षांत समारोह में बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन

**उन्नाव, अमृत विचार :** सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल परिसर में दीक्षांत समारोह हुआ। इसमें बच्चों ने आकर्षक व मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शुभारंभ में एलकेजी व नर्सरी कक्षाओं की छात्राओं वाणी साहू, यशिका, आर्या सिंह, अनाया भारती, शैवी आदि द्वारा वेलकम डांस, यूकेजी के छात्र अरशान, अयांश राजपूत, सूर्यांश, राघव आदि ने गीत 'चंदा चमके चम-चम', की प्रस्तुति दी। मोंटेसरी के बच्चों ने ब्लाइंड फोल्ड व कलर मिक्सिंग जैसी रोचक गतिविधियां पेश कीं। अभिभावकों ने भी एक मनोरंजक खेल प्रस्तुत किया। बच्चों ने मधुर 'थैंक्यू सॉन्ग' प्रस्तुत कर सभी का आभार व्यक्त किया। स्कूल की चेयरपर्सन रोमा आहूजा ने विजेताओं को पुरस्कार देते हुए शिक्षण कार्य के अतिरिक्त छात्रों की विभिन्न गतिविधियों को उभारने में शिक्षकों के सहयोग की सराहना की। प्रधानाचार्या निधि शर्मा ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



पुरुस्कृत प्रतिभागियों के साथ चेयरपर्सन व प्रधानाचार्या।

# एसटीपी निर्माण में ग्रामीणों के विरोध पर रोकी गई खोदाई

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** कटरी पीपर खेड़ा क्षेत्र में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण को लेकर बुधवार को विवाद खड़ा हो गया। जल निगम अर्बन द्वारा जेसीबी से खुदाई शुरू कराने पर स्थानीय लोगों के विरोध पर फिलहाल काम रोक दिया गया।

जानकारी के अनुसार, जल निगम अर्बन के अफसरों ने गाटा संख्या-57 व 58 की भूमि पर एसटीपी निर्माण के लिए खुदाई शुरू कराई थी। अफसरों का कहना है कि यह भूमि नगर पालिका गंगाघाट के ईओ व भूलेख विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई है। हालांकि, खुदाई शुरू होते ही आसपास के ग्रामीणों ने आपत्ति जताई। उनका कहना था कि न तो उन्हें कोई पूर्व सूचना दी गई और न ही कार्य को लेकर स्पष्ट जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने दावा किया कि खुदाई स्थल मझरा पीपर खेड़ा क्षेत्र में आता है। जबकि दस्तावेजों में इसे कटरी पीपर खेड़ा दर्शाया गया है। नक्शे को लेकर भी दोनों पक्षों में असमंजस बना रहा। स्थिति बिगड़ती देख मौजूद अधिकारियों ने निर्माण रुकवा दिया। जल निगम के जेई ने बताया कि उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर ही कार्य शुरू किया गया था। प्रस्तावित प्लांट में इंद्रा नगर व रविदास नगर के नालों का पानी शोधन कर स्वच्छता व्यवस्था बेहतर की जाएगी। आगे के निर्देशों के बाद कार्य पुनः शुरू होगा।

# फायरिंग मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता शुक्लागंज , उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के हाजीपुर चौकी अंतर्गत बसधना गांव में मंगलवार देररात बांस काटने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में कहासुनी के बाद हुई फायरिंग में एक महिला घायल हो गई थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर 3 नामित समेत अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर एक को पकड़कर जेल भेजा है।

जानकारी के अनुसार, बेनीपुरवा निवासी नंदिनी निषाद ने पीआरवी को सूचना दी थी कि कुछ लोग सुनील पुत्र चुन्नीलाल के बांस काटकर ले जा रहे थे। तभी बांस रास्ते में उनके घर के विद्युत तार में उलझ गया। जिसे लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई और मामला मारपीट के साथ फायरिंग तक पहुंच गया। फायरिंग के दौरान नंदिनी निषाद के पैर में छर्रे लग गए जिससे वह घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सूरज पुत्र जगदीश, काशीराम पुत्र राजाराम निवासी गांव पटियार गंगाघाट व मनीष पुत्र अज्ञात निवासी दुर्गापुरवा थाना नवाबगंज कानपुर नगर सहित अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। कोतवाल अजय सिंह ने बताया कि एक आरोपी काशीराम को मुखबिर की सूचना पर महानंदपुरवा गांव के बाहर पुल के पास से पकड़कर जेल भेजा गया है। अन्य की तलाश के लिये टीमें दबिश दे रही हैं।

- मंगलवार देररात हाजीपुर में हुई थी फायरिंग, चार पर रिपोर्ट दर्ज


पुलिस गिरफ्त में खड़ा आरोपी। ● अमृत विचार

### मेले में बिछड़े दो बच्चों को परिजनों से मिलाया

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कुशहरी देवी मंदिर में नवरात्रि मेले के दौरान परिजनों से बिछड़े दो बच्चों को अजगैन पुलिस व मेला कमेटी की तत्परता से सकुशल परिजनों को सौंप दिया गया। मेला मालिक ज्योतिरादित्य प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार को नवरात्रि पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इसमें हसनगंज निवासी बबली सिंह अपने बेटे गुन्नू को लेकर दर्शन करने आई थी। लेकिन भीड़ में बच्चा उनसे बिछड़ गया। रोते बच्चे को देख ग्रामीणों ने उसे मेला कमेटी कार्यालय पहुंचाया। वहां तैनात महिला सिपाही गुड़िया ने परिजनों से संपर्क कर गुन्नू को सकुशल सौंप दिया। वहीं शाहपुर सिंदौरा निवासी पुष्कर परिवार के साथ कुसुंभी मंदिर दर्शन को आया था। तभी मेले में उसकी 4 वर्षीय बेटी गौरी बिछड़ गई। मेला कमेटी, महिला सिपाही गुड़िया व सिपाही प्रदीप यादव ने बच्ची को सुरक्षित परिजनों को सौंपा।

### बेनहर इंटरनेशनल स्कूल में हुई रोबोटिक प्रयोगशाला की व्यवस्था

**उन्नाव, अमृत विचार :** बेनहर इंटरनेशनल स्कूल अब्बासपुर में रोबोटिक प्रयोगशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि सहायक पुलिस अधीक्षक संचित शर्मा ने किया। इसमें आयोजित कार्यक्रम में एआई व रोबोटिक्स के महत्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय प्रबंधक फैज़ अली अल्वी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नई तकनीक लाने को कहा गया था। जिसकी व्यवस्था कर दी गई है। अभिभावकों ने बच्चों द्वारा बनाए गए वर्किंग प्रोजेक्ट्स देख खुश हुए व विद्यालय में निरन्तर बदलावों की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि संचित शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना की। प्रधानाचार्या पल्लवी हरमन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए एआई व रोबोटिक्स की विशेषताएं बताईं। इस मौके पर विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।


प्रोजेक्ट का निरीक्षण करते आईपीएस संचित शर्मा।

# रेलवे पुल की कोठियों की मरम्मत शुरू

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** कानपुर-शुक्लागंज के बीच गंगा नदी पर बने रेलवे पुल को मजबूत करने के लिए रेलवे ने मरम्मत शुरू करा दी है। बुधवार को शुक्लागंज की ओर स्थित पुल की पहली कोठी में ड्रिल मशीन से छेद कर उसमें एपॉक्सी केमिकल डालने का कार्य हुआ।

कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग व्यस्ततम रूटों में शामिल है। जहां रोज सैकड़ों ट्रेनों का संचालन होता है। ऐसे में रेलवे पुल की सुरक्षा व मजबूती सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने व्यापक योजना तैयार की है। इसी क्रम में आगामी 2 अप्रैल से मेगा ब्लॉक लेकर डाउन लाइन के जर्जर ट्रफ बदलने का कार्य भी प्रस्तावित है। बुधवार को कर्मचारी पुल के नीचे मरम्मत कार्य में जुटे रहे। कर्मियों ने कोठी नंबर-1 की दीवार में करीब 6 इंच से 1 फीट तक ड्रिलिंग की। इसके बाद छेद में एल्यूमिनियम की रॉड डालकर एपॉक्सी केमिकल इंजेक्ट किया गया। जिससे कंक्रीट संरचना को अतिरिक्त मजबूती मिल सके। यह प्रक्रिया पुल की दीर्घकालिक मजबूती व सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कर्मियों ने बताया कि इसी तरह पूरे पुल की कोठियों पर एपॉक्सी केमिकल डाला जायेगा। जिससे पुल की कोठी मजबूत हो सके।


रेलवे पुल की कोठी में एपॉक्सी केमिकल डालने का काम करते कर्मचारी।

- रेलवे पुल की कोठी में ड्रिल कर डाला जा रहा एपॉक्सी केमिकल

# 1042 परीक्षकों ने जांची 46286 कापियां

- सातवें दिन 1756 परीक्षकों में से 1042 उपस्थित और 714 अनुपस्थित रहे

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की कांपियों के मूल्यांकन के सातवें दिन चार केंद्रों में 1042 परीक्षकों ने 46286 कांपियों का मूल्यांकन किया। 1756 परीक्षकों में 1042 उपस्थित व 714 अनुपस्थित रहे।

डॉ. जीनाथजी दयाल बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 52 डिप्टी हेड में 49 उपस्थित हुए और 517 परीक्षकों में 254 उपस्थित हुए। इसमें 10288 कांपियों का मूल्यांकन हुआ। यहां 27 में 19 अंकेक्षक परीक्षक उपस्थित हुए। अब तक 56518 कांपियों का मूल्यांकन किया गया। जीआईसी में हाईस्कूल के 52 डिप्टी हेड में 48 उपस्थित व 491 परीक्षकों में 292 उपस्थित हुए। जिन्होंने 12783 कांपियों का मूल्यांकन किया। यहां 26 में 18 अंकेक्षक मौजूद रहे। अब तक 54679 कांपियों का मूल्यांकन हुआ। जीजीआईसी में इंटर के 31 डिप्टी हेड में 26 व 297 परीक्षकों में 195 परीक्षक उपस्थित हुए। यहां 11755 कांपियों का मूल्यांकन किया गया। यहां 17 अंकेक्षकों में 12 उपस्थित हुए। अब तक 52753 कांपियों का मूल्यांकन किया गया। अटल बिहारी इंटर कॉलेज में इंटर के 30 डिप्टी हेड में 27 व 286 परीक्षकों में 151 परीक्षक मौजूद रहे यहां 11460 कांपियों का मूल्यांकन किया गया। यहां 15 में 13 अंकेक्षक उपस्थित हुए। अब तक 41563 कांपियों का मूल्यांकन किया गया। चारों मूल्यांकन केंद्रों में अब तक 338081 कांपियों में 205513 का मूल्यांकन किया गया। जो 61.5 प्रतिशत है।

### 26 व 27 मार्च को नहीं होगा मूल्यांकन

**उन्नाव :** माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव के निर्देशानुसार राम नवमी के पर्व पर 26 व 27 मार्च को शासन द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने से जिले के सभी मूल्यांकन केन्द्रों पर कांपियों का मूल्यांकन कार्य स्थगित रहेगा। यह जानकारी डीआईओएस सुनील दत्त ने दी।

### उत्साह संग मनाया गया नवारंभ प्रवेश उत्सव

**उन्नाव, अमृत विचार :** नए शिक्षासत्र के आगाज के साथ परिषदीय विद्यालयों में रौनक लौट आई है। इसी क्रम में बुधवार को प्राथमिक विद्यालय अचलगंज द्वितीय में नवारंभ कार्यक्रम प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ। पहले दिन नए बच्चों का स्वागत त्योहार की तरह हुआ। जिससे विद्यालय परिसर उत्साह से भर उठा। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय की प्रधान शिक्षिका प्रतिभा मिश्रा ने किया। उन्होंने विद्यालय में कदम रखने वाले नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर व स्नेहपूर्वक स्वागत किया। विद्यालय आए अभिभावकों का उत्साहवर्धन करने के लिए प्रधान शिक्षिका ने खुद उन्हें मिठाई व केक खिलाकर मुंह मीठा कराया। प्रधान शिक्षिका ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय व अभिभावकों का आपसी समन्वय जरूरी है। उन्होंने नए सत्र की सकारात्मक शुरुआत के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। जो शिक्षा के प्रति सामुदायिक जुड़ाव को दर्शाता है। इस दौरान सहायक अध्यापक धून प्रसाद व अन्नपूर्णा तिवारी मौजूद रही।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक, अभिभावक व बच्चे।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण को लेकर हुई बैठक

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** नगर पालिका कार्यालय में बुधवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर चेयरमैन कौमुदी पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें जिला मलेरिया अधिकारी डा. अर्चना मिश्रा, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. राजेश चन्द्रा, ईओ मुकेश मिश्र समेत जनप्रतिनिधि व कर्मचारी मौजूद रहे। अध्यक्ष ने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिये कि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण व बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने अभियान का औचक निरीक्षण करने की भी बात कही। बैठक में डा. अर्चना मिश्रा ने 1 से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की जानकारी दी। उन्होंने मलेरिया, डेंगू व दिमागी बुखार की रोकथाम के लिए हर वार्ड में एंटी लार्वा छिड़काव, फॉगिंग, जलभराव रोकने, साफ-सफाई व जनजागरूकता पर विशेष जोर दिया। ईओ ने सफाई नायकों से अभियान को प्राथमिकता पर सफल बनाने के निर्देश दिए। सांसद प्रतिनिधि अवधेश दीक्षित व अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पाण्डेय ने भी विचार रखे। इसमें जागरूकता के लिए विशेष वर्कशॉप आयोजित कराने पर सहमति बनी।

### विद्युत विभाग ने बदली ट्रांसफार्मर की लीड

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गर्मी को ध्यान में रखते हुए नगर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को विभाग द्वारा महेश मार्ग में करीब 3 घंटे आपूर्ति बंद कर 630 केवीए ट्रांसफार्मर की लीड बदली। इस दौरान सैकड़ों घरों की आपूर्ति बाधित रही। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह करीब साढ़े 11 बजे एसडीओ के निर्देश पर कर्मचारी पहुंचे और शटडाउन लेने के बाद काम शुरू किया। करीब 3 घंटे तक चले कार्य में ट्रांसफार्मर की 4 लीड बदली गईं। कटौती के चलते लोगों को गर्मी में परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि विभाग द्वारा पहले से सूचना न देने की शिकायत भी सामने आई। दोपहर करीब ढाई बजे कार्य पूरा होने पर आपूर्ति बहाल की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। एसडीओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि गर्मी में लीड खराब होने से आपूर्ति प्रभावित होती है। इसलिए समय रहते मरम्मत कार्य हो रहा है।

सख्ती

सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज के नेतृत्व में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान, प्रशासन की सख्ती देख अतिक्रमणकारियों ने

# गांधीनगर तिराहे पर हटाए गए अवैध कब्जे

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज के नेतृत्व में गांधीनगर तिराहा स्थित कोतवाली के पास अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिससे अतिक्रमण कारियों में हड़कंप मच गया। अभियान की शुरुआत शहर के कोतवाली तिराहा से हुई।

नगर पालिका व पुलिस की संयुक्त टीम ने जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ सड़क किनारे अवैध रूप से लगाई गई अस्थायी दुकानों, ठेलों व टीन शेडों को हटाना शुरू किया। प्रशासन की सख्ती देख कई दुकानदारों ने आनन-फानन में खुद ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया। सुरक्षा की दृष्टि से वहां भारी पुलिस बल तैनात रहा। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि गांधीनगर तिराहा शहर का मुख्य केंद्र है। जहां हर समय वाहनों का आवागमन रहता है। सड़क के दोनों ओर अवैध कब्जों के कारण यहां आएदिन जाम की स्थिति बनी रहती थी। जिससे राहगीरों व एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं को भी परेशानी होती थी। अधिकारियों ने मौके पर ही व्यापारियों व ठेले वालों को हिदायत देते हुए कहा कि यदि दोबारा सड़क या फुटपाथ पर कब्जा मिला तो भारी जुर्माना वसूला जाएगा। बार-बार नियम तोड़ने वालों पर कानूनी कार्रवाई भी होगी। यह अभियान शहर के अन्य व्यस्त क्षेत्रों जैसे स्टेशन रोड,बड़ा चौराहा, धवन रोड सहित मुख्य बाजारों में भी जारी रहेगा। प्रशासन ने सभी दुकानदारों से अपील की कि वे अपनी दुकानों का सामान निर्धारित सीमा में रखें। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि शहर को व्यवस्थित व जाममुक्त बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।


सदर कोतवाली के पास अवैध अतिक्रमण हटाते पालिका कर्मी। ● अमृत विचार

### अवैध खनन में लिप्त पोकलैंड व दो डंपर सीज

**शुक्लागंज, उन्नाव :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के देवारा गांव में चल रहे अवैध खनन के विरुद्ध प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। किसानों की शिकायत पर जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम व खनन विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर 1 पोकलैंड मशीन व 2 डंपर पकड़कर सीज कर दिये। जानकारी के अनुसार, देवारा क्षेत्र में बीते कई दिनों से किसानों की जमीनों पर अवैध खनन हो रहा था। जिससे क्षेत्रीय लोगों में रोष था। शिकायत पर सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एसडीएम क्षितिज द्विवेदी, जिला खनन अधिकारी मनीष यादव, गंगाघाट पुलिस व लेखपाल मौके पर पहुंचे। टीम ने छापेमारी के दौरान खनन कर रही मशीन व डंपरों को पकड़ लिया और तत्काल सीज करने की कार्रवाई की। इसके बाद अधिकारियों ने दोबारा मौके का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। एडीएम सुशील कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर अवैध खनन को गंभीरता से लेते हुए लगातार निगरानी की जा रही है। इसके लिए विशेष टास्क फोर्स गठित की गई है। उन्होंने बताया कि आपसी समन्वय के लिए अधिकारियों का ग्रुप भी बनाया गया है। जिससे त्वरित सूचना साझा कर कार्रवाई की जा सके। अवैध खनन में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### शटर तोड़कर लाखों की नकदी व शराब पार

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। नगर के बेनीगंज प्रतापनगर मार्ग पर भारतीय स्टेट बैंक के पास स्थित ठेका अंग्रेजी शराब व बियर की दुकान को चोरों ने बनाया निशाना, शटर तोड़कर लाखों की नगदी सहित शराब की पार कर दी। मंगलवार-बुधवार की रात चोरों ने अंग्रेजी शराब व बियर की कम्पोजिट दुकान का शटर तोड़ दिया और एक लाख रुपये नगद व शराब उठा ले गए।

### अवैध कब्जे पर चलाया बुलडोजर

सांडी, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे के मोहल्ला नौशहरा पक्के वाग में गंगाराम राजपूत द्वारा वर्षो पहले आबादी की जमीन पर कब्जा करके शौचालय एवं दीवार बना दी थी। मोहल्ले की वंदना कुशवाहा ने इसके विरोध में एसडीएम कार्यालय के गेट पर धरना दिया था। बुधवार को एसडीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार मुकेश चौधरी, अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष वसंत राम की संयुक्त टीम ने अवैध कब्जे को जेसीबी से ढहा दिया।

# गर्भवती की संदिग्ध हालात में मौत

## पिता ने दहेज के लिए ससुराल वालों पर पीटकर हत्या का आरोप लगाया

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गर्भवती की संदिग्ध हालत में मौत होने पर उसके पिता का आरोप है कि दहेज़ में बाइक की मांग पूरी न होने पर दामाद ने उसकी बेटी की पीट-पीट कर हत्या कर दी, जबकि आरोपी पति बीमारी से मौत होना बता रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहना सही होगा, फिलहाल जांच हो रही है।

कोतवाली देहात के ईश्वरी पुरवा निवासी संतोष की 19 वर्षीय पुत्री साधना 19 की शादी 10 जून 2025 को बघौली थाने के रामनगर निवासी सुशांत के साथ हुई थी, साधना गर्भवती थी। सुशांत के मुताबिक उसकी पत्नी साधना बीमार थी, कुछ दिन पहले उसे इलाज के लिए सीएचसी अहिरोरी ले कर गया, जहां डाक्टरों ने


साधना की फाइल फोटो।

मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया, लेकिन उसने साधना को कछौना के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया, वहां से वह मंगलवार को उसे घर उठा ले जाया गया, वहां उसी दिन देर शाम को तबियत बिगड़ी। जहां से वह 100 बेड हास्पिटल ले गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। साधना के पिता सन्तोष का आरोप है कि उसका दामाद सुशांत दहेज़ में बाइक मांग रहा था, मांग पूरी न होने पर सुशांत ने साधना की लात-घूंसों से पिटाई कर दी, जिससे हालत बिगड़ी और मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है।

### दहेज हत्या में मां-बेटे को 8-8 साल की कैद

हरदोई, अमृत विचार। जिला व सत्र न्यायाधीश रीता कौशिक ने दहेज हत्या के मामले में आरोपित मां-बेटे को दोषी करार देते हुए 8-8 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। साथ ही तीन-तीन हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार सिंह व चंदन सिंह ने बताया कि थाना कछौना क्षेत्र के ओनवा मजरा भानपुर निवासी आनंद कुमार ने अपनी पत्नी बबली की फांसी के फंदे से लटका कर हत्या कर दी, जिसमें उसकी मां राम रानी ने भी बराबर साथ दिया। इस मामले की रिपोर्ट मृतका के भाई सुभाष ने दर्ज कराई। कहा कि आरोपित उसकी बहन को कम दहेज का ताना देते थे और प्रताड़ित करते थे जिसके चलते 8 मई 2018 को उसकी हत्या कर दी। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों को सुनकर दोनों आरोपितों पर जुर्म साबित पाया।

### पत्नी की हत्या में दोषी पति को उम्रकैद

हरदोई, अमृत विचार। जिला व सत्र न्यायाधीश रीता कौशिक ने पत्नी की हत्या करने के मामले में आरोपित पति को जुर्म साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना तड़ीयावा क्षेत्र के फकीराबाद निवासी पिंटू ने अपनी पत्नी नीशू की चाकू से गोद कर हत्या कर दी। मृतका के पिता चंद्रपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शादी के बाद से ही बेटी को उसका पति और ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे और दहेज में 5 लाख रुपए व बाइक की मांग करते थे। जिसको लेकर 16 दिसंबर 2020 को उसकी बेटी की हत्या कर दी। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों को सुनकर आरोपी पर हत्या का जुर्म साबित पाया और उसे सजा सुनाई।

### आरोपी प्रधान व प्रधानपति फरार, दो लोग भेजे गए जेल

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। अधिवक्ता फिरदौसजहां व उनके पति पर 25 जनवरी को हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों शकील और सुफील को गिरफ्तार कर लिया है। मौके से दो डंडे भी बरामद हुए हैं, जो वारदात में इस्तेमाल हुए थे। अब तक 12 नामजद आरोपियों में से 9 जेल पहुंच चुके हैं। जबकि मुख्य आरोपी ग्राम प्रधान मुख्तार और प्रधानपति नसीम फरार हैं। इससे पहले 7 आरोपियों को पुलिस जेल भेज चुकी है। फरार आरोपी मुख्तार (प्रधान) और नसीम (प्रधानपति), जो 50-60 हमलावरों का 'मास्टरमाइंड' बताए जा रहे हैं। उप निरीक्षक सुभम मिश्रा ने बताया है कि दोनों आरोपी भागने की फिराक में थे, तभी डबल नहर कलौली के पास पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम इरशाद पुत्र मेहदी हसन अंकित है जो कि शुध्द व सही है। इसे विधिक – विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। इरशाद पुत्र मेहदी हसन निवासी ग्राम दाडवापुर रुरगांव कानपुर देहात

**सूचना**

मैं कुसुम तिवारी पत्नी स्वर्गीय रमाकांत तिवारी ग्राम व पोस्ट सैयद यासीनपुर तहसील कुंडा जिला प्रतापगढ़ की निवासिनी हूं। आर्मी नंबर 1469480K रैंक नायक स्वर्गीय रमाकांत तिवारी मेरे पति के सरकारी दस्तावेज मे मेरा नाम श्रीमती कुसुम देवी दर्ज है जो कि गलत है मेरा वास्तविक नाम श्रीमती कुसुम तिवारी है। मेरा जन्म तिथि 3 मार्च 1964 है। कुसुम देवी व कुसुम तिवारी एक ही व्यक्ति हैं।

**सूचना**

मैने अपना नाम Shagun Srivastava से बदलकर Pratigya Srivastava कर लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **Shagun Srivastava D/O Lavlesh Srivastava, R/O 32, Vrindavan Vihar, Kalyanpur, Vikas Nagar, District - Lucknow, Uttar Pradesh-226022.**

**सूचना**

मेरी पुत्री के आधार संख्या 67906130 1987 में त्रुटि वश गलत नाम दीक्षा दीक्षित पुत्री पंकज कुमार दीक्षित दर्ज हो गया है जबकि मेरी पुत्री का सही नाम दिशा दीक्षित पुत्री पंकज कुमार है। आधार में दिशा दीक्षित पुत्री पंकज कुमार निवासी ग्राम पूरे लाऊ पाठक पोस्ट छिवलहा जिला रायबरेली दर्ज किया जाना आवश्यक है।

**सूचना**

मैने अपना नाम SAIRA BANO से बदलकर SAYRA BANO रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/O-MOHAMMAD RAFI ADD-BASAIHIYA TOLA, LAHARPUR, DIST -SITAPUR - 261135 (U.P)**

**सूचना**

पहले मेरा नाम SHAFEEKUR RAHMAN था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHAFIKUR RAHMAN रख लिया है। अब भविष्य में मुझे SHAFIKUR RAHMAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-ABDUL HANNAN R/O, H. NO. 210, VILL BAIJPUR, POST DEVARIYA ALAWAL, GONDA**

**सूचना**

मैं KAMLESH KUMAR पुत्र GAYA PRASAD, निवासी-43, सेक्टर-जे, एलडीए कालोनी, कानपुर रोड, आशियाना, लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर KAMLESH KUMAR YADAV S/O GAYA PRASAD YADAV कर लिया है, अतः आज से मुझे KAMLESH KUMAR YADAV S/O GAYA PRASAD YADAV के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

मैं GULAM SABIR RAYEEN पुत्र श्री HAJI MOHAMMAD SIDDIQUE RAYEEN, निवासी मोहल्ला-सुटहटी, अमेठी, लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर GULAM SABIR S/O MOHD SIDDIQ कर लिया है, अतः आज से मुझे GULAM SABIR S/O MOHD SIDDIQ के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि कुछ जगहों पर मेरा नाम त्रुटिवश MADHURI MISRA तथा जन्मतिथि 27.11.1953 अंकित है। जबकि मेरा सही नाम MADHURI MISHRA व जन्मतिथि 27.11.1954 है। अतः भविष्य में मुझे MADHURI MISHRA व जन्मतिथि 27.11.1954 नाम व जन्मतिथि से जाना व पहचाना जाये। **MADHURI MISHRA W/o RAVINDRA KUMAR MISHRA R/o 128/16 Y Block Kidwai Nagar, Kanpur.**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अनम (Anam), पत्नी आदिल जफर खान, निवासी गोरखपुर (उ.प्र.) यह घोषित करती हूँ कि विवाहोपरांत मैंने अपना नाम अनम से बदलकर अनम खान (Anam Khan) रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे सभी सरकारी/गैर-सरकारी अभिलेखों, दस्तावेजों में इसी नाम से ही जाना व लिखा जाए।

**आवश्यकता है**

**स्वामी ब्रम्हानंद महाविद्यालय**
आगमपुर शाहाबाद-हरदोई
(सम्बद्ध लखनऊ वि0वि0 लखनऊ)

निम्नलिखित पदों पर प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।

**B.A. हेतु**
1- संस्कृत - 4 पद

**M.A. हेतु**
1- भूगोल - 4 पद,
2- ग्रहविज्ञान - 4 पद

**M.Sc. हेतु**
1- जन्तु विज्ञान - 4 पद,
2- वनस्पति विज्ञान - 4 पद,
3- भौतिक विज्ञान - 4 पद

**M.Sc. कृषि हेतु**
1- एग्रोनोमी - 4 पद,
2- हॉर्टिकल्चर - 4 पद

योग्यता एवं वेतनमान - यू.जी.सी एवं लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के मानकानुसार देय होंगे।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन विज्ञापन प्रकाशन के 10 दिन के अंदर करें। साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता नहीं देय होगा।

प्रबंधक- मो0 : 6393051845


# बाइक की टक्कर से महिला की मौत

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र के सल्लिया-पिहानी मार्ग पर महोलिया के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 48 वर्षीय महिला की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार झाबरपुरवा निवासी सताना अपने पति सर्वेश और पौत्र के साथ दवा लेकर साइकिल से घर लौट रही थी। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास के लोगों ने तुरंत घायलों को सीएचसी पिहानी पहुंचाया। वहां से हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बाइक सवार भानू प्रताप उर्फ शैंपू, निवासी रेंगाई नशे की हालत में लापरवाही से बाइक चला रहा था। हादसे में उसे भी चोटें आई हैं। सताना अपने पीछे पति और चार बच्चों का परिवार छोड़ गई हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।


सताना की फाइल फोटो।

### लापता युवती की सड़क हादसे में मौत

हरदोई, अमृत विचार। युवती घर से अचानक लापता हो गई। काफी तलाश के बाद जब उसका कहीं पता नहीं चला तो परिजनों ने तीसरे दिन गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई। मंगलवार की देर रात बावन रोड पर युवती की वाहन से कुचलकर मौत हो गई थी। बुधवार को शव की शिनाख्त उसी गुमशुदा युवती के रूप में हुई है। मंगलवार की देर रात बावन रोड पर कोतवाली शहर के समुदा गांव के पास से युवती का शव बरामद किया था, उसकी किसी गाड़ी से कुचल कर मौत हुई थी। इधर कोतवाली शहर के इदरीस गंज निवासी इकबाल अली अपनी 27 वर्षीय गुमशुदा बेटी मीना परवीन को ढूंढते घूम रहे थे। मीना परवीन मानसिक तौर पर बीमार रहती थी, वह शनिवार से कहीं लापता हो गई थी। बुधवार को पुलिस ने इकबाल अली को कोतवाली बुला कर उसे बरामद हुए शव का हुलिया बताते हुए फोटो दिखाया। फोटो देखते ही इकबाल अली ने शव की शिनाख्त अपनी गुमशुदा बेटी मीना परवीन के रूप में की, वह अपनी चार बहनों और इकलौते भाई में सबसे छोटी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर मीना परवीन का शव उसके पिता को सौंप दिया।

# जीएसटी टीम की छापेमारी से व्यापारियों में रहा हड़कंप

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** नगर में जीएसटी टीम की छापेमारी की सूचना पर व्यापारियों में पूरे दिन हड़कंप मच गया। कुछ व्यापारियों ने अपनी दुकानों के शटर पूरे दिन बंद रखे तो कुछ ने खुला रखकर दुकानदारी की। बुधवार सुबह से ही नगर में जीएसटी अधिकारी के आने की सूचना फैल गई। जिसके बाद बाजार में हड़कंप मच गया, कुछ व्यापारियों ने प्रतिष्ठान ही बंद कर दिए। जीएसटी टीम ने नगर के कुर्सी रोड स्थित शमी इंटरप्राइजेज, हिंद बुक डिपो सहित कई दुकानों के कागजातों का सत्यापन किया। जीएसटी अधिकारी एके सिंह ने बताया कि फर्मों का सत्यापन वर्षों से नहीं हुआ है, जिसे किया जा रहा है, इसी सिलसिले में टीम ने बाजार का दौरा किया।

### तारों से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल जली

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के रैसों गांव में आज दोपहर बिजली विभाग की घोर लापरवाही एक बार फिर किसानों के लिए आफत बन गई। हाईटेंशन लाइन के जर्जर और लटकते तारों से निकली चिंगारी ने लहलहाती गेहूं की फसल को देखते ही देखते राख के ढेर में तब्दील कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग को इन जर्जर तारों की शिकायत कई बार की जा चुकी थी, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। यह बिजली विभाग की लापरवाही से हुई 'मानव-निर्मित' आपदा है।

## विदाई समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, मेधावी किए गए सम्मानित

परियर उन्नाव, अमृत विचार। विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के उच्च प्राथमिक विद्यालय सैदापुर में वार्षिक परीक्षा के बाद विदाई व सांस्कृतिक समारोह का आयोजन हुआ। इसकी शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शुभम व लालू ने विद्यालय के लिए एक-एक सीलिंग फैन भेंट किया। न्याय पंचायत स्तर की क्रीड़ा प्रतियोगिता में जीतने वाले बच्चों को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया गया। कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, पट्टिका पहनाकर व टिफिन देकर विदा किया गया। शिक्षक सुरेंद्र तिवारी विदाई गीत गाते समय भावुक हो गए। सहायक अध्यापिका कोकिला देवी व नीलम बाजपेई ने बच्चों के उज्ज्वल की कामना की। प्रधानाध्यापक राम नारायण ने छात्र-छात्राओं को निरंतर मेहनत करने व अच्छी शिक्षा प्राप्त करने को प्रेरित किया।


उच्च प्राथमिक विद्यालय सैदापुर में आयोजित विदाई समारोह में शामिल विद्यार्थी।

# घर पहुंचे तीन शव तो मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के रानीपुर ग्रंट गांव के पास मंगलवार देर रात हुए सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई थी। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव उनके पैतृक गांवों में जब पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया।

बता दें कि बीती मंगलवार रात हरदोई जिला के कासिमपुर थानाक्षेत्र के अटिया गांव निवासी राजू राठौड़ (57) चाचा रामजीवन का अंतिम संस्कार होने के बाद बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के नानामऊ गंगातट से पड़ोसी गांव सिद्दीकपुर निवासी राम बालक (53) व अटिया गांव के पूर्व प्रधान पति गढ़ी निवासी पवन (47) के साथ बाइक से लौट रहा था। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के रानीपुर ग्रंट से गंगा एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर करीब 5 किमी आगे रात करीब साढ़े 10 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से तीनों की मौत हो गई थी। बुधवार को पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम कराए। परिजनों के मुताबिक तीनों खेती करते थे। पवन की पत्नी शांति पूर्व प्रधान है। उसकी मौत पर 4 बच्चों में 3 बेटियां उमा, नमा, काजल व बेटा श्याम बेहाल रहे। वहीं, राम बालक की मौत से पत्नी राजेश्वरी रो-रोकर बेहाल रही। उसके 6 बच्चों में 4 बेटियां विवाहित हैं। बेटे अरविंद व अखिलेश हैं। उधर, राजू की मौत से पत्नी राजेश्वरी बिलखती रही। उसके 6 बेटियों में संगीता, रूबी व मधु अविवाहित हैं। एक बेटा विष्णु है जो पिता की मौत पर मोर्चरी में सुबकता रहा। एसओ मुन्ना कुमार ने बताया कि शवों के पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिये गए हैं। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।


पवन, राम बालक व राजू का फाइल फोटो।

- मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में हुई थी तीनों की मौत

### ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से श्रमिक की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** ईंट उतारकर लौट रही ट्रैक्टर-ट्राली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें भट्ठा श्रमिक की मौके पर मौत हो गई। पुलिस पहुंचने से पहले परिजन पोस्टमार्टम न कराने की बात कह शव लेकर गांव लौट गए।

मौरावां थानाक्षेत्र के जेरा गांव के पांडेयपुर निवासी पंकज (22) पुत्र अयोध्या एक ईंट भट्ठे में श्रमिक था। इसी भट्ठे में उसका भाई फूलचंद्र ट्रैक्टर चालक है। बुधवार को दोनों ईंट उतारने जगदीशपुर गए थे। जहां से लौटते समय पुरवा-सोहरामऊ पर मिर्रीकलां के पास बछौरा गांव के आगे ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गई। पंकज की ट्राली के पहिए के नीचे दबकर मौत हो गई।

आयोजन — 'सौहार्द मिलन समारोह' में पेश की गई गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

# भारत की सुंदरता इसकी विविधता में है : राजेश

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हुए सपा नेता इमरान सिद्दीकी ने 'सौहार्द मिलन समारोह' का आयोजन किया। इसमें पार्टी जिलाध्यक्ष आदि पदाधिकारी शामिल हुए।

कार्यक्रम में संरक्षक के रूप में मौजूद वरिष्ठ अधिवक्ता व यश भारती से सम्मानित फारूक अहमद ने आयोजन को गंगा-जमुनी तहजीब का एक उदाहरण बताया। सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि भारत की सुंदरता इसकी विविधता में है। होली के रंग व ईद की मिठास जब एक साथ मिलते हैं तो यह समाज में आपसी भाईचारे व प्रेम का संदेश और भी गहरा कर देते हैं। सीके त्रिपाठी ने कहा कि त्यौहार हमें सिखाते हैं कि मजहब कोई भी हो मानवता व प्रेम सबसे बड़ा धर्म है। आयोजक इमरान सिद्दीकी ने कहा कि भारत की असली शक्ति उसकी विविधता व एकता में है। होली व ईद जैसे त्योहार हमें सिखाते हैं कि हम अपनी खुशियां एक-दूसरे के साथ साझा करें। इसमें हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों व कवि-शायरों ने अपनी प्रस्तुतियों से देशप्रेम व सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। फाग व लोकगीतों की प्रस्तुति ने जनसमूह का मन मोह लिया। अध्यक्षता पार्टी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष रामपाल कुशवाहा व संचालन सुधीर मिश्र सिद्धू ने किया। इसमें पूर्व विधायक इरफान सोलंकी, पूर्व मंत्री सुधीर रावत, डॉ. शशांक शेखर शुक्ला, आलोक त्रिपाठी, विनय यादव, अल्वी मिश्रा, रुखसाना शेख, सीएल भारती, मेराज खान, संजीव त्रिवेदी, संजीव शुक्ला, पंडित एके दुबे पद्मेश, आचार्य लंकेश, अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक शिवाकांत महाराज, आरिफ गुर्जर आदि मौजूद रहे।


समारोह में होता अतिथियों का स्वागत। अमृत विचार




## न्यूज ब्रीफ

### भूमि विवाद में दबंगों ने तीन को पीटा, रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के हूसेपुर लुकमान गांव में भूमि विवाद के चलते दबंगों ने एक महिला सहित तीन लोगों को पीट कर घायल कर दिया। घटना के नाम जद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। छोटे पुत्र पुत्तू के अनुसार शाम 7 बजे गांव के दबंग मदन गोपाल, मकरंद, नन्हे और गुलशन ने भूमि विवाद के चलते शाम उसके ऊपर लाठी और डंडों से हमला कर दिया। चीखने चिल्लाने पर भतीजा सुरजीत और उसकी पत्नी पम्मी ने बचाना चाहा तो दबंगों ने उन्हें भी पीट कर घायल कर दिया। घायलों का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। दबंगों के खिलाफ नाम जद रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

### वरिष्ठ पत्रकार को श्रद्धांजलि दी गई

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद के वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम त्रिपाठी को उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर पालिका परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन उनके पुत्र प्रभाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पत्रकारों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके कार्यकाल की सराहना की। पत्रकारों ने राधेश्याम त्रिपाठी के बताए हुए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया।

### समीक्षा बैठक आज

**हरदोई, अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. भावनाथ पाण्डे ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 26 मार्च को अपरान्ह 4.30 बजे स्वामी विवेकानन्द सभागार में होगी।

# तीन लोगों को मिले उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र

## जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने लांच किया सुगम उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र पोर्टल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रभारी मंत्री असीम अरूण ने प्रदेश सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके उपरान्त मंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा निर्मित सुगम उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र पोर्टल का शुभारम्भ किया तथा तीन वारिस लोगों को उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रदान किये। मंत्री ने जिलाधिकारी अनुनय झा की प्रशंसा करते हुए कहा कि सुगम उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र पोर्टल लांच होने से लोगों उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में सुविधा होगी और समय की बचत होगी। जिलाधिकारी ने सुगम उत्तराधिकार पोर्टल के सम्बन्ध में मंत्री को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह पोर्टल जिले के नागरिकों को पारदर्शिता और उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में मदद करेगा। इस अवसर पर मंत्री ने भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, एमएलसी अशोक कुमार अग्रवाल, एसपी अशोक कुमार मीणा, सीडीओ सान्या छाबड़ा, एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम के साथ नव निर्माण के 9 वर्ष, विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश पुस्तक का विमोचन किया।



उत्तराधिकार प्रमाण पत्र सौंपते प्रभारी मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

### राजकीय पुस्तकालय के उच्चीकरण का लोकार्पण

कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम के बाद प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने राजकीय पुस्तकालय के उच्चीकरण का फीताकाट कर लोकार्पण किया। उन्होने कुछ बच्चों को डायरी व पेन प्रदान किये तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चे देश को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

### नवगठित कार्यकारिणी को किया सम्मानित

**हरदोई, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की नई कार्यकारिणी के गठन के बाद नामित पदाधिकारियों और सदस्यों का सम्मान समारोह कार्यक्रम भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश समाज कल्याण मंत्री एवं प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने नव नियुक्त कार्यकारिणी पदाधिकारियों को सम्मानित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने भाजपा कार्यालय पर नई कार्यकारिणी को सम्मानित कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र पर कार्य करती है। इसी सोच के अनुरूप जिला संगठन में हर वर्ग को उचित सम्मान और प्रतिनिधित्व दिया जाता है। कहा कि हमारा लक्ष्य समाज के हर तबके की भागीदारी सुनिश्चित करना और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना है। भाजपा कार्यकर्ता संगठन की नींव हैं।



मंदिर में माता रानी की आराधना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### 7वें दिन मां कालरात्रि की हुई पूजा-अर्चना

**हरदोई, अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के 7वें दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने मां कालरात्रि से आशीर्वाद मांगा। मंदिरों में सुबह से ही काफी भीड़ देखने को मिली। चैत्र नवरात्र को बुधवार को मां श्रवण देवी मंदिर, मां संतोषी माता मंदिर, बाबा तुरंत नाथ मंदिर, बाबा सिद्धनाथ मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, फूलमती मंदिर आदि में श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में मां की पूजा करने के लिए लाइन लगाते नजर आए। श्रद्धालुओं ने घरों में भी मां का विधि विधान से पूजन अर्चन किया। श्रद्धालुओं ने उपवास रख कर मां से आशीर्वाद मांगा। सांडी संवाददाता के अनुसार चैत्र नवरात्र में कस्बा स्थित मां मंगला देवी शक्तिपीठ मंदिर व दुर्गा देवी मंदिर पर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही, जहां श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन कर आरती की। मल्लावां कस्बे में नवरात्र पर देवी मंदिरों में सुबह से शाम तक भक्तों ने माता रानी की पूजा अर्चना की। माता मान देवी मंदिर, मां दुर्गा देवी मंदिर, मां गायत्री देवी मंदिर, मां बुद्धा देवी, फूलमती देवी, कुलदेवी, आशा देवी मंदिरों में सुबह से ही विधि विधान से पूजन अर्चन किया। घरों में भी माता रानी की स्थापना कर पूजा अर्चना की गईं।

### मंत्री ने देखा जिला पंचायत का कामकाज

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रभारी मंत्री असीम अरुण के जनपद आगमन पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय द्वार जिला पंचायत में अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती के नेतृत्व में भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंत्री ने जिला पंचायत द्वारा सम्पादित जनहित विकास कार्यों तथा जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा कराये गए विकास कार्यों को स्मारिका के माध्यम से प्रकाशित करने की सराहना कह। परिसर में स्थापित महापुरुषों के विचारों व जीवन संघर्ष से प्रेरणा प्राप्त कर राष्ट्रनिर्माण में सहभागी बनाने का आह्वान किया। जिला पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष व सदस्य राष्ट्रीय परिषद् भाजपा व क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा अवध क्षेत्र अनु. मोर्चा पीके वर्मा ने जिला पंचायत के वर्तमान कार्यकाल (2021-2026) के विकास कार्यों को संकलित कर आम जनमानस के सूचनार्थ प्रकाशित स्मारिका संकल्प पथ व स्मृति चिन्ह भेंट कर मंत्री असीम अरुण, प्रदेश मंत्री भाजपा व जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी व जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन का अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत प्रदीप कुमार गुप्ता, जिला पंचायत सदस्यगण, वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी व भारी संख्या मे क्षेत्रवासी मौजूद रहे।




प्रभारी मंत्री को स्मारिका भेंट करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार

### सरकार की गिनाईं उपलब्धियां

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के मौके पर तहसील सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर और मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने हम भाग लिया। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना और देवीय आपदा से पीड़ित लोगों को चेक वितरित की। इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अपने नौ वर्ष का शानदार कार्यकाल पूरा किया है। अपराधियों का पूरे प्रदेश से सफाई हो गया, या फिर अपराधी जेल में है। उन्होंने बताया पूरे प्रदेश में भय मुक्त वातावरण है। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र, एसडीएम अंकित तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण, तहसीलदार संध्या यादव सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।




महिला को दैवीय आपदा का चेक देतीं उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी।

# एक दिन के लिए डीएम बनी छात्रा अदिति सिंह

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने मिशन शक्ति के तहत महिला एवं कल्याण विभाग की ओर से एक दिन के लिए बनी जिलाधिकारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज कक्षा 11 की छात्रा अदिति सिंह को विभिन्न विभागों एवं पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के बारे में बताया। साथ भारत तथा प्रदेश सरकार की लाभप्रद योजनाओं की जानकारी दी।

जन सुनवाई में कुल 76 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर नगर मजिस्टेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।



किसानों की समस्याएं सुनतीं छात्रा अदिति सिंह साथ में मौजूद डीएम अनुनय झा।

- जिलाधिकारी अनुनय झा के साथ कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई

वहीं बिलग्राम में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 एवं एंटी रोमियो अभियान के तहत बुधवार को थाना क्षेत्र के ग्राम नौमलिकपुर में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण व जागरूकता के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पुलिस ने महिलाओं व किशोरियों को सरकार द्वारा संचालित सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर एचसी रंजीत कुमार, कांस्टेबल श्रवण कुमार, महिला कांस्टेबल आरती व सीमा सहित थाना बिलग्राम पुलिस टीम मौजूद रही।

हरपालपुर संवाददाता के अनुसार थाने की मिशन शक्ति टीम ने बुधवार को हरपालपुर थाना क्षेत्र के बदनापुर गांव में मिशन शक्ति अभियान के तहत टीम प्रभारी महिला उपनिरीक्षक अंजना सचान ने ग्राम चौपाल कार्यक्रम में महिला सुरक्षा व साइबर अपराध से बचने के लिए महिलाओ व बच्चों को जागरूक करते हुए उन्हें पत्रक वितरित किये गए।

### धीरेन्द्र और अरविन्द बने भाजपा संडीला कार्यसमिति के सदस्य

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति ने हरदोई की विधानसभा 161 संडीला में कार्यसमिति का गठन किया है। जिसमें अतरौली से पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह तोमर व अरविन्द पाल को संडीला कार्य समिति में सदस्य के रूप में मनोनीत किया है। भाजपा कार्यकर्ता धीरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि पार्टी व पदाधिकारियों ने भरोसा करते हुए जो दायित्व दिया है उसका निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे। संडीला कार्य समिति से मनोनीत सदस्य अरविन्द पाल ने जिलाध्यक्ष कहा कि योगी जी के नेतृत्व में पुनः 2027 में पार्टी की सरकार बनाने को जी-जान से मेहनत करेंगे।



पारुल तिवारी को सम्मानित करते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

### इनर व्हील क्लब के सदस्यों को डीएम ने किया सम्मानित

**हरदोई, अमृत विचार।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ को उनके सराहनीय प्रोजेक्ट होप फॉर टीबी के लिए जिलाधिकारी अनुनय झा ने सम्मानित किया। क्लब की अध्यक्ष पारुल तिवारी ने बताया कि क्लब द्वारा प्रत्येक माह सीएचसी बिलग्राम में पांच टीबी से पीड़ित मरीजों को पोषक सामग्री वितरित की जाती है, जिससे मरीजों को काफी राहत मिलती है और उनके स्वास्थ्य में सुधार होता है। इसके लिए सहायता धनराशि एडवोकेट सुरेश चंद तिवारी द्वारा प्रदान की गई है। क्लब के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए जिला प्रशासन ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर चार्टर प्रेसिडेंट चित्रा वाजपेई, ट्रेजरार प्रीति तिवारी, एडिटर नीलम सिंह सहित रीना गुप्ता, रेनू शुक्ला एवं गीता त्रिवेदी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में क्लब की पहल को प्रेरणादायक बताया।



क्षेत्र में कांबिंग करती वन विभाग की टीम। अमृत विचार

### तेंदुए की तलाश में जुटीं वन विभाग की टीमें

**हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी के अम्बारी गांव में तेंदुआ की दस्तक के बाद से वन विभाग व प्रशासन अलर्ट मोड में है। तेंदुए की तलाश के लिए वन विभाग की पांच टीमें लगाई गईं हैं जो पड़ोसी जिलों की सीमा तक टोह ले रही हैं। वहीं तेंदुए की दहशत में लोग जरूरी होने पर ही खेतों व बागों की ओर जा रहे हैं। बताते चलें कि मंगलवार को तेंदुएं ने पिहानी के अम्बारी गांव की गौशाला में गाय के बछड़े पर हमला कर दिया, उससे दो दिन पहले एक ग्रामीण पर भी हमलावर हो चुका था। जिसके बाद उप प्रभागीय वन अधिकारी अर्चना रावत, क्षेत्रीय वन अधिकारी पिहानी नीलम मौर्या, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी पिहानी नरेंद्र वर्मा, वन दरोगा आशीष पाल और वन रक्षक राहुल कुमार व विपिन पाल की टीम अम्बारी पहुंची और तेंदुए के पैरों के निशान ढूंढ कर मूवमेंट कांबिंग शुरु की गई। साथ नाइट विज़न कैमरें लगाए गए है। मंगलवार की पूरी रात कांबिंग की गई, उसके बाद वन महकमें की पांच टीमों को लगाया गया है।

# स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बावन ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐजा का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध समिति अध्यक्ष हरिकेश सिंह एवं विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक श्यामजी गुप्ता ने मां सरस्वती की चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

विद्यालय की छात्रा शोभा, आसमा, खुशबू, कुलसुम द्वारा सरस्वती वंदना का प्रस्तुतीकरण किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण एवं तिलक लगाकर किया गया। मीना मंच के सदस्यों द्वारा एक लघुनाटिका का मंचन किया गया तथा इको क्लब के सदस्यों द्वारा पर्यावरण से संबंधित नाटक का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अमित शुक्ला द्वारा किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कक्षा 8 के सभी बच्चों को गिफ्ट देकर नम आंखों के साथ विदाई की गई तथा उनसे पढ़ाई जारी रखने को कहा। छात्रा कुलसुम द्वारा विदाई गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में श्यामजी गुप्ता ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ साथ अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाओं का संचालन वर्ष भर होता है, जिसमें बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। वर्ष में शिक्षा, खेल तथा अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र मुस्कान, विशेष, शोभा, अंकित, अल्ला रक्खा, कोशिकी और हरप्रीत को सम्मानित किया गया। मीना मंच, रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण व इको क्लब के सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथि शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी के जलपान के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।



प्रमाण पत्रों के साथ छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमित शुक्ला, प्रवेश कुमार, मनोज सिंह, अर्चना, अखिलेश, सतीश, मोतीलाल, कल्लू, दिनेश, किरन, मोहित सहित विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, ग्रामवासी तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# किसान ने अपनी 8 बीघा आलू की फसल जुतवाई

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

- गिरती कीमतों से निराश होकर खेत में चलवा दिया रोटावेटर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम ककरा खेड़ा निवासी किसान सुरेंद्र कुमार यादव आलू की गिरती कीमतों से परेशान होकर अपनी तैयार फसल को नष्ट करने पर मजबूर हो गए। किसान ने बताया कि उन्होंने करीब 8 बीघा खेत में आलू की खेती की थी, जिसमें लगभग 50 हजार रुपये की लागत आई, लेकिन बाजार में उचित दाम न मिलने के कारण उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा।

बताया कि पहले मजदूर लगाकर 97 कट्टी आलू खुदवाया, लेकिन जब बिक्री के लिए व्यापारी मात्र 100 रुपये प्रति कुंटल का रेट देने लगे, तो उन्हें निराशा हाथ लगी। इतनी कम कीमत में तो डिलीवरी का खर्च भी नहीं निकल पा रहा था, उल्टा 8000 रुपये तक ढुलाई में खर्च करना पड़ रहा था। निराश होकर किसान ने आखिरकार पूरी फसल को रोटावेटर से जुतवा दिया, जिससे उनकी महीनों की मेहनत मिट्टी में मिल गई। सुरेंद्र कुमार यादव ने सरकार से मांग की है कि ऐसे संकट में फंसे किसानों को आर्थिक सहायता दी जाए। क्षेत्र में कई अन्य किसान भी आलू की फसल का उचित मूल्य न मिलने से परेशान नजर आ रहे हैं।

**आयोजन** — बच्चों एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय में आमंत्रित कर हुआ कार्यक्रम

# विद्यालयों में धूमधाम से मनाया नवारंभ उत्सव

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय छोलहा कोडर विकास क्षेत्र सुरसा में 'नवारंभ उत्सव' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रवि कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष लालाराम 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय में आमंत्रित किया। नन्हे मुन्ने बच्चों का चंदन वंदन कर विद्यालय में फूल माला से स्वागत किया गया। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। अभिभावकों को विद्यालय में चल रही सभी योजनाओं के बारे में बताया गया तथा नवीन प्रवेश के लिए प्रेरित किया गया।



बच्चों को आशीर्वाद देते अतिथि। अमृत विचार

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार प्राथमिक विद्यालय गौरियापुरवा के प्रांगण में 'नवारंभ उत्सव' अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए प्रवेश लेने वाले बच्चों को विद्यालय के वातावरण के प्रति सहज बनाना और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। छात्रों ने स्वागत गीत और प्रेरणादायक लघु नाटक प्रस्तुत किए। नए बच्चों के लिए खेलकूद और चित्रकला जैसी मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, नोडल शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, समस्त शिक्षक स्टाफ और अभिभावक उपस्थित रहे। पिहानी संवाददाता के क्षेत्र के संविलियन स्कूल, मंसूर नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति की अध्यक्ष सेवनी अवस्थी ने किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक विजया अवस्थी, शिक्षक सचिन त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र कुमार, एजुकेटर सरिता, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री सुशीला, शैलजा सहित बच्चों के अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



बच्चे को तिलक लगातीं प्रधानाध्यापिका तरन्नुम खातून।

### बच्चों का टीका कर किया गया स्वागत

**हरदोई, अमृत विचार।** 'मज़बूत नींव-उज्जवल भविष्य' की थीम के साथ नवारंभ उत्सव मनाया गया। बावन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय जोगीपुर में को-लोकेटेड आंगनबाड़ी के बच्चों का नवारम्भ कराया गया, इस बीच बाल वाटिका में 15 और कक्षा-1 में 30 बच्चों को रोली-टीका लगा कर उनका प्रवेश कराया गया। प्रधानाध्यापिका तरन्नुम खातून ने अभिभावकों से कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उनकी मां बहुत बड़ा योगदान होता है, क्योंकि वहीं से बच्चों की बुनियादी शिक्षा शुरु होती है, उनकी सहभागिता के बगैर कुछ भी मुमकिन नहीं। प्रबंध समिति के अध्यक्ष परशुराम ने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को शत-प्रतिशत विद्यालय भेजें, जिससे कि उनकी शिक्षा बेहतर हो और भविष्य उज्जवल बन सके।

### शत-प्रतिशत बच्चों का स्कूलों में कराया जाए नामांकन : रजनी तिवारी

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद ब्लॉक संसाधन केंद्र पर समग्र शिक्षा अभियान के तहत ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, नोडल शिक्षकों के एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी उपस्थित रहीं। राज्य मंत्री ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों के नोडल शिक्षक, ग्राम प्रधान और जन समुदाय के सहयोग से बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन करवाएं और बच्चों की विद्यालय में उपस्थिति भी सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार इन नौनिहालों की शिक्षा के प्रति पूरी तरह सजग और क्रियाशील है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्य, क्षेत्रवासी, खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार और शिक्षा विभाग के कर्मचारी और अध्यापक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे, अभिभावक व अन्य।

### पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में रही नवारंभ उत्सव की धूम

**हरदोई, अमृत विचार।** पीएम श्री विद्यालय मुजाहिदपुर ब्लाक बावन में बाल वाटिका एवं आंगनवाड़ी में प्रवेश लेने वाले नए बच्चों का रोली अक्षत लगाकर बावन मंडल उपाध्यक्ष शिवेंद्र शुक्ला ने स्वागत किया। विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती जी को नमन करते हुए दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदना गान हुआ। कार्यक्रम में कक्षा-1 में प्रवेश होने वाले बाल वाटिका के बच्चों के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का आकर्षण कक्षा-1 व 2 के बच्चों का संपूर्ण वंदे मातरम गायन रहा। जिसकी सराहना एआरपी राजेंद्र दीक्षित ने की। कार्यक्रम में माताओं से कहा गया कि बच्चों को विद्यालय में आंगनवाड़ी में या बाल वाटिका में प्रतिदिन अवश्य भेजें।

## न्यूज ब्रीफ

### कल रहेगा कचहरी का अवकाश

**सीतापुर।** जनपद न्यायालय और परिवार न्यायालय के अवकाश की तारीखों में बदलाव किया गया है। जनपद न्यायाधीश आशीष जैन और परिवार न्यायालय के प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशानुसार अब राम नवमी का अवकाश पूर्व में घोषित ब्रहस्पतिवार के स्थान पर अब शुक्रवार रहेगा। इस परिवर्तन के चलते जनपद न्यायालय सीतापुर, परिवार न्यायालय, महमूदाबाद व बिसवां की बाह्य अदालतें और सिधौली व लहरपुर के ग्राम न्यायालय अब ब्रहस्पतिवार को कार्य के लिए खुले रहेंगे, जबकि शुक्रवार को सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

### 5.72 लाख की अवैध शराब व अन्य माल जब्त

**संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सीतापुर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशानुसार, जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज कुल 9 अभियोगों से संबंधित अवैध माल को जब्त किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी/दक्षिणी) के पर्यवेक्षण में खैराबाद, संदना, मछरेहटा और इमलिया सुल्तानपुर थानों में दर्ज गोवध निवारण और आबकारी अधिनियम के मामलों में यह कार्यवाही हुई। जब्त माल की कीमत 5,72,000 आंकी गई है।

### वाहन की टक्कर से पीएसी जवान गंभीर

**सीतापुर।** एक सड़क हादसे में पीएसी का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा। हादसा उस समय हुआ जब 27 बटालियन पीएसी में तैनात जवान शिवनंदन पुत्र दल सिंह ड्यूटी के सिलसिले में जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद जवान सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल जवान को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जवान की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया है।

### गैर जनपदीय खातेदारों की जमीनों का होगा गजट

**कार्यालय संवाददाता, अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी सिधौली के न्यायालय में उत्तर प्रदेश राजस्व संहित के अंतर्गत सरकार बनाम विभिन्न खातेदारों के बीच चल रहे मुकदमों में अहम निर्णय लिया गया है। एसडीएम ने बताया कि तहसील के विभिन्न ग्रामों जैसे कुचलाई, खालेपड़ी, पीरनगर, जगदीशपुर और मुजफ्फरपुर में स्थित कई गाटा संख्याओं के खातेदार बाहरी जिलों या राज्यों के निवासी पाए गए हैं। न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी नोटिसों के बाद भी प्रतिवादियों के संबंध में सही जानकारी उपलब्ध न होने के कारण अब जनहित में इन प्रकरणों का गजट कराने का निर्णय लिया गया है। इन मामलों की अगली सुनवाई के लिए बृहस्पतिवार की तिथि नियत की गई है।

### अवैध शस्त्रों के साथ दो शातिर गिरफ्तार

**मानपुर/नैमिषारण्य।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मानपुर और नैमिषारण्य पुलिस ने दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मानपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान लोनिया निवासी प्रमोद कुमार को एक अदद पौनिया तमंचा और कारतूस के साथ दबोचा। वहीं, नैमिषारण्य पुलिस ने झरिया निवासी रविकान्त को एक अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए रविकान्त पर पहले से ही पॉक्सो एक्ट और मारपीट जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें जेल भेजा गया है।

### दो अंतरजनपदीय महिला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**सीतापुर।** थाना नैमिषारण्य पुलिस ने चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने ध्रुव तालाब के पास से दो शातिर अंतरजनपदीय महिला हिस्ट्रीशीटरों को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई अभियुक्तों की पहचान आरती उर्फ प्रीती उर्फ पूजा और रामदेवी उर्फ काजल निवासी भगवन्तपुर रेवाली रामपुर कलां के रूप में हुई है। इनके पास से पुलिस ने चोरी का एक मंगलसूत्र लॉकेट, चेन का टुकड़ा और 2,170 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों महिलाएं शातिर अपराधी हैं। आरती के खिलाफ लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव और बाराबंकी में 13 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि रामदेवी के खिलाफ गोरखपुर व सीतापुर सहित विभिन्न जिलों में 6 मुकदमे दर्ज हैं।

# रवि पंचतत्व में विलीन, नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

## सऊदी अरब की रियाद स्थित फैक्टरी में मिसाइल गिरने से हुई थी मौत, वतन लौटे शव के अंतिम दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

**महमूदाबाद/ सीतापुर।**


बघाइन गांव में शव आने के बाद जमा ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

- प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विधायक और पूर्व मंत्री रहे मौजूद

**अमृत विचार :** ईरान-इजराइल के बीच चल रहे युद्ध में मिसाइल हमले में जान गंवाने वाले बघाईन गांव निवासी रवि गोपाल का शव बुधवार को गांव पहुंचा। एसडीएम बीके सिंह, सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव और कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में परिजनों ने अंतिम संस्कार को पूरे रीति-रिवाज के साथ किया। भाई मनमोहन ने चिता को मुखग्नि दी। सऊदी अरब में मिसाइल हमले में मौत के बाद बुधवार को उनका शव उनके पैतृक गांव लाया गया था। अंतिम दर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी और गमगीन माहौल में उन्हें विदाई दी गई। इस दौरान पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी, भाजपा विधायक आशा मौर्य और पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र वर्मा ने पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया।

गौरतलब है कि महमूदाबाद क्षेत्र के ग्राम बघाईन निवासी रवि गोपाल (25) रियाद स्थित रीवा प्लास्टिक फैक्टरी में कार्यरत थे। 18 मार्च को ईरान-इसराइल युद्ध के बीच फैक्टरी परिसर में मिसाइल गिरने से उनकी मौत हो गई थी। इसी के बाद मामले को जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने गंभीरता से लिया। उन्होंने दिल्ली और रियाद के दूतावास से संपर्क कर कुल प्रकरण से अवगत कराया। सार्थक प्रयास से शव को भारत लाने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी ने मृतक के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने बताया कि वे पहले ही सऊदी के रियाद में रीवा प्लास्टिक फैक्टरी के मालिक से एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने को लेकर प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, और विदेश मंत्री को इस संबंध में पत्र लिख चुके हैं।

> प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाई जाएगी। साथ ही संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। - **डॉ. राजा गणपति आर, जिलाधिकारी**


जागरुकता अभियान के तहत छात्राओं को टिप्स देती विशेष पुलिस।

### 'मिशन शक्ति' के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना 'मिशन शक्ति फेज-05' द्वितीय चरण के तहत जिलेभर में जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में पुलिस टीमों ने जन चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान पुलिस ने लिंगानुपात, बाल विवाह और लैंगिक शोषण जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 112, 108, 1098 और 1930 के उपयोग की जानकारी दी। महिलाओं को नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता आदि और साइबर अपराधों जैसे डिजिटल अरेस्ट व ओटीपी फ्रॉड से बचने के तरीके भी बताए गए। इस कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं और छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# युवती की धारदार हथियार से हत्या

**संवाददाता गोंदलामऊ / सीतापुर**


घटनास्थल पर क्षेत्राधिकारी मिश्रिख से जानकारी लेते एसपी अंकुर अग्रवाल।

- मछरेहटा थानाक्षेत्र के सत्तनपुर गांव की युवती का नहर किनारे मिला शव
- एसपी ने किया मौका मुआयना, एसओजी कई करीबियों को हिरासत में लेकर कर रही है पूछताछ

**अमृत विचार:** घर से निकली युवती का रक्तरंजित शव नहर किनारे मिला। संदना इलाके में मिले शव को लेकर पुलिस परिवार के कई करीबियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि युवती दिल्ली में रहकर नौकरी करती थी, पिछले कुछ दिनों पहले ही मछरेहटा थानाक्षेत्र स्थित अपने गांव सत्तनपुर लौटी थी, संदिग्ध स्थितियों को लेकर करीबियों से पूछताछ की जा रही है।

संदना थाना क्षेत्र में नहर पुलिया के करीब बीस वर्षीय युवती का शव मिलते ही हड़कंप मच गया। धारदार हथियार से हुई हत्या की खबर पाकर एसपी अंकुर अग्रवाल मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल के दौरान मृत युवती की पहचान मछरेहटा थाना क्षेत्र के सत्तनपुर गांव वासी मोनिका पुत्री राजकिशोर के रूप में हुई। पूछताछ के बीच बीस वर्षीय युवती मोनिका के पिता राजकिशोर ने बताया कि मोनिका कुछ दिनों से गांव में रह रही थी, अचानक घर से निकलकर लापता हो गई। बाद में सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में धारदार हथियार से गहरे घाव मिले हैं। इन्हीं दावों और जांच के बीच पुलिस ने परिवार के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल का कहना है कि पूछताछ के दौरान मोनिका के भाई के लापता होने की सूचना है, परिवार के कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। एसओजी और फील्ड यूनिट के साक्ष्य संकलन के बाद एसओजी जांच में जुटी है, जल्द ही वारदात का खुलासा कर लिया जाएगा।

#### तो कहीं प्रेम प्रसंग तो नहीं बना हत्या की वजह

मोनिका की हत्या को लेकर प्रेम-प्रसंग फिलवक्त चर्चा में है। जानकार बताते हैं मोनिका का प्रेम संबंध परिवार को भा नहीं रहा था। इसी को लेकर कुछ समय से परिवार में अनबन चली आ रही थी।


अभिभावकों को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

### वार्षिकोत्सव में निखरी प्रतिभा, मेधावी सम्मानित

**गोंदलामऊ/ बिसवां।** जनपद के विभिन्न विकास खंडों में परिषदीय विद्यालयों के वार्षिकोत्सव और विदाई समारोह की धूम रही। गोंदलामऊ के उच्च प्राथमिक विद्यालय भीखपुर में आयोजित समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी सिम्मी निगार ने कहा कि यहां के छात्रों ने जिले का नाम रोशन किया है। प्रधानाध्यापक अवनीश मिश्रा ने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। वहीं, बिसवां के राजाकरनाई स्थित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में भव्य विदाई समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त बीईओ शिव मंगल वर्मा ने परिश्रम को सफलता की कुंजी बताया। विशिष्ट अतिथि शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रविंद्र दीक्षित ने कहा कि प्राथमिक स्कूल ही बच्चों की मजबूत नींव तैयार करते हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान भारी संख्या में शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

### चार दोषियों को 10-10 वर्ष का कारावास

**सीतापुर।** 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत सीतापुर पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने महिला संबंधी अपराध के चार दोषियों को कड़ा दंड सुनाया है। बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी ने थाना कमलापुर क्षेत्र के ग्राम बम्भौरा निवासी विकास, रामनरेश, आवास और शांति देवी को विभिन्न धाराओं और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दोषी पाया।

न्यायालय ने चारों अभियुक्तों को 10-10 वर्ष के कारावास और कुल 16, हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में की गई गुणवत्तापूर्ण विवेचना और अभियोजन की मजबूत पैरवी इस सजा का मुख्य आधार बनी।

### गड्ढों में तब्दील मार्ग दे रहा हादसों को दावत

**कमलापुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कमलापुर से हमीरपुर को जाने वाला प्रधानमंत्री ग्रामीण संपर्क मार्ग बदहाली के आंसू रो रहा है। लंबे समय से मरम्मत के अभाव में यह मार्ग अब बड़े-बड़े गड्ढों की पहचान बन चुका है, जिससे आए दिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं। पतारा कलां निवासी अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि बीते दिनों सड़क के गड्ढे में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय निवासी अमर शर्मा, पप्पू और मोनू ने बताया कि यह महत्वपूर्ण मार्ग प्रसिद्ध तीर्थ स्थल नैमिषारण्य को जोड़ता है और दर्जनों गांवों के आवागमन का मुख्य जरिया है। आरोप है कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बावजूद इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# परिषदीय विद्यालयों में गूंजी किलकारी

**संवाददाता, सीतापुर।**


बिरैंचा कंपोजिट विद्यालय में बच्चों को कलाकृतियां बनाना सिखाते शिक्षक।

**अमृत विचार :** जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में नए शिक्षा सत्र के उपलक्ष्य में 'नवारम्भ उत्सव' का आयोजन किया गया। अभियान के तहत 1 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य 6 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों के नामांकन हेतु अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में परसेंडी विकास खंड के ग्राम बिरैचा स्थित कंपोजिट विद्यालय में प्रधानाध्यापक अनिल श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अभिभावकों को 'बालवाटिका' और प्राथमिक शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में ईसीसीई एजुकेटर हिमांशी, सहायक अध्यापकों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से 3 से 4 वर्ष के बच्चों का बालवाटिका में प्रवेश कराया गया।

इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और बालू पर आकृतियां उकेरकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। बच्चों को स्टेशनरी, शिक्षण सामग्री और जलपान वितरित कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक विद्यासागर, नंदकिशोर, ओमप्रकाश, रीता सिंह सहित अन्य शिक्षकगण और अभिभावक उपस्थित रहे।

### बार एसोसिएशन चुनाव का मतदान 23 अप्रैल को

**सीतापुर।** बार एसोसिएशन सीतापुर की वार्षिक आम सभा की बैठक बुधवार को अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी की अध्यक्षता व महासचिव दिनेश कुमार त्रिपाठी के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में चार्टर्ड एकाउंटेंट संजय गुप्ता ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन मृत्युंजय बख्श श्रीवास्तव ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया कि चंदा जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च तय की गई है। नामांकन पत्रों की बिक्री व दाखिला 6 से 8 अप्रैल तक होगा, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 9 व 10 अप्रैल को की जाएगी। एसोसिएशन के नए पदाधिकारी चुनने के लिए 23 अप्रैल को मतदान होगा और 24 अप्रैल को मतगणना की जाएगी।

### पुलों के नामकरण के लिए आरएलडी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**सीतापुर।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव आरपी सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सीतापुर जनपद के दो प्रमुख पुलों के नामकरण की मांग की है। पत्र के माध्यम से उन्होंने क्षेत्र की जनता की भावनाओं का हवाला देते हुए मांग की है कि सीतापुर व बहराइच को जोड़ने वाले चहलानी पुल का नाम 1857 की क्रांति के वीर योद्धा 'शहीद राजा बलभद्र सिंह' के नाम पर रखा जाए। इसके साथ ही, उन्होंने चंदीभानपुर सीतापुर से रायपुर खतौली लखीमपुर खीरी को जोड़ने वाले निर्माणाधीन सेतु का नाम 'भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल' के नाम पर करने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र में लिखा कि इन महापुरुषों के नाम पर नामकरण करना स्थानीय लोगों की लंबे समय से मांग रही है।

### महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**संवाददाता, हरगांव। अमृत विचार :** तीर्थ मंदिर परिसर में थाना हरगांव की मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला सुरक्षा और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और युवतियों को आत्मरक्षा व उनके अधिकारों के प्रति सजग किया गया। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपात स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें। उन्होंने 1090 महिला पावर लाइन, 112 पुलिस सेवा, 1930 साइबर अपराध और 1076 सहित अन्य टोल-फ्री नंबरों की विस्तृत जानकारी दी। महिला हेड कांस्टेबल शशि प्रभा और कांस्टेबल पूजा सिंह ने घरेलू हिंसा व साइबर सुरक्षा पर चर्चा की। इस दौरान कांस्टेबल रवि कुमार व स्थानीय महिलाएं मौजूद रहीं। ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल को काफी सराहा।

### भाजपा की नई कार्यकारिणी ने भरी हुंकार, नौ सीटों पर जीत का संकल्प

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** भाजपा जिला कार्यालय पर नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों की प्रथम परिचय बैठक जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर घोषित यह कार्यकारिणी मां जगदंबा के आशीर्वाद से जिले की सभी नौ विधानसभाओं में कमल खिलाएगी। बैठक में आगामी 2027 चुनाव को देखते हुए पदाधिकारियों में कार्य विभाजन भी किया गया। जिसमें सुधाकर शुक्ला को महामंत्री लहरपुर, बिसवां, सेवता, पटेल रेखा वर्मा महमूदाबाद, सिधौली, मिश्रिख। विपुल प्रताप सिंह सीतापुर, महोली, हरगांव, विश्राम सागर राठौर संपूर्ण प्रबंधन। इसके अलावा नैमिष रतन तिवारी, जया सिंह, सचिन मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों को विभिन्न विधानसभाओं में प्रवासी की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर मंजू राजवंशी, प्रखर जायसवाल, अतुल तिवारी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शिक्षा पंचायतों के एजेंडे में है शामिल: बीएसए

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** सीखो सिखाओ फाउंडेशन के सहयोग से संचालित ग्रामीण युवा फेलोशिप कार्यक्रम का तृतीय दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र सिंह ने फाउंडेशन के प्रयासों को शैक्षिक गुणवत्ता में मील का पत्थर बताते हुए बच्चों को सपने देखने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

विशिष्ट अतिथि बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि सीतापुर प्रदेश का एकमात्र जिला है जहां शिक्षा पंचायतों के एजेंडे में शामिल है, जिसमें संस्था का महत्वपूर्ण सहयोग है। फाउंडेशन के समन्वयक मनीष सिंह ने बताया कि 14 फेलो का स्नातक पूर्ण हुआ है और अब 20 नए सदस्य इस मुहिम को आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में इण्डिया एजुकेशन कलेक्टिव के अनुराग तिवारी, डालमिया भारत फाउंडेशन के सीईओ अशोक गुप्ता रिटायर्ड आईएस और शिव नाडर फाउंडेशन के मयंक सिन्हा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# गौशालाओं में पशुओं को लू से बचाएं लापरवाही पर होगी कार्रवाई: डीएम


विकास भवन सभागार में बीडीओ एवं पशु चिकित्साधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम।

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने विकास भवन सभागार में गौ-आश्रय स्थलों और विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि गर्मी और लू को देखते हुए गौशालाओं में छाया, पर्याप्त पेयजल, हरा चारा और पौष्टिक आहार के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। डीएम ने स्पष्ट किया कि खण्ड विकास अधिकारी और पशु चिकित्सा अधिकारी नियमित निरीक्षण करें और बीमार पशुओं का उचित उपचार सुनिश्चित करें। उन्होंने साईलेज के लिए तीन दिन और भूसा खरीद के लिए 10 दिन में टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि कार्यों में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्त, डीसी मनरेगा चंदन देव पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सड़क हादसों में दो की मौत, पांच घायल

**सीतापुर। अमृत विचार :** जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक युवक और एक किशोर की मौत हो गई, जबकि पीएसी जवान व एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना मिश्रिख-सिधौली मार्ग पर काशीपुर के पास हुई, जहाँ तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कमलापुर निवासी अम्बुज (35) की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी शांति गंभीर रूप से घायल हो गईं। गनीमत रही कि उनका एक वर्षीय मासूम बाल-बाल बच गया। दूसरी घटना नैमिषारण्य इलाके के पियना चौराहे की है, जहां अनियंत्रित वाहन की टक्कर से साइकिल सवार जगदीश (18) निवासी घैला की मौके पर ही मौत हो गई।


जगदीश (फाइल फोटो)

### पार्थ कपूर ने विद्यालय में पाया प्रथम स्थान


छात्र को सम्मानित करते अतिथिगण। अमृत विचार

**संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार :** क्षेत्र की अग्रणी शिक्षण संस्था ओएनजीसी के कक्षा तीन के छात्र पार्थ कपूर ने वार्षिक परीक्षा में अपनी कक्षा और विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर नगर का मान बढ़ाया है। नगर के मोहल्ला काजी टोला निवासी विशाल कपूर के पुत्र पार्थ को इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दानिश खान द्वारा 'सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट' व स्कॉलर अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। पार्थ ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों और माता-पिता के मार्गदर्शन को दिया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक आशीष सिंघानिया, एमएलसी जासमीर अंसारी, हरीश रस्तोगी, सभासद उमेश मेहरोत्रा, प्रधान विवेक शुक्ला और शिक्षक अनवर अली सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अधूरे 'जल मिशन' से प्यासे गांव खोदी गई सड़कें बनीं मुसीबत

**विकास खण्ड क्षेत्र मिश्रिख व परसेण्डी का है मामला**

**औरंगाबाद/सीतापुर।**

**अमृत विचार :** क्षेत्र में 'हर घर जल' योजना खुद मुसीबतों के मकड़जाल में फंस गई है। विकास खंड मिश्रिख के अधिकांश गांवों में जल जीवन मिशन का काम अधर में लटका है। कहीं दो साल तो कहीं ढाई साल से पानी की टंकी का निर्माण अधूरा है। ग्रामीण पप्पू, रमेश, सोनू, रमाकांत आदि ने बताया कि नियमों की अनदेखी और मनमानी के कारण ग्रामीणों को स्वच्छ जल मिलना तो दूर, पाइपलाइन के लिए खोदे गए रास्तों ने आवागमन भी दुश्वार कर दिया है। ग्राम पंचायत भैरमपुर में दो साल से ओवरहेड टैंक का काम अधूरा है।


मिश्रिख क्षेत्र में अधूरी पड़ी पानी की टंकी।


परसेंडी के बिरैचा गांव में पम्प हाउस परिसर के भीतर लगे अधूरे टंकी के पिलर।

#### बिरैचा में नहीं बन सकी पानी की टंकी

विकास खण्ड परसेंडी के बिरैचा में पंप हाउस पर अब तक टंकी नहीं बन सकी है। यहां केवल मोटर के सहारे कुछ घरों में आपूर्ति दी जा रही है। महसिंहपुर व भवानीपुर के ग्रामीणों का आरोप है कि चार साल पहले सड़कें खोद दी गईं, लेकिन आज तक कनेक्शन नहीं मिला। गर्मी सिर पर है और पंचायत के हैंडपंप भी खराब पड़े हैं, जिससे पेयजल संकट गहराने की आशंका है।

> फंड की कमी से कार्य बाधित था। अब बजट मार्च माह के अंतिम दिनों तक मिलने की उम्मीद है, जिसके बाद टंकी व अन्य निर्माण पूरा कर आपूर्ति शुरू करा दी जाएगी। - **रामप्रकाश, अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण)**

### छात्र को बेरहमी से पीटा पुलिस से शिकायत

**संवाददता, हरगांव। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरीरामपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को वार्षिकोत्सव की खुशियां उस समय काफूर हो गई, जब एक कुर्सी टूटने पर शिक्षक ने छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। परिजनों के अनुसार, विद्यालय में वार्षिकोत्सव का माहौल था। इसी दौरान कुर्सी टूटने का आरोप लगाकर अध्यापक सुंदर लाल ने गांव के ही मोहम्मद साद (12) और आजाद (12) की जमकर पिटाई कर दी। घटना से डरे-सहमे बच्चों के परिजनों ने तत्काल 112 पीआरबी को सूचना दी और ककराही चौकी प्रभारी को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त शिक्षक का व्यवहार पूर्व में भी विवादित रहा है। अभिभावकों ने खंड शिक्षा अधिकारी से भी मामले की शिकायत की है। अब देखना यह है कि विभाग और पुलिस इस आरोपी शिक्षक पर क्या कार्रवाई करते हैं।

### दहेज के लिए विवाहिता को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**लहरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आंबा निवासी एक विवाहिता ने अपने ससुराल वालों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने और घर से निकालने का आरोप लगाया है। ग्राम आंबा निवासी लक्ष्मी देवी (22) के मुताबिक, उसका विवाह 21 मई 2023 को नीमगांव खीरी के ग्राम व्यासपुर निवासी शिव सिंह के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति, ससुर, सास, जेठ, जेठानी व एक अन्य परिजन कम दहेज का ताना देकर उसे प्रताड़ित करने लगे। ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये नकद और सोने की चेन की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर पीड़िता को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर घर से भगा दिया गया। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

न्यूज ब्रीफ

## धू-धूकर जली बस बाल-बाल बचे सवार

**राही :** भदोखर थाना क्षेत्र के रायबरेली-प्रतापगढ़ मार्ग पर सवारी से भरी बस अचानक धू धू कर जलने लगी। शाम लगभग सात बजे शहर से सलोन जा रही बस जैसे ही रायपुर महेरी के निकट अचानक बस मे आग लग गई। बस में आग लगते ही सवार महिलाएं व पुरुषों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे लोगों को आनन-फानन किसी तरीके से शीशा तोड़कर बाहर निकाला। गनीमत रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। सीओ सीटी अरूण कुमार नौहार ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। थाना प्रभारी राकेश चंद्रा ने बताया कि अंसार बस सर्विस सलोन की बस में आग लगी थी। फंसे सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। मामले की जांच की जा रही।

## वाहन की टक्कर में दो लोग घायल

**बछरावां :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेहगो तमनपुर निवासी लवकुश (25) तथा लक्ष्मण (20) पुत्रगण रघुनाथ की बाइक में देर रात रास्ते में लालखेड़ा गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों सड़क मार्ग पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां से दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## गैर समुदाय के युवक पर दुष्कर्म का आरोप

**बछरावां :** थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली एक युवती के साथ पड़ोस के ही एक युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना के बाद पीड़िता ने परिजनों को पूरी जानकारी दी, जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। इस बाबत क्षेत्राधिकारी महराजगंज प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। मामले के आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है।

## पाइप लीकेज से ग्रामीणों में आक्रोश

**महराजगंज :** क्षेत्र मोन गांव में जल जीवन मिशन के तहत डाली गई पाइप लाइन फट गई है। करीब एक वर्ष से पानी लीकेज की वजह से रास्ते में कीचड़ व फटी पाइप लाइन से दूषित जलापूर्ति की समस्या बनी रहती है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरेश कुमार का कहना है कि मोन पानी टंकी से जलापूर्ति के लिए बिछाई गई पाइप लाइन करीब एक वर्ष से बजाज मौर्य की चक्की, रोहित मौर्य के घर व शब्बू सिंह के घर समेत तीन जगहों पर फूटी है, जिससे आगे के घरों तक जलापूर्ति नहीं हो पाती है। कई बार विभाग के जेई से समस्या के समाधान को लेकर शिकायत की गई लेकिन समाधान नहीं हो सका। इसके अलावा कुलदीप सिंह, अंशुमान मिश्रा, अमरेंद्र सिंह आदि ने बताया कई बार शिकायत की गई लेकिन समाधान नहीं हुआ।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**जगतपुर :** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग किशोरी के साथ युवक ने मुंहकाला किया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जगतपुर थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि शारदा सहायक नहर के पास से किशोरी से दुष्कर्म की घटना में वांछित आरोपी राजकरण पटेल पुत्र मिलन पटेल निवासी पूरे गिरवर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# ईंट-भट्ठे से श्रमिक की बेटी का अपहरण

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** ईंट-भट्ठे पर काम करने वाले एक गरीब की बेटी के अपहरण की सनसनीखेज घटना सामने आ रही है। अपहृत किशोरी की बहन ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है, जिसमें दो सगे भाइयों को नामजद किया गया है।

घटना क्षेत्र के हरबंधनपुर गांव के पास स्थित ईंट भट्ठे का है। यहां पर रोहनिया ब्लाक के धौरहरा गांव निवासिनी अर्चना अपने माता पिता और छोटी बहन के साथ मजदूरी करती है । उनका आरोप है कि वह मंगलवार को बाजार खरीदारी करने गई थी, तभी उनकी छोटी बहन को हरबंधनपुर गांव के दो भाइयों ने मिलकर कुछ खिला दिया और उसे बाइक पर बैठाकर उठा ले गए। जब वह बाजार से लौट रही थी तब रास्ते में उसने अपनी बहन को ले जाते हुए देखा। उसके बाद ईंट भट्ठे पर पहुंचकर अपने मां बाप को पूरी घटना बताई। इसके बाद पूरा परिवार अपनी बेटी को खोजता रहा, किंतु उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। बुधवार को पीड़ित परिवार कोतवाली पहुंचा और मामले की लिखित तहरीर दी।

वहीं कोतवाल अजय कुमार राय का कहना है कि किशोरी आशनाई में भागी है। जिसकी तलाश की जा रही है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की गई जान, मचा कोहराम

ऊंचाहार (रायबरेली)

मुकदमा दर्ज

- लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर वाहन ने मारी टक्कर

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर एक सड़क हादसे में बुलेट सवार युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने तिवारीपुर तिराहे के पास उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान पूरन शाहपुर, मजरे किसुनदासपुर निवासी अंकित (पुत्र रामजीत) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, बीती रात अंकित अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से जा रहा था, तभी तिवारीपुर तिराहे के पास एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंकित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही अंकित की मृत्यु हो चुकी थी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि युवक को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ऊंचाहार कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि जानकारी मिली थी। परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फरार वाहन की तलाश कर रही है।

**सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार घायल, डलमऊ:** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के बरगदहा निवासी अर्जुन (25) पुत्र श्यामलाल अपने घर से मुराई बाग की तरफ जा रहे थे। वही यश कुमार (24) पुत्र प्रेम निवासी कठगर मुराई बाग की तरफ से अपने घर जा रहे थे। सहकारी बैंक के पास दोनों की आमने-सामने की टक्कर हो गई जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राघवन सिंह ने बताया कि गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## दो बाइकों की टक्कर, तीन लोग घायल


घायल का उपचार करते स्वास्थ्य कर्मी।

**बछरावां (रायबरेली) अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर करदहा थाना मौरावा जनपद उन्नाव निवासी रजनीश पुत्र राजकिशोर (35) साथी राम सहाय पुत्र भगवानदीन (30) अपनी बाइक पर सवार होकर रायबरेली से वापस अपने घर जा रहे थे। रास्ते में मुडियाडीह आश्रम मोड के निकट सामने से आ रहे बाइक सवार मोहम्मद तालिब पुत्र वाहिद (29) निवासी अहियारायपुर की बाइक व रजनीश की बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार तीनो युवक घायल हो गए। तीनों को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां से मोहम्मद तालिब और रजनीश को ट्रामा सेंटर व रामसहाय को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# पुलिस मुठभेड़ में छह बदमाश गिरफ्तार

## दो शातिरों के पैर में लगी गोली: रेकी कर महिलाओं को बनाते थे निशाना, गैंग का हुआ भंडाफोड़

संवाददाता, रायबरेली


पुलिस गिरफ्त में बदमाश व लूट की वारदातों का खुलासा करते एसपी रवि।


लूटेरों से बरामद किया गया माल।

**अमृत विचार।** जिले में लगातार हो रही लूट और चेन स्नैचिंग की वारदातों का आखिरकार पुलिस ने बड़ा खुलासा कर दिया। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में महिलाओं को निशाना बनाकर लूटपाट करने वाले शातिर अंतरजनपदीय गैंग के छह सदस्यों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। जवाबी फायरिंग में दो बदमाश घायल हो हुए हैं। घटनाएं 24 फरवरी, 10 मार्च और 20 मार्च 2026 को सामने आई, जब भदोखर थाना, नसीराबाद थाना और बछरावां थाना क्षेत्रों में महिलाओं से चेन लूट और बाइक लूट की वारदातें हुईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने एसओजी और सर्विलांस टीम को सक्रिय किया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित किरण हाल में लूट और चेन स्नैचिंग की वारदातों का खुलासा करते हुए एसपी रवि कुमार ने बताया कि 25 मार्च की देर रात पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। चक कोडरा के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध इको कार और एक बाइक दिखी। रोकने पर बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाब में फायर झोंका। जिसमें सूरज पुत्र रामचंद्र निवासी मस्तीपुर थाना निगोहा जिला लखनऊ के पैर में गोली लगी, जबकि उसका साथी स्वयंवर उर्फ गोलू पुत्र राजनरायन निवासी उम्मेद खेड़ा थाना मौरावां जिला उन्नाव को मौके से पकड़ लिया गया। इधर भाग रही इको कार को बछरावां क्षेत्र में घेराबंदी कर रोका गया। खुद को घिरता देख कार सवार बदमाशों ने फिर फायरिंग की, लेकिन इस बार भी पुलिस भारी पड़ी। जवाबी गोलीबारी में अभिनंदन पुत्र शिवमोहन निवासी मोहन खेड़ा मजरे सुडौली थाना मौरावां जिला उन्नाव घायल हो गया। मौके से अनिकेत पुत्र शिवशंकर निवासी मस्तीपुर, थाना निगोहा जिला लखनऊ, पंकज उर्फ पिंटू यादव पुत्र रमेश और मनीष कुमार पुत्र गंगा सागर निवासी मखदूम खेड़ा थाना मौरावां जिला उन्नाव को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में गैंग का पूरा खेल खुलकर सामने आया। पुलिस के अनुसार यह बदमाश पहले इलाके में घूमकर रेकी करते थे, फिर सूनसान जगहों पर महिलाओं को निशाना बनाकर चेन लूट लेते थे। इतना ही नहीं, बाइक चोरी और घरों में चोरी की वारदातें भी इनके खाते में हैं। आरोपियों ने कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता कबूल की है, जिनमें बकरी चोरी तक शामिल हैं।

### अलग-अलग जनपदों में वारदातों को बदमाश देते थे अंजाम

पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध तमंचे, कारतूस, करीब 47 हजार रुपये नकद, तीन मोटरसाइकिलें और एक इको कार बरामद की है। बरामद रकम लूट और चोरी से जुड़ी बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक गैंग के कई सदस्यों का पहले से लंबा आपराधिक रिकॉर्ड है और ये अलग-अलग जनपदों में वारदातों को अंजाम देते थे। फिलहाल सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है, जबकि फरार साथियों की तलाश जारी है। पुलिस का दावा है कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय बड़े गिरोह की कमर टूट गई है और आने वाले समय में अपराध पर और सख्ती से लगाम कसी जाएगी।

## यूपी के थाने और तहसीलों में फैला है जातिवाद : शिवपाल


मीडिया को संबोधित करते शिवपाल यादव।

**ऊंचाहार (रायबरेली), अमृत विचार।** बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री व वरिष्ठ सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने ऊंचाहार में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि थाने और तहसीलों में जातिवाद फैला हुआ है।वह लखनऊ से प्रयागराज जाते समय ऊंचाहार में रुके थे। उनका काफिला जब ऊंचाहार पहुंचा तो वहां पर पहले से उपस्थित सपा नेताओं कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने उनका माला फूल व बुके देकर जोरदार स्वागत किया।उन्होंने वहां पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे प्रदेश की जनता भाजपा की जनविरोधी गलत नीतियों महंगाई, बेरोजगारी, प्रशासनिक गुंडागर्दी, थानों तहसीलों और ब्लॉकों में फैले जातिवाद भ्रष्टाचार आवारा जानवरों से तंग आ चुकी है। सरकार की गलत नीतियों की वजह से पूरे प्रदेश में एलपीजी गैस के लिए हाहाकार मचा हुआ है लोग लाइनों में खड़े हैं लेकिन उन्हें गैस नहीं मिल पा रही है। किसा नों को उनकी फसलों का वाजिब दाम नहीं मिल पा रहा है, जिससे किसान परेशान होकर आत्महत्या कर रहे हैं। पूरे प्रदेश में पढ़े-लिखे नौजवानों को कहीं रोजगार नहीं मिल पा रहा है सरकार इस तरफ बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही है। महंगाई आसमान छू रही है वस्तुओं के आए दिन रेट बढ़ते जा रहे हैं। थानों तहसीलों और ब्लॉकों में बिना पैसे के आम आदमी का काम नहीं हो रहा है। गरीबों और किसानो की कोई सुनने वाला नहीं है। उन्हें समय पर खाद बीज और पानी यह सरकार देने में फेल है। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी जगदेव यादव, ब्लॉक अध्यक्ष विंदेश्वरी पासी, ब्लॉक अध्यक्ष रोहनिया मदन यादव, बीएन मौर्य, इंजीनियर मानसिंह पटेल, आंनद राज पाण्डेय, मो हसनैन, घनश्याम मौर्य, महेश यादव प्रधान, मिश्री लाल फौजी, विनय यादव रोहनिया, बुद्धी लाल निर्मल, ओमप्रकाश मौर्या, डॉ मंसूरी, आफताब आलम, हरीश यादव, शुभम पाल, रेहान कजियाना, अरसद सुल्तान, विकास यादव, मन्तोष पासी, अरशद सुल्तान डॉ नरेंद्र यादव, कमलेश मौर्य, सर्वजीत सिंह यादव, हितेन्द्र यादव, दिनेश रोहनिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## कथा व्यास ने श्रद्धालुओं को कराया कथा का रसपान

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** नगर पंचायत शिवगढ़ के सरांय छात्रधारी में आयोजित सात दिवसीय श्री भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन श्रद्धालु भक्ति रस में पूरी तरह सराबोर नजर आए। प्रसिद्ध कथावाचक पं. देवेन्द्र अवस्थी महाराज ने शिव बारात और शिव विवाह प्रसंग का ऐसा जीवंत वर्णन किया कि पूरा पंडाल "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठा। महाराज जी ने भगवान शिव की अद्भुत बारात का वर्णन करते हुए बताया कि यह बारात केवल विवाह का उत्सव नहीं, बल्कि त्याग, समानता और भक्ति का संदेश है। उन्होंने शिव विवाह को आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक बताते हुए कहा कि भगवान शिव का सरल, निष्कपट और विरक्त स्वरूप हमें जीवन में अहंकार त्यागने की प्रेरणा देता है। कथा के दौरान अद्भुत झांकियां दिखाई गई जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। आयोजन में सदाशिव कश्यप, महंत गुरु प्रसाद यज्ञसैन, शिवभोला कश्यप, कल्लू सहित क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## बिजली पासी व आम्बेडकर की प्रतिमा का हुआ अनावरण


प्रतिमाओं के अनावरण मौके पर मौजूद लोग।

**शिवगढ़।** क्षेत्र के निहालखेड़ा मजरे सूरजपुर में बुधवार को महाराजा बिजली पासी एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की भव्य प्रतिमाओं का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी, राष्ट्रीय कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनोद कुमार रावत तथा क्षेत्रीय सपा विधायक श्याम सुन्दर भारती आदि ने संयुक्त रूप से प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर वक्ताओं ने महाराजा बिजली पासी और बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन संघर्ष, सामाजिक समरसता और समानता के संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन उमाशंकर विक्रम उर्फ लल्लन पासी के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रमेश कुमार, मोहित विक्रम, श्रवण कुमार, समाजसेवी राकेश कुमार, अवधेश रावत, राजेश कुमार पासवान, संदीप कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटका मिला बुजुर्ग का शव

खीरों (रायबरेली)

मचा हड़कंप

- गांव जुड़ावन का पुरवा मजरे मेड़ौली का मामला, जांच शुरू


रामप्यारे की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव जुड़ावन का पुरवा मजरे मेड़ौली में मंगलवार की रात घर के अन्दर बरामदे में लगे पंखे से लुंगी के सहारे एक बुजुर्ग का शव लटका मिला। शव देखते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और काफी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। मृतक के रिश्तेदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की बेटी मोहिनी लोधी ने बताया कि घर में आए दिन घरेलू बातों को लेकर पिता रामप्यारे (60) पुत्र शंकर लोधी और मां शिताला लोधी में झगड़ा होता रहता था। मंगलवार की शाम को भी झगड़ा हुआ। शाम को खाना खाने के बाद वह अपनी मां शिताला के साथ दरवाजे लेट गई और पिता रामप्यारे घर का मुख्य द्वार बन्द करके घर के अन्दर बरामदे में सो गए। रात को उसकी मां शिताला किसी काम से घर के अन्दर जाने के लिए दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। कोई जवाब न मिलने पर मां किसी तरह छत के रास्ते जीने से नीचे घर के अन्दर पहुंची तो पिता रामप्यारे (60) का शव लुंगी के सहारे पंखे से लटका हुआ था। मां ने मुख्य द्वार खोलकर चीखपुकार शुरू कर दिया। ग्रामीण भी एकत्र हो गए। मृतक के भांजे कल्लू लोधी की सूचना पर पहुंची खीरों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

वहीं प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के रिश्तेदार की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। शिकायती पत्र मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# माता के जगराते में खूब लगे जयकारे


जगराते में झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार


श्रीमद्भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

खीरों (रायबरेली)

**अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के गांव अधारखेड़ा मजरे धुराई में स्थित श्रीदुर्गा मन्दिर परिसर में ग्रामीण भक्तों द्वारा जगराते का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने भक्ति गीतों के साथ सजीव झांकियों के माध्यम मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और जयकारों के साथ भक्त खूब झूमें। जगराते की शुरूआत देवा श्रीगणेशा गीत और गणेश जी की सजीव झांकी के साथ हुई। उसके बाद बाला जी के भजनों के साथ बाला जी की सजीव झांकी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर आसपास के कई गांवों के काफी संख्या में महिला, पुरुष भक्त उपस्थित थे।

झूमे भक्त

**संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, शिवगढ़:** शिवगढ़ क्षेत्र के पूरे अवस्थी शाहपुर में चल रही सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा में दूसरे दिन कथाव्यास पण्डित गोविंद शास्त्री महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से कथा का रसपान कराते हुए अश्वत्थामा-पाण्डव प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कथा में धुंधकारी के जन्म व मुक्ति की कथा का रसपान कराते हुए बताया कि आत्मदेव नाम के एक ब्राह्मण थे, जिनकी पत्नी का नाम धुन्धुली था। ब्राह्मण को संतान की प्राप्ति की अत्यन्त इच्छा थी। संतान के लिए उन्होंने तप किया जिससे प्रसन्न होकर देवता ने उन्हें पुत्र प्राप्ति के लिए पत्नी को खिलाने के लिए फल दिया। इस कथा के माध्यम से श्री शुकदेव जी महाराज ने कामना की और लोभ से बचने का संदेश दिया। कथा में अपनी टीम के साथ पहुंचे समाजसेवी राजभैया उर्फ़ राज दीक्षित हरियाणा वाले ने कथावाचक को सम्मानित कर आशीर्वाद लिया। कथा में पूर्व विधायक रामलाल अकेला, बछरावां नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी उर्फ शिवेंद्र सिंह वर्मा, हैदरगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार केके द्विवेदी उर्फ राजू भैया, अनिल शुक्ला, मनोज त्रिवेदी ने कथाव्यास का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर यजमान शिवशंकर अवस्थी, अजय कुमार अवस्थी, संजय कुमार अवस्थी, संयोग अवस्थी आदि रहे।

## विश्व क्षय रोग दिवस पर किया गया जागरूक

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज में विश्व क्षय रोग दिवस पर चल रहे जागरूकता पखवाड़ा के तहत सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में स्कूली बच्चों के बीच टीबी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष व रजिस्ट्रार प्रो डॉ. भोला नाथ ने विद्यार्थियों को टीबी के सामान्य लक्षण, शीघ्र पहचान, पूर्ण उपचार तथा टीबी नियंत्रण में पोषण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को जागरूक रहने एवं अपने परिवार और समुदाय में सही जानकारी फैलाने के लिए प्रेरित किया। आयोजित कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही सभी छात्र-छात्रओ को टीबी उन्मूलन की शपथ दिलाई। नोडल अधीकारी डॉ. नीरज पवार ने आयोजित कार्यक्रम को टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सभी से जागरूकता फैलाने की अपील किया।विद्यालय के शिक्षकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्कूल स्तर पर टीबी जागरूकता गतिविधियों तथा बच्चों में अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मौके पर विभाग के पीजी रेजिडेंट्स डॉ. प्रज्ञा वर्मा, डॉ. शशांक तथा इंटर्न्स की सक्रिय भागीदारी रही।

## मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना पर हुई बैठक

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बस यूनियन के पदाधिकारियो के साथ मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना पर बैठक की। बैठक में उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम रायबरेली व बस यूनियन के पदाधिकारियों ने जनपद के दूरदराज के ग्राम पंचायतों तक परिवहन सुविधा पहुंचाए जाने के उद्देश्य से वाहन स्वामियों को प्रेरित किया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकरी अरविंद कुमार यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत 15 से 28 सीट क्षमता की बसें जो आठ वर्ष से अधिक पुरानी न हो, उन बसो को मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत अनुबंध करा सकते हैं। प्रत्येक ब्लाक में कम से कम दो वाहनों के संचालन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इच्छुक बस संचालक विभाग से संपर्क कर आवेदन कर सकते है। इस मौके पर अरशद हुसैन, फारूक अहमद, मो. याकूब, न्यू संगम बस सर्विस, मो. सोहेल खान, राकेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

हुआ सम्मान

ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

# देशभक्ति गीतों पर बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शक उत्साहित

सरेनी (रायबरेली)



सरेनी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, अन्य।

**अमृत विचार।** सरेनी विकासखंड के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी रहे। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अनिल रहे। इस दौरान योग कार्यक्रम तथा देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को उत्साहित किया। कार्यक्रम में कुल 47 निपुण विद्यालयों के शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही आय आधारित परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके अलावा सेवानिवृत्त हो रहे सात शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान संचारी रोग, डीबीटी, कायाकल्प एवं निपुण भारत मिशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। आनंद प्रकाश तिवारी ने संचारी रोगों के प्रति जागरूकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राकेश द्विवेदी, सूरज सिंह, जितेंद्र, सूरज सिंह, ब्लॉक के समस्त ग्राम प्रधान, हेडमास्टर एवं इंचार्ज हेडमास्टर उपस्थित रहे। संचालन डॉ. यज्ञ दत्त शुक्ल ने किया।



कम्पोजिट विद्यालय मोन में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बच्चे, शिक्षक व अन्य।

**कम्पोजिट विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित, महराजगंज:** कम्पोजिट विद्यालय मोन में नवारम्भ एवं वार्षिकोत्स एवं विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उत्साह वर्धन किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने कहा कि कम साधनों में बच्चों की उभरती प्रतिभा अध्यापकों के मेहनत को दर्शाती है, उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा के प्रति सजग रहने की सलाह दी। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ऊषा सिंह ने कहा कि आज के दौर में सरकारी विद्यालय सुविधा संपन्न प्राइवेट विद्यालयों से कम नहीं है। इस अवसर पर शिक्षक अवनीश श्रीवास्तव, आकाश वर्मा, राहुल मौर्य, राजकुमार, श्यामकला, नीरज जायसवाल, अंकित मिश्रा, सावित्री, गीता श्रीवास्तव, अनुपम पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# रसोई गैस की भारी किल्लत, उपभोक्ता परेशान

## गैस एजेंसी के बाहर लग रही लोगों की लंबी कतारें, घंटों इंतजार के बाद खाली हाथ लौटना पड़ रहा

संवाददाता, अमेठी


गैस एजेंसी पर जांच करते एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में रसोई गैस की भारी किल्लत से उपभोक्ताओं को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रकाश गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर पाने के लिए लोग सुबह 4 बजे से ही लंबी कतारों में लग रहे हैं। घंटों इंतजार और कड़कड़ाती धूप में खड़े रहने के बाद भी कई लोगों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है।

गैस एजेंसी पर उमड़ी भीड़ और लोगों की लंबी लाइनें व्यवस्था की खामियों को उजागर कर रही हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे भोर पहर से ही अपना काम-काज छोड़कर गैस के लिए लाइन में लग जाते हैं। लेकिन उन्हें अक्सर स्टॉक खत्म होने या अन्य कारणों का हवाला देकर सिलिंडर नहीं दिया जाता है। इस भीषण गर्मी में बुजुर्ग और युवा सभी गैस सिलेंडर की आस में एजेंसी के बाहर डटे हुए हैं। यह स्थिति उपभोक्ताओं के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन रही है। उन्हें दैनिक जीवन के कार्यों में बाधा का सामना करना पड़ रहा है। गैस की कमी से भोजन पकाने जैसी बुनियादी जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं।

वहीं उपभोक्ताओं को कड़कड़ाती धूप में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। सुबह 4 बजे से लाइन में लगने के बावजूद सिलिंडर नहीं मिल रहा है। कई लोग अपना काम-काज छोड़कर गैस के लिए आते हैं, खाली हाथ लौटने से उनका समय और ऊर्जा दोनों बर्बाद हो रहे हैं। यह स्थिति उनके धैर्य की कड़ी परीक्षा ले रही है।

**प्रशासन से की आपूर्ति की मांग:** उपभोक्ताओं ने प्रशासन से गैस आपूर्ति सुचारू करने की मांग की है। उनका कहना है कि आम जनता को इस परेशानी से निजात मिलनी चाहिए। प्रशासन को गैस एजेंसियों पर स्टॉक की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाने की आवश्यकता है। इससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक कठिनाइयों से बचाया जा सकेगा।

वहीं लोगों की दिक्कतों के चलते उप जिलाधिकारी अमेठी, आशीष सिंह, क्षेत्राधिकार मनोज मिश्रा, कोतवाली प्रभारी रवि सिंह प्रकाश गैस एजेंसी पर पहुंचकर एजेंसी के मालिक मनदीप सिंह से मिलकर विस्तृत जानकारी ली।

### मीटर बदलने में हो गया खेल, गरीब रिक्शा चालक के परिवार पर थोप दिया गलत बिल

**शुकुल बाजार (अमेठी) अमृत विचार।** क्षेत्र के पूरे शुक्लन गांव में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। एक गरीब रिक्शा चालक के परिवार पर गलत तरीके से भारी बकाये के बिल को थोपे जाने का आरोप लगा है। बार-बार मीटर बदलने और पुराने रीडिंग वाले मीटर लगाए जाने से उपभोक्ता परेशान है। पीड़ित परिवार ने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने पर अब मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता मीनू पत्नी रामराज ने बताया कि उनके पति रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना के तहत उन्हें बिजली कनेक्शन मिला था और तब से वे नियमित रूप से बिल जमा करते रहे हैं। आरोप है कि वर्ष 2023 में मीटर खराब होने पर विभाग द्वारा जो नया मीटर लगाया गया, वह पहले से चला हुआ था, जिसमें करीब 2350 यूनिट दर्ज थी। उस समय मीटर रीडर आलोक यादव ने आश्वासन दिया था कि पुरानी यूनिट नहीं जोड़ी जाएगी, लेकिन बाद में बिलिंग में गड़बड़ी शुरू हो गई। पीड़िता का कहना है कि मीटर लगाने के नाम पर 2000 नकद वसूले गए, जिसकी कोई रसीद नहीं दी गई। इसके बाद भी मीटर कई बार ऑनलाइन बदला गया, लेकिन विभागीय अभिलेखों में स्पष्टता नहीं रखी गई, जिससे उपभोग और बिल में अंतर लगातार बढ़ता गया। परिवार के अनुसार, वर्तमान में स्मार्ट मीटर लगने के बाद हर माह करीब 650 का बिल आ रहा है, जो उनकी आर्थिक स्थिति के अनुसार भारी है। साथ ही, विभाग की त्रुटियों के चलते उन पर 14,240 का गलत बकाया दिखाया जा रहा है, जिससे परिवार मानसिक और आर्थिक संकट में है। वहीं, विद्युत विभाग के एसडीओ राजेश चौहान ने बताया कि मामला संज्ञान में है और उच्चाधिकारियों से वार्ता कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं को किया गया जागरूक

**महराजगंज (रायबरेली):** महिलाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान फेज -5 के दूसरे चरण में बुधवार को थाना चंदापुर पुलिस टीम द्वारा पूरे शिवराम कोहली मजरे सिकंदरपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं व बच्चों को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उन्हें सजग किया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक राजकुमार, वेदप्रकाश दुबे, कांस्टेबल महेश विश्वकर्मा, महिला कांस्टेबल दिव्या सहित कई सम्भ्रांत स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### गाली के विरोध पर महिला व मां को पीटा

**सिंहपुर (अमेठी):** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के पूरे लोधी मजरे बसंतपुर गांव में मंगलवार सुबह एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गांव निवासी विनीता पुत्री माता प्रसाद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह सुबह करीब छह बजे अपने घर के जीने पर पानी डाल रही थी, तभी पड़ोस के कुछ लोग इस बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपित राजकिशोर लोध, अयोध्या प्रसाद व साधना ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर बचाने पहुंची विनीता की मां सुमित्रा को भी आरोपितों ने मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों को शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता का आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष डीएस मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### मासूम के दिल के छेद का हुआ सफल ऑपरेशन

**संग्रामपुर (अमेठी):** जिले के विकासखंड संग्रामपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सतर्कता और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) टीम की सक्रियता से आठ वर्षीय मासूम को नया जीवन मिला है। क्षेत्र के गरीबी का पुरवा मजरे मिश्रौली बड़गांव निवासी नैन वर्मा 8 वर्ष, पुत्र राजभवन वर्मा, परिषदीय विद्यालय में कक्षा 3 का छात्र है। विद्यालयों में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान आरबीएसके टीम-बी ने जांच में पाया कि नैन को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। टीम ने गंभीरता को देखते हुए बच्चे को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर रेफर किया। यहां प्राथमिक जांच के बाद जिला स्तर पर परीक्षण कराया गया, जिसमें पता चला कि बच्चे के दिल में छेद (होल इन हार्ट) है। यह जानकारी परिवार के लिए बेहद चिंताजनक थी, क्योंकि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज कराना मुश्किल था मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह के प्रयास और मार्गदर्शन में आरबीएसके टीम की देखरेख में नैन वर्मा का सफल ऑपरेशन हरियाणा राज्य के पलवल में कराया गया। ऑपरेशन सफल रहा और बच्चे को नया जीवन मिल गया।

### छेड़छाड़ का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**गोसाईंगंज, सुल्तानपुर:** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती के साथ युवक द्वारा छेड़छाड़ की घटना सामने आई थी। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों ने तहरीर देकर न्याय की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने तेजी दिखाते हुए आरोपी पिल्लूदीन उर्फ मोहम्मद तारिफ को पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# विकास कार्यों में ढिलाई नहीं की जाएगी बर्दाश्त: डीएम


सीएम डैशबोर्ड की बैठक करते डीएम व मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों और निर्माण कार्यों सीएम डैशबोर्ड की मासिक समीक्षा बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों के लक्ष्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए।

उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी और विभागाध्यक्ष अपने कार्यों की नियमित समीक्षा कर प्रगति में सुधार लाएं। जिलाधिकारी ने विभागवार योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों का सत्यापन भी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग बेहतर प्रयास कर अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं, अन्यथा खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध मिट्टी परिवहन पर कार्रवाई के विरोध में दबंगों ने की अभद्रता

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद में अवैध उपखनिज परिवहन के खिलाफ चल रहे प्रवर्तन अभियान के दौरान खनन विभाग की कार्रवाई से नाराज कुछ लोगों ने अधिकारी को रास्ते में रोककर अभद्रता और धमकी दी। मामले में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, गाली-गलौज और धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार 18 मार्च 2026 की रात करीब 11:45 बजे ककवा रोड पर प्रवर्तन कार्य के दौरान ट्रक को रोककर जांच की गई। जांच में ट्रक पर लगभग 8 घन मीटर साधारण मिट्टी लदी पाई गई। चालक से मिट्टी के परिवहन से संबंधित वैध प्रपत्र/ईएमएम-11 प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन चालक कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका और न ही खनन स्थल की अनुमति की प्रति उपलब्ध करा सका। वैध कागजात न मिलने पर उपखनिज मिट्टी का परिवहन अवैध पाए जाने के कारण ट्रक को थाना अमेठी में पुलिस अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया।

बताया गया कि उसी रात क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ककवा रोड पर कार से आए दो व्यक्तियों ने अधिकारी की गाड़ी को रोक लिया और ट्रक को थाने में बंद करने को लेकर सवाल-जवाब करने लगे। अधिकारी द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जानकारी देने पर भी वे लोग नहीं माने और अपने मोबाइल से करन वर्मा नामक व्यक्ति से फोन पर बात कराई, जिसने कथित तौर पर गाली-गलौज और धमकी दी। इसके बाद अधिकारी जब सरकारी वाहन यूपी-32 बीजी 4806 से थाना अमेठी पहुंचे तो वही दोनों व्यक्ति भी कार से वहां पहुंच गए। वहां भी उन्होंने फोन पर करन वर्मा व अन्य लोगों से बात कराते हुए ट्रक छोड़ने के लिए दबाव बनाया और अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया। दोनों व्यक्तियों की पहचान बृजेश कुमार द्विवेदी ग्राम पूरबगांव, थाना अमेठी और लाखन लाल द्विवेदी ग्राम टूबे मजरे नुवावा, कोतवाली अमेठी के रूप में बताई गई है। वहीं थाना प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# एटीएम को लूटने की कोशिश नाकाम

संवाददाता, अमेठी

- गौरीगंज के रायबरेली रोड स्थित बाबूगंज बाजार का मामला


क्षतिग्रस्त पड़ा एटीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के गौरीगंज के रायबरेली रोड स्थित बाबूगंज बाजार में मंगलवार रात बदमाशों ने बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम को निशाना बनाते हुए लूट की कोशिश की। दो बदमाशों ने छेनी-हथौड़ी से एटीएम मशीन को काटने का प्रयास किया और बूथ के अंदर लगे सीसीटीवी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि मशीन में रखे कैश तक नहीं पहुंच पाने के कारण बदमाश वारदात में असफल रहे और मौके पर छेनी छोड़कर फरार हो गए।

बुधवार सुबह एक ग्रामीण सुबह टहलने निकले तो एटीएम बूथ के अंदर तोड़फोड़ देख उन्होंने इसकी जानकारी बैंक प्रबंधक जितेंद्र कुमार को दी। सूचना मिलने पर बैंक प्रबंधन ने पुलिस को खबर दी, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर बैंक कर्मियों के साथ निरीक्षण किया और सबूत जुटाने की कोशिश की। एटीएम बूथ के अंदर एक लोहे की छेनी पड़ी मिली है। बदमाशों ने एटीएम मशीन के बाहरी हिस्से को नुकसान पहुंचाया, लेकिन मशीन के अंदर रखे कैश तक नहीं पहुंच सके। बैंक प्रबंधन के अनुसार मंगलवार शाम करीब चार बजे एटीएम में कैश डाला गया था, हालांकि मशीन में कितनी रकम मौजूद थी, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है।

### सीसीटीवी में दिखे दो संदिग्ध लोग

बैंक के मुख्य गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दो संदिग्ध आते-जाते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि बदमाशों ने एटीएम बूथ के अंदर लगे कैमरे को तोड़ दिया था, जिससे उनकी पूरी गतिविधि रिकॉर्ड नहीं हो सकी। बैंक प्रबंधन के मुताबिक एटीएम की सुरक्षा और निगरानी की जिम्मेदारी एनसीआर कंपनी के पास है और सीसीटीवी के माध्यम से ऑनलाइन निगरानी की व्यवस्था है।

### गश्त पर उठे सवाल

नेशनल हाईवे किनारे स्थित एटीएम को निशाना बनाए जाने से पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एटीएम बूथ पर पिछले एक सप्ताह से पुलिस पिकेट की तैनाती नहीं हो रही थी, जबकि पहले यहां नियमित रूप से पुलिस कर्मियों की ड्यूटी रहती थी। साथ ही सुरक्षा गार्ड न होने से एटीएम की सुरक्षा भी भगवान भरोसे है। पुलिस को आशंका है कि बदमाश हाईवे के बजाय ग्रामीण रास्तों से मौके पर पहुंचे होंगे।

### जांच के लिए चार टीमों का गठन

वहीं इस मामले में एसपी सरवणन टी. ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए चार टीमें लगाई गई हैं। सीसीटीवी में दो संदिग्ध दिखाई दिए हैं। आसपास के अन्य कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

## 60 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित


प्रधानाध्यापिका घाटमपुर रेनू श्रीवास्तव को सम्मानित करते बीएसए संजय तिवारी।

**अमेठी, अमृत विचार।** जनपद में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राथमिक विद्यालयों को सम्मानित करने के लिए निपुण सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विकास खंडों के विद्यालयों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अमेठी, बहादुरपुर, भादर, भेटुआ, गौरीगंज, जगदीशपुर, जामो, मुसाफिरखाना, संग्रामपुर, शाहगढ़, शुकुल बाजार, सिंहपुर और तिलोई विकास खंडों के विद्यालयों ने भाग लिया। समारोह में 60 से अधिक विद्यालयों को सूचीबद्ध कर सम्मानित किया गया। प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर की प्रधानाध्यापिका रेनू श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी मेहनत, कर्मठता और निरंतर प्रयास का परिणाम है। अधिकारियों ने शिक्षकों, विद्यार्थियों और विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उनके समर्पण की प्रशंसा भी की। यह आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए महत्वपूर्ण था। जनपद के 13 विकास खंडों के विद्यालयों ने इस समारोह में सहभागिता की। 60 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से चुना गया। इन विद्यालयों ने आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान के लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर की प्रधानाध्यापिका रेनू श्रीवास्तव को भी उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके अथक परिश्रम और लगन को दर्शाता है, जिससे अन्य विद्यालयों को भी प्रेरणा मिलेगी।

## रुक्मिणी विवाह की कथा सुन श्रोता भाव विभोर

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** राही ब्लॉक के झकरासी गांव में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा छठे दिन भक्तों ने गोपी बिरहा, धनुष भंग, कंस वध कंस सांदीपनि गुरु की कृपा, रुक्मिणी विवाह और द्वारिकापुरी का निर्माण की कथा सुनी। व्यास पीठ पर विराजमान कथा व्यास राजन जी महाराज ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारिका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। इस मौके पर चंद्रशेखर शुक्ला, शिव महेंद्र पांडे, उमा वंदना शुक्ला, अर्जुन त्रिवेदी, अनिल कुमार त्रिपाठी, अनीता त्रिपाठी, अरुण त्रिपाठी, नीतू आदि मौजूद रहे।


कथा कहते राजन जी महराज।

# आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया उत्सव

बछरावां (रायबरेली)


प्राथमिक विद्यालय गोझवा में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शिक्षा की मजबूत आधारशिला बनाने की दिशा में 25 मार्च 2026 को को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय गोझवा में नवारम्भ उत्सव और नामांकन अभियान का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, वरिष्ठ शिक्षक नेता एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष आशुतोष शुक्ल ने कहा कि पूर्व-प्राथमिक शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने जानकारी दी कि 31 जुलाई 2026 तक 6 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी बच्चों का कक्षा-1 में नामांकन किया जाएगा। नोडल शिक्षिका संगीता गौतम ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की प्रथम पाठशाला हैं, जहां उन्हें पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण और खेल-आधारित शिक्षा मिलती है।

इस अवसर पर हनोमान, शीतला प्रसाद पाल, विनोद कुमार, रामपाल, अनीता, संगीता, आरती गुप्ता, चंदा, द्रौपदी, पूनम, पूनम यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के पहले निकली कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

मुसाफिरखाना (अमेठी)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के सादीपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा सादीपुर गांव से प्रारंभ होकर नेवादा, अढ़नपुर और कोछित गांव होते हुए आदि गोमती तट स्थित दंडेश्वर धाम पहुंची। यहां महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया, जबकि मुख्य यजमान जय कुमार सिंह ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इसके बाद सिर पर कलश धारण किए महिलाएं और युवतियां भक्ति गीतों व जयकारों के साथ पुनः कथा स्थल सादीपुर पहुंचीं, जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। "हरि बोल" और "राधे-राधे" के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजक प्रधान भरत कुमार सिंह ने बताया कि कलश यात्रा के साथ ही विधिवत पूजन-अर्चन कर श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हो गया है। यह कथा 25 मार्च से 31 मार्च तक प्रतिदिन सायं 3 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगी। कलश यात्रा में भरत कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, कृपा शंकर सिंह, रवींद्र तिवारी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## ईरान की आर्थिक मदद के लिए शुरू की पहल

**मुसाफिरखाना (अमेठी) अमृत विचार।** क्षेत्र के भनौली गांव में बुधवार को ईरान की आर्थिक मदद के लिए एक अनोखी पहल शुरू की गई। और इसका नाम डोनेशन अभियान रखा गया। इस पहल में गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मानवीय एकजुटता की मिसाल पेश की। अभियान में महिलायें, बुजुर्ग और बच्चों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। छोटे-छोटे बच्चे अपने गुल्लक लेकर पहुंचे, जबकि महिलाओं ने न केवल नकद धनराशि बल्कि अपने सोने व चांदी के गहने व घरेलू बर्तन तक दान में दे दिए। ग्रामीणों द्वारा जुटाई गई यह आर्थिक मदद भारत स्थित ईरान के दूतावास तक पहुंचाई जाएगी, ताकि जरूरतमंदों तक राहत पहुंच सके। यह अभियान गांव के लोगों की संवेदनशीलता और वैश्विक मानवीय सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बता दें कि ये अभियान गुरुवार को भी जारी रहेगा। अभियान पूरा होने के पश्चात ही पता चल सकेगा कि कितनी रकम इकट्ठा हुई है। उसके बाद इकट्ठा की गई रकम को नई दिल्ली में मौजूद ईरान की एंबेसी में भेजा जाएगा।

## सफल छात्र-छात्राएं सम्मानित

**तिलोई (अमेठी) अमृत विचार।** ब्लॉक तिलोई अंतर्गत कस्बा शंकरगंज स्थित जनता जनार्दन इंटर कॉलेज के प्रबंधक कृष्ण कुमार सिंह (मुन्ना सिंह) के नेतृत्व में क्षेत्र के लगभग 30 प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का प्रतिभा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 5 एवं कक्षा 8 के बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडोरामा के एचआर मनोज झा, एबिस के एचआर अश्वनी प्रताप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी तिलोई राम किशन कश्यप तथा खंड शिक्षा अधिकारी सिंहपुर हरिओम तिवारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्राथमिक विद्यालय अहूरी के कक्षा 5 के यश, द्वितीय स्थान वंश, देव, सूर्यमणि, श्रद्धा प्राथमिक विद्यालय मेधौना तीसरा स्थान अनुराधा, कम्पोजिट विद्यालय राजामऊ, प्राथमिक विद्यालय जमुरवा के चमन कुमार, आदर्श जायसवाल कक्षा 8 से प्रथम स्थान सचिन, कम्पोजिट विद्यालय बहादुरगंज ने बाजी मारी, द्वितीय स्थान छवि शर्मा, उच्च प्राथमिक विद्यालय शंकरगंज तृतीय स्थान अंजलिशील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मुन्ना सिंह ने ने सभी छात्र-छात्राओं का विद्यालय शुल्क पूर्णतया माफ की जाएगी।

समस्या

**नहर किनारे स्थित गांवों के ग्रामीण जान जोखिम में डालकर निकलने को मजबूर**

# रेलिंग विहीन पुलिया होने से बन गया मौत का खतरा

राकेश मौर्या, जगदीशपुर (अमेठी)


प्राथमिक विद्यालय के निकट रेलिंग विहीन पुलिया से निकलता वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खण्ड जगदीशपुर के अंतर्गत शारदा सहायक खंड-41 सिंदूरवा रजबहा नहर के किनारे बसे ग्राम पंचायत कोईलारा मुबारकपुर के तीन गांव, कोईलारा, पूरे रानी और मुबारकपुर आज भी बुनियादी सुरक्षा सुविधाओं के अभाव में जीवन व्यापन करने को मजबूर हैं। नहर की पटरी के किनारे बसे इन गांवों के लिए पूरे छेदी स्थित पुल ही मुख्य आवागमन का एकमात्र रास्ता है, लेकिन दशकों से इस पुल पर रेलिंग न होने के कारण हर दिन बड़ा हादसा होने का खतरा बना रहता है।

करीब हजारों ग्रामीणों की इसी रेलिंग विहीन पुलिया से ही लोग शुकुल बाजार और नेशनल हाईवे-731 तक पहुंचते हैं। गांव से बाहर निकलने का यही एक रास्ता होने के कारण रोजाना ट्रैक्टर-ट्रॉली, एंबुलेंस, मोटरसाइकिल और अन्य वाहन इसी पुल से गुजरते हैं। इसके बावजूद सुरक्षा के लिए अब तक पुल पर रेलिंग नहीं लगाई गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि पुल से मात्र 50 मीटर की दूरी पर सरकारी प्राथमिक विद्यालय और पंचायत भवन स्थित हैं। रोजाना सैकड़ों स्कूली बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग इसी पुल से होकर गुजरते हैं। छुट्टी के समय बच्चों की भीड़ एक साथ पुल पार करती है, जिससे जोखिम और बढ़ जाता है। स्थानीय निवासी राम नरेश मौर्या ने बताया कि सबसे अधिक खतरा स्कूली बच्चों को है। उनका कहना है कि बच्चे रोजाना बिना रेलिंग वाले पुल से गुजरते हैं, जिससे हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। वहीं ताज मोहम्मद ने बताया कि गांव के लिए यही एकमात्र संपर्क मार्ग है, इसलिए एंबुलेंस से लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉली और स्कूली वाहन भी इसी पुल से गुजरते हैं। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं ग्रामीण मोबिन और हफीज का कहना है कि यह समस्या कई दशकों से बनी हुई है। कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है।

### क्या बोले जिम्मेदार

इस संबंध में सिंचाई विभाग के एसडीओ श्रवण कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जूनियर इंजीनियर संदीप कुमार को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण कराने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिय की निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही प्रस्ताव तैयार कर पुल पर रेलिंग निर्माण कराया जाएगा।

## मासूम से मारपीट करने का आरोप

**सिंहपुर (अमेठी)।** थाना इन्हौना क्षेत्र के शेखनगांव गांव में एक 7 वर्षीय बालक के साथ मारपीट और गला दबाने का मामला सामने आया है। पीड़िता कृष्णा पत्नी शुकई के अनुसार, वह अपने पति के साथ खेत में सरसो काटकर निकाल रही थी, जबकि उसका सात वर्षीय पुत्र लवकुश पास के खेत में खेल रहा था। आरोप है कि गांव के ही कुलदीप पुत्र बाबूलाल उसे बहला-फुसलाकर करीब 400 मीटर दूर खेत में ले गया और उसके साथ मारपीट कर शर्ट से गला कस दिया जिससे बालक बेहोश हो गया । खेत मालिक के देखने व शोर मचाने पर माता पिता व आसपास के ग्रामीणों ने बच्चे को बचाया। पीड़िता ने पुलिस से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष विवेक सिँह ने बताया कि मामला दर्ज कर उचित कार्यवाही की जा रही है।

अमृत विचार

गुरुवार, 26 मार्च 2026



यदि विश्वास विवेक का ताप नहीं सह सकता है, तो वह अपने आप ध्वस्त हो जाएगा।
–शहीदे आजम भगत सिंह

# स्वागत योग्य निर्णय

भारत के सामाजिक न्याय ढांचे के केंद्र में धर्म और जाति के अंतर्संबंधों का प्रश्न अत्यंत संवेदनशील है। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय का हालिया निर्णय दूरगामी प्रभावों वाला साबित हो सकता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अतिरिक्त किसी अन्य धर्म, जैसे इस्लाम या ईसाई धर्म को अपनाने पर व्यक्ति का अनुसूचित जाति का स्वतः दर्जा समाप्त हो जाता है। यह व्यवस्था मूलतः 1950 के राष्ट्रपति आदेश पर आधारित है, जिसे 1956 में संशोधित कर सिख और 1990 में बौद्ध धर्म को भी शामिल किया गया। यह फैसला इस मामले में एक ओर संवैधानिक स्पष्टता लाता है, तो दूसरी ओर सामाजिक यथार्थ के कई जटिल प्रश्नों को भी उजागर करता है। स्वागत योग्य पहलू यह है कि न्यायालय ने "धर्म-आधारित आरक्षण" की अवधारणा को सीमित करते हुए यह स्पष्ट करती है कि अनुसूचित जाति की पहचान ऐतिहासिक रूप से हिंदू सामाजिक संरचना में निहित अस्पृश्यता से जुड़ी है। इस दृष्टि से यह फैसला उन वर्गों के लिए लाभकारी है, जो मानते हैं कि आरक्षण का आधार सामाजिक-ऐतिहासिक उत्पीड़न होना चाहिए, न कि केवल आर्थिक या सामान्य पिछड़ापन। किंतु इसके सामाजिक और राजनीतिक फलितार्थ किंचित अधिक जटिल हैं।

भारत में धर्म परिवर्तन के बावजूद जातिगत पहचान का पूर्ण लोप कभी नहीं होता, यह एक स्थापित सामाजिक सत्य है। इस्लाम में पसमांदा, अशरफ, अंसारी जैसे वर्ग और ईसाई समाज में भी दलित ईसाइयों की अलग पहचान, यह दर्शाती है कि सामाजिक भेदभाव धर्म बदलने से स्वतः समाप्त नहीं होती। ऐसे में, अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त होने से इन समुदायों के कमजोर वर्गों को कानूनी सुरक्षा, विशेषकर अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 और आरक्षण लाभ से वंचित होना पड़ेगा। यह उनके लिए एक वास्तविक नुकसान है, जहां तक अनुसूचित जनजाति का प्रश्न है, वे इस संदर्भ में अलग स्थिति में हैं। इनकी पहचान धर्म से नहीं, बल्कि जनजातीय-भौगोलिक और सांस्कृतिक विशेषताओं से जुड़ी है। इसलिए धर्म परिवर्तन के बाद भी उनका दर्जा सामान्यतः बना रहता है। यही कारण है कि यह निर्णय अनुसूचित जाति पर तो लागू होता है, पर अनुसूचित जनजाति पर नहीं। यह एक विवेक सम्मत निर्णय है।

इस फैसले से अत्याचार संबंधी मामलों में कमी नहीं आएगी, बल्कि यह संभव है कि पीड़ित वर्गों के पास कानूनी संरक्षण के सीमित विकल्प रह जाएं, जिससे न्याय तक पहुंच और कठिन हो। "घर वापसी" या पुनर्परिवर्तन के मामलों में न्यायालय ने यह स्पष्ट किया है कि व्यक्ति को यह प्रमाणित करना होगा कि उसका पुनः धर्मांतरण वास्तविक और स्वैच्छिक है, न कि केवल आरक्षण लाभ पाने के उद्देश्य से। इसके लिए सामाजिक स्वीकृति, समुदाय में पुनः समावेश और व्यावहारिक परिवर्तन जैसे मानदंड देखे जाएंगे, जो सर्वथा उचित है। यह निर्णय भारत के सामाजिक न्याय विमर्श को एक नए मोड़ पर ले जाता है। अब आवश्यकता इस बात की है कि सरकार और समाज मिलकर उन कमजोर वर्गों के लिए वैकल्पिक सुरक्षा तंत्र विकसित करें, जो धर्म परिवर्तन के बाद भी भेदभाव का सामना करते हैं। न्याय केवल विधिक परिभाषाओं से नहीं, बल्कि सामाजिक वास्तविकताओं के संतुलन से सुनिश्चित होता है।

## प्रसंगवश

# युद्ध, मौसम और बाजार के बीच फंसता आम आदमी

मार्च 2026 की यह वसंत ऋतु किसी नवजीवन की नहीं, बल्कि एक ऐसे मौन तूफान की कहानी कह रही है, जिसने भारत के आम घर की रसोई से लेकर खेत की मेड़ तक हर सांस को भारी कर दिया है। एक ओर पश्चिम एशिया में युद्ध की आग भड़क रही है, तो दूसरी ओर धरती पर तपता सूरज और बेमौसम बरसते ओले किसान की उम्मीदों को कुचल रहे हैं। इन सबके बीच एमएसपी को लेकर सुलगता असंतोष उस आग में घी डालने का काम कर रहा है। यह सिर्फ खबरों का विषय नहीं, बल्कि हर उस परिवार की हकीकत है, जिसकी थाली और आजीविका इन संकटों से सीधे जुड़ी है। रसोई का चूल्हा, जो हर घर की धड़कन होता है, आज अनिश्चितता के धुएं में घिरा हुआ है। ईरान के आसपास बढ़े तनाव और हॉर्मुज जैसे महत्वपूर्ण मार्गों पर आई बाधा ने एलपीजी आपूर्ति की रीढ़ हिला दी है। छोटे ढाबे, होटल और ठेले वाले, जो शहरों की जीवंतता का हिस्सा हैं, अब अपने चूल्हे बुझाने को मजबूर हो रहे हैं। महिलाओं की दिनचर्या, जो गैस के इर्द-गिर्द चलती थी, अब इंतजार और चिंता में बदल गई है। यह संकट केवल ईंधन का नहीं, बल्कि जीवन की गति का ठहराव है।



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

उधर खेतों में खड़ा किसान आसमान की ओर देखता है, लेकिन अब वहां से राहत नहीं, बल्कि अनिश्चितता बरस रही है। मार्च की असामान्य गर्मी ने रबी फसलों को समय से पहले ही झुलसा दिया, जिससे गेहूं के दाने सिकुड़ गए और पैदावार पर गहरा असर पड़ा। जैसे-तैसे बची फसल को अचानक आई बारिश और ओलावृष्टि ने जमीन पर गिरा दिया। यह दोहरी मार किसान की साल भर की मेहनत पर एक क्रूर प्रहार है, जो खेत कुछ दिन पहले सुनहरे दिखते थे, आज वहां बिखरी उम्मीदें नजर आ रही हैं। यह बदलाव केवल मौसम का नहीं, बल्कि उस जलवायु संकट का संकेत है, जो अब हर खेत में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है। इस प्राकृतिक और वैश्विक संकट के बीच एमएसपी को लेकर उठती आवाजें एक और संघर्ष का रूप ले चुकी हैं। किसानों का भरोसा पहले ही कमजोर था, और अब अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौतों की चर्चाओं ने उनकी चिंता को और गहरा कर दिया है। सड़कों पर उतरते किसान केवल अपनी फसल का मूल्य नहीं, बल्कि अपने भविष्य की सुरक्षा मांग रहे हैं। उनके लिए एमएसपी सिर्फ एक आर्थिक नीति नहीं, बल्कि जीवन की गारंटी है। जब 86 प्रतिशत छोटे किसान पहले से कर्ज में डूबे हों, तब यह डर स्वाभाविक है कि सस्ते आयात उनकी मेहनत को बेमानी बना देंगे। यह संघर्ष केवल खेत का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान का भी है।

इन तीनों मोर्चों पर चल रहा यह संकट एक-दूसरे से अलग नहीं, बल्कि गहराई से जुड़ा हुआ है। रसोई में महंगा होता गैस सिलेंडर, बाजार में बढ़ती अनाज की कीमतें और खेतों में घटती पैदावार, ये सब मिलकर एक ऐसा दबाव बना रहे हैं, जिससे आम आदमी की जिंदगी हर दिन कठिन होती जा रही है। सरकार की ओर से प्रयास जरूर किए जा रहे हैं, लेकिन उनकी पहुंच और प्रभाव पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब समय है कि समाधान भी उतना ही व्यापक और साहसिक हो जितना यह संकट गहरा है। ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण, किसानों को मजबूत सुरक्षा कवच, एमएसपी पर स्पष्ट नीति और जलवायु के अनुरूप खेती को बढ़ावा ये केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता हैं। साथ ही, आम आदमी की आवाज को नीतियों के केंद्र में रखना होगा। क्योंकि जब रसोई सुरक्षित होगी और खेत मजबूत, तभी देश स्थिर और समृद्ध बन सकेगा। यह परीक्षा कठिन जरूर है, लेकिन सही दिशा में उठाए गए कदम इसे एक नए अवसर में बदल सकते हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# मानसूनी आपदाओं से निपटना गंभीर चुनौती





अमित शर्मा
हल्द्वानी

हिमालयी राज्य उत्तराखंड विविधताओं से भरा प्रदेश है। प्राकृतिक सुंदरता के साथ यहां मौसमी चुनौतियां भी बेशुमार हैं। यहां जंगलों की आग के साथ कहीं बादल फटने तो सूखे जैसी आपदाओं से जूझना नियति सी बन जाती है। इस साल का शीत सीजन काफी उथल-पुथल भरा रहा है, जो आने वाले ग्रीष्मकालीन मौसम के लिए गंभीर चुनौती के संकेत दे रहा है।

बदलते समय में उत्तराखंड का मौसम कब बदल जाए, यह सटीक कहा नहीं जा सकता, लेकिन अमूमन राज्य में प्रतिकूल मौसम का समय आमतौर पर मानसून के दौरान (जुलाई से सितंबर) और सर्दियों में (दिसंबर से फरवरी) माना जाता है, क्योंकि इस समय में भारी बारिश, बर्फबारी और भूस्खलन की संभावना अधिक होती है। हालांकि अप्रैल में मौसम आमतौर पर सुहावना रहता है, तापमान 15-25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है और बारिश की संभावना कम ही होती है। अप्रैल माह के मौसम की खासियत यह भी रहती है कि मौसम दिन में गर्म और रात में ठंडा रहता है। निचले इलाकों में भले ही मौसम सुहाना रहता हो, लेकिन उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की संभावना बनी रहती है। यही कारण होता है कि इस बनते-बिगड़ते मौसम के लिहाज से संवेदनशील उत्तराखंड राज्य की चुनौतियां देश के दूसरे राज्यों की तुलना में कहीं अलग और गंभीर होती हैं।

मानसून कम बरसे या अधिक, चुनौतियां तो दोनों तरफ हैं। गर्मी अधिक हुई तो पहाड़ों का तपना जोखिम भरा होता है, तो बादल फटने और भूस्खलन जैसी आपदाओं से निपटने की चुनौतियां का सामना करना मजबूरी ही होती है। यहां यह बात उल्लेखनीय है कि सरकार अपने स्तर पर दैवीय आपदाओं से निपटने की साल भर पूरी तैयारी रखती है, जिससे आपदाओं का जख्म गहरा होने से बच जाता है, लेकिन यह भी सत्य है कि कुदरत के कहर के आगे किसी का जोर नहीं चलता और जब यह बरपता है, तो सारी तैयारियां धरी की धरी रह जाती हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अप्रैल और मई के महीने में सामान्य से अधिक तापमान का पूर्वानुमान पहले ही जता दिया है, तो बारिश को लेकर भी बताया जा रहा है कि मानसून के शुरुआती चरण में संभवतः सामान्य से अधिक बारिश होगी। देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी और तराई के इलाके ऊधमसिंह नगर जिले में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने पर हीट वेब यानी लू से जूझने की संभावना रह सकती है। मानसूनी बारिश भी सामान्य से 105 प्रतिशत बरसने का शुरुआती पूर्वानुमान जारी किया गया है। हालांकि यह अनुमान सही रहता है, तो अधिक गर्मी और बारिश, इन दोनों ही परिस्थितियों का प्रभाव पहाड़ों को झेलना पड़ेगा।

गौरतलब है कि इस राज्य में मानसून काल में तीन तरह की चुनौतियों से निपटना प्रमुख होता है। यहां बादल फटना सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक माना जाता है। तेज बारिश के दौरान, जहां बाढ़ जैसे हालात पैदा होते हैं, तो कहीं-कहीं पूरी बस्ती ही बड़े-बड़े बोल्डरों के नीचे समा जाती है। उत्तराखंड के लिए हिमस्खलन की घटनाएं भी कम चुनौतीपूर्ण नहीं रहती हैं। हिमालय की चोटियों पर गर्मी के दौरान बनने वाली झीलें भी अधिक वर्षा के दौरान फटने लगती हैं। वर्ष 2013 में केदारनाथ की आपदा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। अब अल नीनो भी सक्रिय होने जा रहा है, जिसका असर संभवतः अगस्त माह में भारतीय क्षेत्र में नजर आएगा।

> उत्तराखंड के लिए हिमस्खलन की घटनाएं भी कम चुनौतीपूर्ण नहीं रहती हैं। हिमालय की चोटियों पर गर्मी के दौरान बनने वाली झीलें भी अधिक वर्षा के दौरान फटने लगती हैं।

गढ़वाल मंडल के चमोली, रुद्रप्रयाग आदि जिलों में हाल की आपदाओं ने जान-माल की बड़ी क्षति पहुंचाई है और इस सच्चाई से भी कोई इनकार नहीं कर सकता है कि साल-दर-साल की इन आपदाओं के लिए दैवीय से ज्यादा मानवीय गतिविधियां ज्यादा जिम्मेदार हैं, जो चंद वर्षों में ज्यादा बढ़ी हैं। पर्वतीय इलाकों में अवैध निर्माण जहां भूस्खलन और बाढ़ की संभावनाओं को बढ़ाता है, तो लगातार हो रही जंगलों की कटाई से देवभूमि उत्तराखंड की बेशकीमती वपस्पति का विनाश हो रहा है। पहाड़ों पर अनियोजित विकास से आपदाओं की संभावना बढ़ती है, तो सीमित होते जंगलों से होने वाला जलवायु परिवर्तन मौसम चक्र बदलता है, जैसा कि हर साल और इस साल भी देखने को मिल रहा है।

अब सवाल यही बचता है कि मौसम की इन ढेर सारी चुनौतियों से निपटने के लिए करें तो क्या करें? इसका हर बार यही जवाब होता है कि हमें प्रकृति में मानव हस्तक्षेप को बहुत ही सीमित करना होगा। जल-जंगल को बचाने के लिए उनके अंधाधुंध दोहन के बजाय उनके संवर्द्धन पर ज्यादा ध्यान देना होगा। मौसम जनित आपदाओं से निपटने के लिए समयपूर्व तैयारियों को और ज्यादा पुख्ता करना होगा। विशेषज्ञ भी इस बात से इनकार नहीं करते हैं। कहते हैं कि हमारे लिए आपदाओं को रोकना संभव नहीं है, लेकिन आपदा प्रबंधन को बेहद मजबूत करते हुए उसके प्रभाव को कम तो किया ही जा सकता है। हालांकि राज्य सरकार इसको लेकर काफी गंभीर भी दिख रही है और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की समयपूर्व तैयारियां आपदाओं का प्रभाव कम करने में कारगर भी साबित हुई हैं।

नैनीताल के आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह भी मानते हैं कि जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा प्रभावित क्षेत्र हिमालय राज्य हैं। आपदाओं को रोकना संभव नहीं, लेकिन राहत के लिए आपदा प्रबंधन का सशक्त होना सबसे जरूरी है। इसके साथ ही मजबूत नेटवर्क और संचारतंत्र होना चाहिए। सेटेलाइट नेटवर्क बेहतर होगा, तो आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जल्द राहत पहुंचाई जाना आसान होगा। राज्य में बादल फटने की घटनाएं सर्वाधिक घातक होने लगी हैं, जिससे निपटना मानसून में सबसे बड़ी चुनौती होगी।

## आमने सामने



पश्चिम बंगाल में धार्मिक गतिविधियों की अनुमति को लेकर दोहरे मानदंड हैं। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। यहां नमाज अदा करने की अनुमति है, लेकिन पूजा करने और पंडाल लगाने के लिए हाई कोर्ट से अनुमति मांगनी पड़ती है। मैंने दक्षिणेश्वर में पूजा की और राज्य के लोगों के कल्याण तथा 'विकसित बंगाल' एवं 'सोनार बांग्ला' के निर्माण के लिए देवी से प्रार्थना की। – **नितिन नबीन**, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा

निर्वाचन आयोग, भाजपा और केंद्र सरकार संविधान का पालन नहीं कर रहे। मतदान के अधिकार छीनने की कोशिश कर रहे हैं। आज वे मतदान के अधिकार छीन रहे हैं। मैं अपने उम्मीदवारों से नामांकन दाखिल करते समय वकीलों को साथ ले जाने के लिए कहूंगी। असम में कई नामांकन रद्द कर दिए गए हैं। मुझे बीजेपी और निर्वाचन आयोग पर भरोसा नहीं है। – **ममता बनर्जी**, टीएमसी प्रमुख



# मध्य-पूर्व युद्ध में नवीन मार्शल प्लान की प्रासंगिकता



डॉ. कल्याण कुमार गांगुली
वरिष्ठ, वैज्ञानिक

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनियाभर में भारी विनाश एक दुःस्वप्न था। युद्ध का केंद्र बिंदु पश्चिमी यूरोप और पूर्वी यूरोप के कुछ हिस्सा था, कुछ ही दिनों बाद सोवियत संघ और जापान भी जुड़ गया। द्वितीय विश्व युद्ध की परिणति जर्मनी के बिना शर्त आत्मसमर्पण और जापान द्वारा पॉट्सडैम समझौते को स्वीकार करने के साथ हुई। छः मिलियन यहूदियों का हाड़ कंपा देने वाला नरसंहार अभी भी जीवित बचे लोगों के लिए दुःस्वप्न है। इस युद्ध के बाद अनेक वर्षों तक कई मोर्चों पर बड़े पैमाने पर आर्थिक मंदी और गिरावट महसूस की गई। इस स्थिति का वर्णन कई बार किया जा चुका है।

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन की मंजूरी के साथ तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री जॉर्ज सी. मार्शल की ओर से एक व्यापक सहायता योजना लागू की गई, जिसे बाद में मार्शल प्लान के नाम से में जाना गया। इस मार्शल प्लान के अंतर्गत वर्ष 1947-48 में स्वीकृत राशि 13 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी, जो आज के अनुमान के अनुसार 150 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है। हालांकि यह विरोधाभास ही है कि जर्मनी को केक का एक बड़ा हिस्सा मिला, परंतु जापान को मार्शल प्लान के अंतर्गत एक भी कौड़ी नहीं दी गई। कई राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना था कि यह सहायता केवल जीर्ण-शीर्ण राष्ट्रों के पुनर्निर्माण और विकास के लिए नहीं थी, बल्कि यह देखने के लिए भी थी कि प्रभावित यूरोपीय राष्ट्र कहीं सोवियत छत्रछाया में कम्युनिस्ट न बन जाएं।

मार्शल प्लान 2: आज के मध्य पूर्व युद्ध को अधिक उपयुक्तता से समझने के लिए इन तथ्यों को दोहराया गया। एक तरफ शिया कट्टरपंथ का समर्थन करता है, तो दूसरी तरफ यहूदियों के विनाश के सिद्धांत का पालन करता है। अमेरिकी अपनी सहज प्रवृत्ति के कारण ऐसे राज्य को पनपने नहीं दे सकते, जो उनके तेल के सुचारु प्रवाह के लिए खतरा हों और भला अमेरिका को कौन चुनौती दे सकता है। अमेरिकी सरकार उन्हीं की मदद करती है, जो पिछलग्गू अरब देशों की तरह उनकी हां में हां मिलाएं, जबकि ईरान ऐसा हरगिज नहीं करता। इजराइल अपने अस्तित्व के लिए अमेरिकी लॉबी में शामिल हो गया और निशाना साधने के लिए दोनों देशों को एक साझा लक्ष्य मिल गया। इसके अलावा नेतन्याहू अमेरिकी यहूदियों के प्रिय हैं। अमेरिका में अपने प्रवास के दौरान उन्होंने इजरायली प्रवासियों से यह वादा करके बहुत सहानुभूति बटोरी थी कि वह इजरायल के यहूदी को सम्मान देंगे।

यद्यपि, दिनांक 28 फरवरी, 2026 का दुर्भाग्यपूर्ण दिन पूरी तरह से आश्चर्यचकित करने वाला नहीं था, परंतु ईरान पर हमले की भयावहता कई लोगों की कल्पना से परे थी। डोनाल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू की जोड़ी ने अली खामेनी और उनके परिवार सहित ईरान के इस्लामी गणराज्य की केंद्रीय कमान को नष्ट कर दिया। यह एक लॉक स्टॉक और बैरल हमला था। उन्होंने सुनिश्चित किया कि यह हमला उन्हें जल्द से जल्द लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करेगा और वे पृथ्वी पर से सभी बुराइयों से छुटकारा पा लेंगे, अफसोस कि ऐसा नहीं हुआ। युद्ध लगभग एक महीने से चल रहा है और ऐसा प्रतीत होता है कि इस युद्ध की चिंगारी तो दिखाई नहीं देगी, पर युद्ध जारी रहेगा। कई विशेषज्ञों के अनुसार यह एक और इराक या लीबिया बन रहा है।

> युद्ध लगभग एक महीने से चल रहा है और ऐसा प्रतीत होता है कि इस युद्ध की चिंगारी तो दिखाई नहीं देगी, पर युद्ध जारी रहेगा। कई विशेषज्ञों के अनुसार यह एक और इराक या लीबिया बन रहा है।

युद्ध के बाद देश के पुनर्निर्माण और विकास के लिए ईरान को एक और मार्शल प्लान (मार्शल प्लान 2) से समर्थन मिलना चाहिए। इराक-लीबिया सिंड्रोम से बचने के लिए व्यापक चौतरफा सहायता और समर्थन अपरिहार्य है। इजरायली सरकार को नए शासन का भागीदार होना चाहिए। इजराइल को पुनर्निर्माण में भागीदार बनाना हास्यास्पद लग सकता है। पर साझेदारी न केवल दोनों देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि दोनों देशों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की गारंटी भी देगी। इसका उदाहरण वर्ष 1967 के बाद मिस्र और जॉर्डन के साथ इजरायल के मध्य-पूर्व संघर्ष और उसके बाद हुए युद्धविराम से समझा जा सकता है। हालांकि सब कुछ इतना आसान नहीं है, फिर भी, वर्तमान अशांत स्थिति में भी इन देशों के बीच युद्धविराम है।

युद्ध के बाद की किसी भी कार्रवाई को शून्य कर देना और ईरान को अपनी मनमानी करने देना आधुनिक राज्य की राजनीति का हाराकिरी होगा। यदि मार्शल प्लान 2 के अंतर्गत सर्वांगीण अनुदान, सहायता और सहयोग नहीं दिया गया तो ईरान में एक और कट्टर उग्रवादी समूह उभर आएगा, जो इजरायल जैसे पड़ोसी देशों से और दुश्मनी ठानते हुए अमेरिका का दुश्मन बना रहेगा। इस स्थिति में सामान्य जनता के हितों की अनदेखी होने के साथ उग्रवाद को और बढ़ावा मिलता रहेगा। पुनर्निर्माण सहायता और सर्वांगीण समर्थन का मैग्नम हिस्सा संयुक्त राज्य अमेरिका से आना चाहिए। मार्शल प्लान 2 की सफलता से इजराइल और ईरान दोनों के लिए सांस्कृतिक/सभ्यतागत अहंकार से बचने का एक मार्ग प्रशस्त होगा। सह-अस्तित्व ही राज्यों को शांतिपूर्वक रहने में मदद करता है। हालांकि मार्शल प्लान 2 का आयोजन इतना आसान भी नहीं है, परंतु देश के सर्वांगीण विकास के लिए, इस दिशा में काम करना न्यायसंगत होगा। अमेरिका और यूरोपीय देशों को चाहिए कि वे मार्शल प्लान 2 के प्रभावी रूप से अनुपालन में अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करें।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# विस्थापन संकट

इजरायल, लेबनान की सीमा में 30 किलोमीटर अंदर घुस गया है। सिर्फ तीन हफ्तों में दक्षिणी लेबनान से 10 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, जो उसकी आबादी का लगभग 20 फीसदी है। यह दुनिया का सबसे तेज विस्थापन संकट है। सीरिया और सोमालिया में भी इतनी तेजी से इतना बड़ा विस्थापन नहीं हुआ था। इजरायल ने ये सब हिजबुल्लाह के खिलाफ ऑपरेशन के नाम पर किया है, लेकिन हकीकत यह है कि ग्रेटर इजरायल के तहत यह उसकी पुरानी योजना का हिस्सा है। हिजबुल्लाह अब तक इजरायल को लिटानी नदी पार नहीं करने दे रहा था। वह उसे रोके हुए था। इजरायल ने बीते दिनों लिटानी के ऊपर बने सात पुलों को उड़ा दिया। इन पुलों के ध्वस्त होने से दक्षिणी लेबनान, मुख्य हिस्से से कट गया है।



दिलीप खान
ब्लॉगर

मैंने पहले भी कहा था कि इजरायल का ज्यादा ध्यान अभी लेबनान पर है। वह ईरान पर हमले जरूर कर रहा है, लेकिन लेबनान उसके एजेंडे में अहम है, क्योंकि वहां उसे 'जीत' की गुंजाइश नजर आ रही थी। पिछले तीन हफ्तों से वेस्ट बैंक में भी फिलिस्तीनियों के साथ इजरायली सेना और सेटलर (वहां आकर बसे या बसने की तमन्ना पाले हथियारबंद इजरायली-यहूदी) ने अभूतपूर्व हिंसा की है। व्यापक हत्याएं, बलात्कार, छिनैती, लूट जैसी वीभत्स खबरें तमाम सेंसरशिप के बावजूद रिपोर्ट हो रही हैं। पिछले हफ्ते एक फिलिस्तीनी पत्रकार को सुन रहा था, जिसका कहना था कि उसने ऐसी हिंसा अपनी जिंदगी में नहीं देखी। वह पिछले दो-तीन दशकों की बात कर रही थी। नए इलाके कब्जाने के लिए इजरायली सेना ने सेटलर्स को हथियार दिए हैं और वे गांव के गांव लूट रहे हैं। इन्होंने कई बस्तियों को आग लगाकर खाक कर दिया। इजरायल का शुरू से लक्ष्य है कि वह दक्षिणी लेबनान पर कब्जा कर ले। पहले उसके कुछ नेताओं ने यह मंशा जाहिर की कि वह वहां उसी तरह का घेरा बनाए, जैसा वह गाजा में बना रहा है। इसके बाद की क्रोनोलॉजी देखिए। उसने पहले दक्षिणी लेबनान पर आसमानी हमले किए। फिर लोगों से कहा कि घर छोड़कर भागो। फिर कहा कि जब तक हिजबुल्लाह का असर खत्म नहीं होता, तब तक लौटना मत। फिर टैंक लेकर जमीनी हमले शुरू किया। फिर लिटानी नदी के पुल तोड़े। फिर सेना वहां पहुंची और अब इजरायली नेता कह रहे हैं कि इस इलाके को इजरायल में मिला लो। यानी जो पुराना सपना था, वह इस क्रोनोलॉजी में बाद में जाहिर हो रहा है, लेकिन मूल सपना वही था। हिजबुल्लाह उस सपने के बीच में खड़ा था और अभी भी है।

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# कानूनी रूप से गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार

किसी भी समाज में यह प्रबल धारणा रही है कि परिवार के किसी सदस्य की तब तक सेवा की जाए, जब तक उसके प्राण कुदरती तौर पर न निकल जाएं। खासकर भारतीय समाज में इस मुद्दे को लेकर गहरी संवेदनशीलता रही है, लेकिन जब कोई अपना प्रिय उस स्थिति में पहुंच जाए, जहां से सामान्य जीवन में लौट पाना संभव ही न हो, तो बदलते वक्त के साथ कानून के दायरे में उसकी मुक्ति की भी बात होने लगी है।

हाल ही में देश के सुप्रीम कोर्ट का 13 वर्ष से कोमा में रहने वाले एक युवा के लिए निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति देने का निर्णय, जीवन के अंतिम चरण की देखभाल पर भारत में विकसित होते न्यायशास्त्र में नया मोड़ है। किसी असाध्य स्थिति में कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने की अनुमति देने वाला यह फैसला, अदालत द्वारा पहले से निर्धारित प्रक्रिया का पहला व्यावहारिक प्रयोग है। इस मामले में चिकित्सा बोर्डों ने यह निष्कर्ष निकाला है कि निरंतर उपचार का कोई चिकित्सीय उद्देश्य नहीं था। इससे केवल जैविक अस्तित्व को ही लंबा खींच दिया गया। इस बाबत अदालत की स्वीकृति एक कठिन सत्य को स्वीकार करती है कि जीवन की गरिमा, मृत्यु में भी गरिमा तक विस्तारित होनी चाहिए। निस्संदेह, भारत में इच्छामृत्यु पर कानूनी प्रगति धीमी रही है। इस मामले में पहली बार अरुणा शानबाग मामले में ध्यान दिया गया था। वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद-21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार के अंतर्गत गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार देने के साथ यह मुद्दा अपने चरम पर पहुंचा।



आकाश सपेलकर
अधिवक्ता

दरअसल, इच्छामृत्यु से जुड़ी दुविधा, इससे जुड़े सिद्धांतों के क्रियान्वयन की अनिश्चितता को लेकर बनी रही है, जिसके चलते परिवारों व डॉक्टरों को जटिल प्रकिया व कानूनी चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है। हालिया फैसले से भी न्यायिक दिशा-निर्देशों मात्र पर निर्भर रहने की सीमाएं उजागर हुई हैं, बल्कि यहां तक कि देश की शीर्ष अदालत ने भी निष्क्रिय इच्छामृत्यु, लिविंग बिल और जीवन को लेकर अंतिम निर्णय को नियंत्रित करने वाले व्यापक कानून की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। ऐसे कानून में नैतिक संवेदनशीलता और प्रक्रियात्मक स्पष्टता के बीच बेहद संतुलन होना चाहिए। यह प्रक्रिया कमजोर रोगियों को दुर्व्यवहार से बचाते हुए, यह भी सुनिश्चित करे कि परिवार और चिकित्सा पेशेवर कानूनी परिणामों के भय के बिना कार्य कर सकें। इस मामले में स्पष्ट प्रोटोकॉल, पारदर्शी चिकित्सा मूल्यांकन और रोगी की स्वायत्तता का सम्मान आवश्यक है। निष्कर्ष यह भी है कि जब उपचार असंभव हो, तो चिकित्सा उपायों से रोगी की पीड़ा को लंबा नहीं खींचा जाना चाहिए। शीर्ष अदालत की कारगर सलाह के मद्देनजर देश के नीति-नियंताओं को एक मानवीय कानूनी ढांचा तैयार करने के बारे में गंभीरता से सोचना चहिए, जो टाली न जा सकने वाली विषम स्थिति में व्यक्ति को गरिमा के साथ जीने और मरने की अनुमति दे सके। देश में इस बाबत एक संवेदनशील कानून बनाने की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। साथ ही ऐसा कानून बनाते वक्त मानवीय संवेदनशीलता तथा कानूनी सुरक्षा कवच के बीच संतुलन बनाना भी उतना ही जरूरी होगा। वहीं हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा संकीर्ण लक्ष्यों को पूरा करने के लिए किसी व्यक्ति की दबाव में इच्छामृत्यु के लिए परिस्थितियां पैदा न की जा सकें। दुनिया के तमाम विकसित देशों में इस आशंका के चलते ही इच्छामुत्यु को कानूनी रूप देने से परहेज किया गया है। यह जटिल मामला भी है, जिसके निर्धारण के लिए कानूनी स्पष्टता और मामले की गहन निगरानी भी उतनी ही जरूरी है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## वर्ड स्मिथ

### एक मजाक से हुई थी 'OK' की शुरुआत

'OK' सिर्फ दो अक्षरों का यह छोटा-सा शब्द आज पूरी दुनिया की साझा भाषा बन चुका है। चाहे आप किसी अनजान देश में हों या अलग भाषा बोलने वाले लोगों के बीच, 'OK' हर जगह समझा जाता है। इसकी शुरुआत जितनी साधारण दिखती है, उतनी ही दिलचस्प भी है। दरअसल, साल 1839 में अमेरिका के अखबारों में एक अनोखा ट्रेंड चल रहा था। शब्दों को जानबूझकर गलत लिखना और उन्हें छोटा करके पेश करना। इसी




मजाकिया अंदाज में 'all correct' को 'oll korrect' लिखा गया और इसका संक्षिप्त रूप बना 'O.K.'। धीरे-धीरे यह मजाक लोगों की जुबान पर चढ़ गया। फिर आया 1840 का अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव, जिसने 'OK' को नई पहचान दी। उम्मीदवार मार्टिन वैन ब्यूरन के समर्थकों ने "OK Club" बनाकर इसे प्रचार का नारा बना दिया- "We're OK!"। यहीं से यह शब्द आम लोगों के बीच लोकप्रिय हो गया। 'OK' की उत्पत्ति को लेकर कई और सिद्धांत सामने आए। कुछ लोगों ने इसे चॉकटॉ जनजाति के शब्द "okeh" से जोड़ा। यहां तक कि अमेरिका के राष्ट्रपति वुडरो विल्सन भी "OK" की जगह "okeh" लिखते थे। भाषा वैज्ञानिकों ने शोध के आधार पर यह साफ कर दिया कि 'OK' की असली जड़ें 'oll korrect' से ही जुड़ी हैं। समय के साथ 'OK' ने भाषाओं की सीमाएं तोड़ दीं और आज यह सहमति, संतोष और सामान्य प्रतिक्रिया का प्रतीक बन गया है। मजाक से जन्मा यह शब्द अब वैश्विक संवाद का सबसे आसान माध्यम बन चुका है।

## नोटिस बोर्ड

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा

- लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी (नियमित) कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अनुसंधान प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि घोषित कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह परीक्षा 30 और 31 मार्च को आयोजित की जाएगी। दोनों दिन यह परीक्षा सुबह 10:30 बजे से 12:00 बजे तक संचालित की जाएगी। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचें और प्रवेश पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। परीक्षा से संबंधित अन्य जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।



### परीक्षाओं का कार्यक्रम

- महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली ने वर्ष 2026 के लिए बीएससी नर्सिंग, बीपीटी और बीएससी एमएलटी पाठ्यक्रमों की मुख्य एवं पूरक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार ये परीक्षाएं 30 मार्च से शुरू होकर अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं के लिए एक समान समय निर्धारित किया गया है। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी।




# नए युवा और बदलती करियर संभावनाएं



आज का समय अवसरों, संभावनाओं और प्रतिस्पर्धा का समय है। बदलती तकनीक, वैश्वीकरण और नई आर्थिक संरचनाओं ने करियर के पारंपरिक ढांचे को पूरी तरह परिवर्तित कर दिया है। एक समय था जब डॉक्टर, इंजीनियर या सरकारी नौकरी को ही सफलता का पर्याय माना जाता था, लेकिन आज डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल मीडिया, डिजाइन, खेल, उद्यमिता और अनेक कौशल आधारित क्षेत्रों में भी उज्ज्वल भविष्य के द्वार खुले हैं। यह विविधता जहां एक ओर युवाओं को नए अवसर प्रदान करती है, वहीं दूसरी ओर उनके सामने सही चुनाव की चुनौती भी खड़ी करती है।



संध्या राजपुरोहित
शिक्षिका

### रोजगार योग्य कौशल

भारत का वर्तमान जनसांख्यिकीय परिदृश्य इस चर्चा को और अधिक महत्वपूर्ण बना देता है। देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है और हर वर्ष लगभग 1.2 करोड़ युवा कार्यबल में प्रवेश करते हैं। यह स्थिति भारत को एक बड़ी संभावित शक्ति प्रदान करती है, जिसे "डेमोग्राफिक डिविडेंड" कहा जाता है। यदि इस युवा शक्ति को उचित दिशा, कौशल और अवसर नहीं मिले, तो यही संभावना एक चुनौती में परिवर्तित हो सकती है। यही वह बिंदु है, जहां कैरियर चयन और कौशल विकास के बीच का संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। विभिन्न रिपोर्ट्स यह संकेत करती हैं कि देश में रोजगार की समस्या से अधिक "रोजगार योग्य कौशल" की कमी एक बड़ी चुनौती है। आज भी लगभग आधे युवा ऐसे हैं, जो उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप पूरी तरह तैयार नहीं हैं। कई अध्ययन बताते हैं कि केवल लगभग 50 प्रतिशत ग्रेजुएट ही वास्तव में जॉब-रेडी माने जाते हैं। इसका अर्थ यह है कि शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद बड़ी संख्या में युवा रोजगार के लिए आवश्यक व्यावहारिक दक्षताओं से वंचित रह जाते हैं। यह स्थिति शिक्षा और रोजगार के बीच बढ़ती खाई को भी उजागर करती है।



### युवाओं के लिए अवसर और चुनौती

देश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है, फिर भी बेरोजगारी के आंकड़ों में बड़ी हिस्सेदारी शिक्षित युवाओं की ही दिखाई देती है। लगभग 65 से 67 प्रतिशत बेरोजगार युवाओं का ग्रेजुएट होना इस तथ्य को स्पष्ट करता है कि केवल डिग्री हासिल करना सफलता की गारंटी नहीं है। इसका एक प्रमुख कारण यह है कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली अभी भी अधिकतर सैद्धांतिक ज्ञान पर आधारित है, जबकि उद्योग और समाज को व्यावहारिक कौशल, नवाचार और समस्या समाधान की क्षमता रखने वाले युवाओं की आवश्यकता है। कौशल अंतर या "स्किल गैप" भी इस समस्या का एक महत्वपूर्ण पक्ष है। देश में औपचारिक रूप से प्रशिक्षित युवाओं का प्रतिशत अभी भी बहुत कम है, जो लगभग 4 से 5 प्रतिशत के आसपास माना जाता है। वहीं, नई तकनीकी क्षेत्रों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और डिजिटल तकनीक में कुशल युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है, लेकिन उस अनुपात में प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध नहीं है। यह अंतर युवाओं के लिए अवसर भी है और चुनौती भी, क्योंकि जो इस दिशा में स्वयं को तैयार करेगा, वही भविष्य में आगे बढ़ेगा।

### रोजगार की गुणवत्ता

रोजगार की गुणवत्ता भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनकर उभर रही है। बड़ी संख्या में युवा अपनी योग्यता से कम स्तर के कार्य करने के लिए मजबूर हैं, जिससे उनमें असंतोष और अस्थिरता की भावना बढ़ती है। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी प्रभाव डालती है। इन सभी तथ्यों और आंकड़ों के बीच सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि विद्यार्थी अपने कैरियर का चुनाव किस प्रकार करें। इसका उत्तर आत्म पहचान में निहित है। प्रत्येक विद्यार्थी की अपनी रुचियां, क्षमताएं और सपने होते हैं। जब कोई व्यक्ति अपनी रुचि के अनुरूप क्षेत्र का चयन करता है, तो वह उसमें अधिक समय तक टिकता है, बेहतर प्रदर्शन करता है और अंततः संतुष्टि भी प्राप्त करता है। इसके विपरीत, यदि कैरियर का चुनाव केवल सामाजिक दबाव, तुलना या अधूरी जानकारी के आधार पर किया जाता है, तो वह आगे चलकर असंतोष का कारण बनता है। सही निर्णय के लिए आवश्यक है कि विद्यार्थी अपने भीतर झांकें, अपनी रुचियों और क्षमताओं को समझें और विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में ठोस जानकारी प्राप्त करें।



### रुचि, क्षमता और लक्ष्य

आज सूचना के अनेक स्रोत उपलब्ध हैं, लेकिन सही और प्रामाणिक जानकारी का चयन करना भी उतना ही आवश्यक है। इसके साथ ही शिक्षकों, अभिभावकों और कैरियर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लेना निर्णय को अधिक सुदृढ़ बनाता है। इस प्रक्रिया में परिवार और विद्यालय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों पर अपने सपनों का बोझ न डालें, बल्कि उनकी रुचियों और क्षमताओं को समझते हुए, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। वहीं शिक्षकों का दायित्व केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि वे विद्यार्थियों के मार्गदर्शक बनकर उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए तैयार करते हैं। एक सकारात्मक और सहयोगात्मक वातावरण बच्चों में आत्मविश्वास विकसित करता है और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। आज का समय निरंतर सीखने का समय है। कैरियर अब एक स्थिर विकल्प नहीं, बल्कि एक गतिशील यात्रा बन चुका है, जिसमें समय-समय पर नए कौशल सीखना, स्वयं को अपडेट करना और बदलती परिस्थितियों के अनुसार ढलना आवश्यक है। यही लचीलापन और सीखने की प्रवृत्ति व्यक्ति को दीर्घकालिक सफलता की ओर ले जाती है। अंततः यह स्पष्ट है कि कैरियर का सही चुनाव केवल एक निर्णय नहीं, बल्कि जीवन की दिशा तय करने वाली प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया तभी सफल हो सकती है, जब उसमें आत्मविश्वास, सही जानकारी, कौशल विकास और स्पष्ट लक्ष्य का समन्वय हो। आज के विद्यार्थी यदि इन आधारों को समझकर अपने कैरियर की दिशा तय करते हैं, तो वे न केवल अपने लिए एक सफल भविष्य का निर्माण करेंगे, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगे। याद रखना होगा कि कैरियर का चुनाव भीड़ का अनुसरण नहीं, बल्कि अपनी पहचान को समझते हुए अपनी राह बनाने की प्रक्रिया है। सही कैरियर वही है, जहां रुचि, क्षमता और लक्ष्य एक साथ मिलकर जीवन को सार्थकता प्रदान करते हैं।

## कॉलेज का पहला दिन

### जब सपना बना हकीकत

मेरे जीवन के अनुभवों में कॉलेज में मेरा पहला दिन शामिल है, जिन्हें मैं हमेशा संजोकर रखना चाहूंगी। यह सिर्फ एक नए कॉलेज में प्रवेश नहीं था, बल्कि अपने सपनों की दिशा में पहला ठोस कदम भी था। पत्रकारिता की पढ़ाई शुरू करना मेरे लिए लंबे समय से एक सपना रहा था और जब वह दिन आया, तो मेरे मन में उत्साह, जिज्ञासा और हल्की-सी घबराहट एक साथ उमड़ रही थी।

सुबह जब मैं कॉलेज परिसर में पहुंची, तो हर चीज मुझे नई और अलग लग रही थी। चारों ओर अनजान चेहरे, नई-नई इमारतें और एक बिल्कुल अलग माहौल मानो मैं एक नई दुनिया में प्रवेश कर रही थी। दिल की धड़कनें थोड़ी तेज थीं, लेकिन भीतर कहीं एक खुशी भी थी कि अब मैं अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही हूं। पहले दिन की शुरुआत परिचय सत्र से हुई। कक्षा में बैठते ही शिक्षकों ने बड़े सहज और प्रेरणादायक अंदाज में पत्रकारिता के महत्व को समझाना शुरू किया। उन्होंने बताया कि पत्रकारिता केवल खबरें लिखने या दिखाने का काम नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का एक सशक्त माध्यम है। एक सच्चा पत्रकार वही होता है, जो निष्पक्ष होकर सच को सामने लाए, लोगों की आवाज बने और समाज की समस्याओं को उजागर करे। उनकी बातें सुनकर मेरे भीतर इस पेशे के प्रति सम्मान और भी बढ़ गया। क्लास के दौरान मैं ध्यान से हर बात सुन रही थी, लेकिन साथ ही अपने आसपास बैठे छात्रों को देखकर थोड़ी झिझक भी महसूस हो रही थी। सब एक-दूसरे से अनजान थे, फिर भी हर किसी के चेहरे पर कुछ नया सीखने की उत्सुकता साफ दिखाई दे रही थी। पहली क्लास खत्म होने के बाद धीरे-धीरे माहौल थोड़ा सहज होने लगा। मैंने हिम्मत जुटाकर अपने सहपाठियों से बातचीत शुरू की। शुरुआत में थोड़ी झिझक थी, लेकिन जल्द ही वह घुलने लगी। कुछ ही देर में मेरी कुछ नए दोस्तों से अच्छी पहचान हो गई। उनसे बात करके ऐसा लगा जैसे हम पहले से ही एक-दूसरे को जानते हों। इस छोटी-सी पहल ने मेरे आत्मविश्वास को काफी बढ़ा दिया। दिन के अंत तक मेरी सारी घबराहट लगभग खत्म हो चुकी थी और उसकी जगह एक नई ऊर्जा ने ले ली थी। मुझे एहसास हुआ कि यह सफर न केवल सीखने का होगा, बल्कि खुद को समझने और निखारने का भी अवसर देगा। ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज का वह पहला दिन मेरे लिए सिर्फ शुरुआत नहीं, बल्कि एक नई पहचान की नींव था।



भावना
हल्द्वानी



## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में 1998 बैच के अधिकारी कृष्ण कुमार ठाकुर ने NMDC लिमिटेड में निदेशक (कार्मिक) का पदभार ग्रहण कर लिया है। NMDC भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी है। उन्होंने भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा के अधिकारी के रूप में अपनी सेवा शुरू की थी। उनके पास भारतीय रेलवे और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में मानव संसाधन प्रबंधन का दो दशकों से भी अधिक का अनुभव है।
- भारत जून 2026 से लिपुलेख दर्रा के माध्यम से चीन के साथ सीमा व्यापार फिर से शुरू करने जा रहा है। यह कदम 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान लगाए गए सात साल के प्रतिबंध को समाप्त करेगा। यह निर्णय विभिन्न मंत्रालयों की मंजूरी और महत्वपूर्ण कूटनीतिक वार्ताओं के बाद लिया गया है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित यह ऐतिहासिक व्यापार मार्ग लंबे समय से स्थानीय लोगों की आजीविका का आधार रहा है और इसके दोबारा खुलने से व्यापारियों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है।
- हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के ओपनर साहिबजादा फरहान को फरवरी 2026 के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया गया है। यह सम्मान उन्हें आईसीसी मेन्स टी-20 विश्व कप 2026 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मिला। फरहान ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक रन बनाए और इतिहास रच दिया। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ते हुए एक ही टी-20 वर्ल्ड कप संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने का नया रिकॉर्ड बनाया।
- हाल ही में भारत ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। नई दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत ने कुल 208 पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। तीन दिन तक चले इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया, जिसमें आठ देशों के 257 एथलीटों ने भाग लिया। भारतीय पैरा एथलीटों ने ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 75 स्वर्ण, 69 रजत और 64 कांस्य पदक जीते।

## जॉब अलर्ट

### IDBI बैंक लिमिटेड

- पद का नाम : स्पेशलिस्ट ऑफिसर (डीजीएम, एजीएम, मैनेजर, जूनियर असिस्टेंट मैनेजर-सिक्योरिटी ऑफिसर)
- कुल पद :33
- योग्यता- आई/कंप्यूटर साइंस/इलेक्ट्रॉनिक्स/डेटा/एआई/रिलेटेड फील्ड में ग्रेजुएट/पोस्टग्रेजुएट डिग्री या XII/डिप्लोमा जेसीओ सर्विस (सिक्योरिटी ऑफिसर के लिए) के साथ, तय एक्सपीरियंस के साथ
- आयु सीमा-25 से 45 साल, सिक्योरिटी ऑफिसर के लिए 50 साल तक, रिलैक्सेशन के साथ)
- वेबसाइट- https://www.idbibank.in

### को-ऑपरेटिव बैंकिंग एंड टेक्निकल सर्विसेज परीक्षा

- पद का नाम : मैनेजर, जूनियर मैनेजर, असिस्टेंट कैशियर, असिस्टेंट/टाइपिस्ट, असिस्टेंट इंजीनियर (सिविल)
- कुल पद-116 पोस्ट
- वेबसाइट- https://upcisb.org

### IRB GD कांस्टेबल रिक्रूटमेंट

- पद का नाम-कांस्टेबल बैंड, कांस्टेबल बगलर, कांस्टेबल, कॉन्स्टेबल सिविल पुलिस (महिला), कांस्टेबल सिविल पुलिस (पुरुष), फायरमैन, स्पेशल टाइगर गार्ड
- कुल पद -984 (APST, UR और एक्स-सर्विसमैन कोटा मिलाकर)
- पे स्केल- पे मैट्रिक्स लेवल-3 (21,700 – 69,100)
- योग्यता- क्लास 10 वीं, (पोस्ट के हिसाब से तय फ़िज़िकल स्टैंडर्ड और दूसरी एलिजिबिलिटी शर्तें)
- आयु सीमा- 18-22 साल कांस्टेबल पोस्ट (पोस्ट कोड 5/26 से 9/26), फायरमैन और स्पेशल टाइगर गार्ड के लिए 18-32 साल (पोस्ट कोड 10/26 और 11/26), एपीएसटी और एक्स-सर्विसमैन के लिए नियम के अनुसार ऊपरी उम्र में छूट
- वेबसाइट- https://apssb.nic.in

### इसरो यूआरएससी

- पद का नाम : वैज्ञानिक/इंजीनियर 'एससी', वैज्ञानिक/इंजीनियर 'एसडी', चिकित्सा अधिकारी 'एससी'
- कुल पद : 4
- पे स्केल : पद के हिसाब से अलग-अलग स्केल
- योग्यता : पदानुसार
- आयु सीमा : 25-35 वर्ष
- वेबसाइट : www.isro.gov.in & www.ursc.gov.in

# स्टडी से लेकर ट्रैवल तक, अपनाएं ये स्मार्ट कोर्स

12 वीं के बाद करियर चुनना केवल पारंपरिक ग्रेजुएशन तक सीमित नहीं रह गया है। आज के समय में कई ऐसे प्रोफेशनल और डिप्लोमा कोर्स मौजूद हैं, जो न सिर्फ बेहतर करियर के अवसर देते हैं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का रास्ता भी खोलते हैं। इन कोर्स के जरिए छात्रों को विदेश में ट्रेनिंग, सेमिनार, प्रोजेक्ट और यहां तक कि नौकरी के मौके भी मिल सकते हैं। यदि आप पढ़ाई के साथ-साथ दुनिया घूमने का सपना देखते हैं, तो सही कोर्स का चुनाव आपके भविष्य को नई दिशा दे सकता है। आइए जानते हैं ऐसे पांच प्रमुख कोर्स के बारे में, जो आपको वैश्विक मंच तक पहुंचा सकते हैं।





ज्ञानेंद्र कुमार दीक्षित
असिस्टेंट प्रोफेसर, बीबीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ

### एमबीए इन इंटरनेशनल रिलेशन

आज के दौर में एमबीए इन इंटरनेशनल रिलेशन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह कोर्स उन छात्रों के लिए उपयुक्त है, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय राजनीति, वैश्विक व्यापार और कूटनीति में रुचि है। इसमें देशों के आपसी संबंध, अंतर्राष्ट्रीय संगठन, विदेशी नीतियां और वैश्विक अर्थव्यवस्था जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। इस कोर्स की खासियत यह है कि पढ़ाई के दौरान छात्रों को इंटरनेशनल सेमिनार, एक्सचेंज प्रोग्राम और रिसर्च प्रोजेक्ट में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। भारत में जवाहरलाल नेहरू विश्वविघालय,जाधवपुर विश्वविघालय जैसे संस्थान इस क्षेत्र में बेहतरीन शिक्षा प्रदान करते हैं।

### डिप्लोमा इन इंटरनेशनल रिलेशन

यदि कोई छात्र जल्दी इस क्षेत्र में प्रवेश करना चाहता है, तो डिप्लोमा इन इंटरनेशनल रिलेशन एक अच्छा विकल्प है। यह कोर्स सामान्यत: एक से दो वर्ष का होता है और इसमें वैश्विक राजनीति, अंतर्राष्ट्रीय कानून और कूटनीति की बुनियादी जानकारी दी जाती है।

### ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट

अगर आपको घूमना-फिरना पसंद है और नई संस्कृतियों को जानने का शौक है, तो ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इस कोर्स में टूर प्लानिंग, एयरलाइन ऑपरेशन, होटल मैनेजमेंट और इंटरनेशनल टूरिज्म जैसे विषय शामिल होते हैं। इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को अक्सर विदेश यात्रा करनी पड़ती है, क्योंकि उन्हें अंतरराष्ट्रीय टूर पैकेज तैयार करने, क्लाइंट्स से मिलने और विभिन्न देशों में सेवाएं समन्वित करने का काम करना होता है। कई कंपनियां अपने कर्मचारियों को विदेश में ट्रेनिंग और बिजनेस ट्रिप के लिए भी भेजती हैं, जिससे अनुभव और आय दोनों बढ़ते हैं।

### फॉरेन ट्रेड एंड इंटरनेशनल बिजनेस

ग्लोबलाइजेशन के दौर में फॉरेन ट्रेड एंड इंटरनेशनल बिजनेस से जुड़े कोर्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। इस कोर्स में इंपोर्ट-एक्सपोर्ट, अंतर्राष्ट्रीय बाजार, फाइनेंस और ट्रेड पॉलिसी की जानकारी दी जाती है। इस क्षेत्र में कार्यरत प्रोफेशनल्स को ट्रेड फेयर, बिजनेस मीटिंग और मार्केट रिसर्च के लिए विदेश जाना पड़ सकता है। भारत में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड (आईआईएफटी) इस क्षेत्र का प्रमुख संस्थान है। यहां से पढ़ाई करने के बाद छात्रों को बेहतरीन प्लेसमेंट मिलते हैं और सैलरी पैकेज भी आकर्षक होता है।

### यूपीएससी के जरिए इंडियन फॉरेन सर्विसेस

अगर आप सरकारी सेवा के माध्यम से विदेश में काम करना चाहते हैं, तो संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा के जरिए भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) में शामिल हो सकते हैं। यह भारत की सबसे प्रतिष्ठित सेवाओं में से एक है। आईएफएस अधिकारी भारत का प्रतिनिधित्व विदेशों में करते हैं और उन्हें विभिन्न देशों में दूतावासों में नियुक्त किया जाता है। हालांकि इसमें चयन के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा और उच्च रैंक आवश्यक होती है, लेकिन यह करियर सम्मान, अनुभव और अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर का अनूठा अवसर प्रदान करता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 75,273.45 | 23,306.45 |
| बढ़त | 1205.00 | 394.05 |
| प्रतिशत में | 1.63 | 1.72 |

सोना 1,49,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,41,250 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, गुरुवार, 26 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### टाटा ने यूपी कमीशन कीं में दो ट्रांसमिशन लाइनें

**नयी दिल्ली।** टाटा पावर ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में 154 सर्किट किलोमीटर में फैली दो ट्रांसमिशन लाइनों - 400 किलोवोल्ट टांडा-गोंडा और 400 किलोवोल्ट (केवी) गोंडा-बस्ती डबल सर्किट - की कमीशनिंग की घोषणा की। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इसके साथ ही उसने साउथ ईस्ट यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (एसईयूपीपीटीसीएल) परियोजना के अंतर्गत सभी एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज (ईएचवी) ट्रांसमिशन लाइनों और सबस्टेशनों का सफलतापूर्वक कमीशनिंग कर लिया है। इस नेटवर्क में अब राज्य भर में 951 सर्किट किमी की तीन 765 केवी लाइनें, 566 सर्किट किमी की चौदह 400 केवी लाइनें और 3,460 एमवीए ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता वाले तीन 765/400 केवी सबस्टेशन हैं।

### रेल मार्ग से 35 फीसदी वाहन भेजेगी मारुति

**नयी दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की योजना वित्त वर्ष 2030-31 तक रेल मार्ग से वाहनों की आपूर्ति की हिस्सेदारी बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने की है। वर्तमान में यह हिस्सेदारी 26 प्रतिशत है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि मानेसर संयंत्र के अंदर रेल पटरी सुविधा (इन-प्लांट रेलवे साइडिंग) से जून 2025 में परिचालन शुरू होने के बाद से अब तक एक लाख वाहनों की ढुलाई (डिस्पैच) की जा चुकी है। इससे करीब 16,800 मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य उत्सर्जन कम हुआ। मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने कहा कि कैलेंडर वर्ष 2025 में कंपनी ने रेलवे के जरिये 5.85 लाख से अधिक वाहनों की ढुलाई कर रिकॉर्ड बनाया।

### अकासा एयर ने बनाया 42 माह में 2.5 करोड़ यात्रियों का रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली।** नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा एयर ने संचालन शुरू करने के मात्र 42 महीनों (साढ़े तीन साल) से थोड़े अधिक समय में 2.5 करोड़ से अधिक यात्रियों को सेवा देने की उपलब्धि हासिल कर ली है। अकासा ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाली सबसे तेज भारतीय एयरलाइन बन गयी है। एयरलाइन ने अगस्त 2022 में पहली उड़ान भरी थी और लगातार उद्योग में उच्च पैसेंजर लोड फैक्टर (भरी सीटों का अनुपात) दर्ज किया है। यह मांग की मजबूती, नेटवर्क की दक्षता और अकासा अनुभव के प्रति बढ़ती ग्राहक पसंद को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए अकासा एयर के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय दूबे ने कहा कि केवल साढ़े तीन साल में 2.5 करोड़ यात्रियों का आंकड़ा पार करना हमारे लिए गर्व का विषय है।

# कच्चे तेल में नरमी से बाजार में दूसरे दिन तेजी
# सेंसेक्स 1,205 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 394 अंक के लाभ में रहा। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच कच्चे तेल के दाम में कमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के साथ घरेलू शेयर बाजार बढ़त में रहे।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक यानी 1.63 प्रतिशत बढ़कर 75,273.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,781.31 अंक चढ़कर 75,849.76 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 394.05 अंक यानी 1.72 प्रतिशत बढ़कर 23,306.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, इंटरग्लोब एविएशन और ट्रेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5.07 प्रतिशत टूटकर 99.19 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार और पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद बढ़ने से शेयर बाजारों में तेजी बनी रही।

अमेरिका और ईरान के बयान में विरोधाभास के बावजूद, दोनों देशों के बीच संभावित राजनयिक प्रगति के कारण कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर से नीचे आ गईं, जिसका बाजार ने स्वागत किया।

छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 3.05 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 2.50 प्रतिशत चढ़ा। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 8,009.56 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,867.15 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

### रुपया 29 पैसे टूटकर 94.05 प्रति डॉलर पर



**मुंबई, एजेंसी।** रुपया बुधवार को 29 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 94.05 (अस्थायी) पर आ गया। विदेशी पूंजी की भारी निकासी और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से निवेशक चिंतित हैं। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, डॉलर के कमजोर रुख और घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक धारणा के बावजूद स्थानीय मुद्रा को कोई राहत नहीं मिल सकी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 93.94 पर खुला। डॉलर के मुकाबले 93.86 से 94.08 की सीमा में कारोबार करने के बाद अंततः यह 94.05 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 29 पैसे की गिरावट है।

### 15.80 लाख करोड़ रुपये बढ़ी निवेशकों की संपत्ति



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजार में आई तेजी के चलते निवेशकों की संपत्ति दो सत्र में 15.80 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और पश्चिम एशिया युद्ध को लेकर तनाव कम होने की उम्मीद से बाजार में सुधार देखा गया। शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्र से तेजी बनी हुई है और इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 2,577.06 अंक यानी 3.54 प्रतिशत चढ़ा है। बुधवार को 30 शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक यानी 1.63 प्रतिशत चढ़कर 75,273.45 अंक पर बंद हुआ। निवेशकों की सकारात्मक धारणा से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण दो सत्र में 15,80,204.92 करोड़ रुपये बढ़कर 4,31,01,834.74 करोड़ रुपये हो गया।

## एक अप्रैल से पुनर्खरीद के तहत शेयर बेचने से पूंजीगत लाभ पर एक समान12% अधिभार

- घरों और मंदिरों में है करीब 10,000 अरब डॉलर कीमत का कुल 50,000 टन सोना

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

कंपनियों की पुनर्खरीद पेशकश में शेयर बेचकर व्यक्तिगत या कॉरपोरेट शेयरधारकों द्वारा अर्जित पूंजीगत लाभ पर एक अप्रैल से 12 प्रतिशत का एक समान अधिभार लगाया जाएगा। लोकसभा से बुधवार को वित्त विधेयक को मिली मंजूरी में यह संशोधन किया गया है। सरकार ने बुधवार को वित्त विधेयक 2026 में 32 संशोधन पेश किए। विधेयक को बाद में सदन ने मंजूरी दे दी। संशोधित वित्त विधेयक पर शुक्रवार को राज्यसभा में विचार ह।

संशोधनों पर टिप्पणी करते हुए, नांगिया ग्लोबल एडवाइजर्स के कर भागीदार (विलय एवं अधिग्रहण) संदीप झुनझुनवाला ने कहा कि व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए पुनर्खरीद से प्राप्त पूंजीगत लाभ पर 12 प्रतिशत का एकसमान अधिभार लगाने से उनकी प्रभावी कर लागत में काफी वृद्धि होगी, क्योंकि पहले कम अधिभार लागू था। वर्तमान में, 50 लाख रुपये तक की कर योग्य आय पर कोई अधिभार नहीं लगाया जाता है, जबकि 50 लाख रुपये और एक करोड़ रुपये के बीच की कर योग्य आय पर पुनर्खरीद (बायबैक) से प्राप्त पूंजीगत लाभ पर 10 प्रतिशत का अधिभार लगता है। झुनझुनवाला ने कहा कि एकसमान 12 प्रतिशत अधिभार लगाने से इन सभी श्रेणियों में कर का भुगतान बढ़ जाएगा, जिससे लाभांश जैसे विकल्पों की तुलना में पुनर्खरीद नकदी जुटाने का एक महंगा तरीका बन जाएगा। इससे व्यक्तिगत शेयरधारकों की पुनर्खरीद में रुचि कम होने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि इस संशोधन का प्रभाव मुख्य रूप से छोटी और मध्यम आकार की पुनर्खरीद तक ही सीमित रहेगा। झुनझुनवाला ने कहा कि बड़ी यानी एक करोड़ रुपये से अधिक की पुनर्खरीद पर पहले से ही 15 प्रतिशत का उच्च अधिभार लागू होता है। ऐसे में यह संशोधन वास्तव में इस श्रेणी के लिए अधिभार में तीन प्रतिशत की कमी का संकेत देता है।कॉरपोरेट शेयरधारकों के लिए, पुनर्खरीद पर एकसमान 12 प्रतिशत अधिभार उन स्थितियों में प्रभाव डाल सकता है जहां कर योग्य आय एक करोड़ रुपये तक है, जहां पहले कोई अधिभार लागू नहीं होता था।

## 2026-27 में भारत की वृद्धि दर 7.1 फीसदी रहने का अनुमान

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान 0.2 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि निजी खपत, निवेश एवं निर्यात वृद्धि के प्रमुख चालक रहेंगे। हालांकि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी के कारण वित्तीय स्थिति पर दबाव पड़ सकता है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र पर अपनी नवीनतम त्रैमासिक आर्थिक टिप्पणी में एसएंडपी ने कहा कि नए भू-राजनीतिक तनाव और लगातार बने व्यापार संबंधी अनिश्चितता के जोखिम से भारत पर वस्तु कीमतों, व्यापार मात्रा एवं पूंजी प्रवाह में उतार-चढ़ाव के माध्यम से असर पड़ सकता है। इसमें कहा गया कि यदि कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं तो भारत में ईंधन की कीमतें बढ़ सकती हैं, ताकि सब्सिडी लागत को नियंत्रित किया जा सके।

### प्रत्येक 3 में से एक पीसी साइबर हमलों का शिकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत में वर्ष 2025 के दौरान प्रत्येक तीन में से एक निजी कंप्यूटर (पीसी) उपयोगकर्ता स्थानीय स्तर पर होने वाले ऑफलाइन साइबर हमलों का निशाना बना। साइबर सुरक्षा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कैस्परस्काई ने मंगलवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

## घरों में रखे सोने को वित्तीय प्रणाली में लाना चाहिए

### पूर्व मंत्री ने कहा-आर्थिक वृद्धि में सीमित रह जाती है भौतिक रूप से जमा सोने की भूमिका

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत को घरों में रखे सोने के भंडार को वित्तीय प्रणाली में लाया जाना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री पी.पी. चौधरी और बाजार के वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को यह बात कही और तर्क दिया कि भौतिक रूप से सोना जमा रखने से आर्थिक वृद्धि में उसकी भूमिका सीमित रह जाती है। संसद की वित्त पर स्थायी समिति के सदस्य चौधरी ने कहा कि सोने के अधिक वित्तीयकरण से भारत की सर्राफा आयात पर निर्भरता कम हो सकती है और चालू खाते के घाटे (कैड) पर दबाव घट सकता है।



- घरों और मंदिरों में है करीब 10,000 अरब डॉलर कीमत का कुल 50,000 टन सोना

उद्योग मंडल एसोचैम के एक कार्यक्रम में यहां उन्होंने कहा कि रत्न एवं आभूषण क्षेत्र पहले ही देश के कुल माल निर्यात में करीब 15 प्रतिशत योगदान देता है और करीब 50 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करता है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य कारोबार विकास अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने कहा कि भारत के घरों तथा मंदिरों में मिलाकर कुल 50,000 टन सोना है जिसकी कीमत करीब 10,000 अरब डॉलर आंकी जाती है और इसका बड़ा हिस्सा औपचारिक वित्तीय प्रणाली से बाहर है। उन्होंने सरकार से इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआर) के माध्यम से सोने के वित्तीयकरण में आने वाली बाधाओं को दूर करने का आग्रह करते हुए कहा कि हमारे पास मंच है, क्षमता है एवं प्रौद्योगिकी भी है।

ईजीआर, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) समर्थित एक साधन है जिसके तहत उपभोक्ता भौतिक सोना जमा कर उसे शेयर की तरह स्टॉक एक्सचेंज पर कारोबार के लिए उपयोग कर सकते हैं।

## जापानी तकनीकी से बढ़ेगा यूपी का निवेश

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



जापानी आईजेसीसी के साथ वर्चुअल मीटिंग के दौरान आईआईए के पदाधिकारी।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने भारत-जापान औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक सक्रिय कदम उठाया है।

आईआईए और इंडो-जापान चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईजेसीसी) ने एमओयू साइन किया है। इससे उत्तर प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम उन्नत जापानी तकनीक को बढ़ावा देगा। इससे उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। साथ ही जापानी उद्योगों की स्थापना से निवेश और औद्योगिक विकास को बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री की जापान यात्रा के बाद मंगलवार को आईआईए और आईजेसीसी के बीच वर्चुअल बैठक की गई। इस अवसर पर आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ आईजेसीसी के चेयरमैन और अन्य सदस्य शामिल हुए। इस रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य आईआईए को एक प्रमुख निष्पादन संस्था के रूप में स्थापित करना था ताकि एमएसएमई के विकास और वैश्विक एकीकरण को सुगम बनाकर विकसित उत्तर प्रदेश के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया जा सके। इसके लिए दोनों के बीच एमओयू साइन किया गया है। यह पहल उत्तर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य में बदलेगी। साथ ही नवाचार, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और रणनीतिक वैश्विक साझेदारियों के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाएगी।

- आईआईए ने इंडो-आईजेसीसी के साथे साइन किया एमओयू

### गुणवत्ता सुधार के साथ बढ़ेगी निर्यात क्षमता

साझेदारी में मुख्य रूप से एमएसएमई द्वारा उन्नत जापानी तकनीक अपनाने को बढ़ावा दिया जाएगा। ताकि उनकी उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ सके। इसके अलावा प्रदेश में जापानी उद्योगों की स्थापना को सुगम बनाया जाएगा। इससे निवेश और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय और जापानी उद्यमों के बीच व्यवस्थित बीटूबी बैठकों और व्यावसायिक सत्रों का आयोजन किया जाएगा। एमएसएमई के विकास के लिए काइजेन यानी बेहतरी के लिए बदलाव और जेपीओ आधारित प्रशिक्षण आयोजित करके विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त जापानी उत्पादकता पद्धतियां लागू की जाएंगी। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कौशल विकास और क्षमता निर्माण की पहल मजबूत की जाएगी।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# वो आज वोट का अधिकार छीन रहे कल नागरिकता छीन लेंगे: ममता

**मैनागुड़ी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग पर बुधवार को तीखा हमला करते हुए उनपर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने यह चेतावनी दी कि उनका अगला कदम राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के जरिये नागरिकता छीनने का प्रयास हो सकता है।

बनर्जी ने आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपने अभियान की शुरुआत राजनीतिक रूप से अहम उत्तर बंगाल से करते हुए यह टिप्पणी की। उत्तर बंगाल एक ऐसा क्षेत्र है जो 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गढ़ बनकर उभरा है।

जलपाईगुड़ी जिले के मैनागुड़ी क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से संवैधानिक संस्थानों का उपयोग लोगों के मतदान के अधिकारों को छीनने के लिए किया जा रहा है।

बनर्जी ने चुनाव से पहले अपनी पहली बड़ी चुनावी रैली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग, भाजपा और केंद्र सरकार संविधान का पालन नहीं कर रहे और मतदान के अधिकार छीनने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा-हमें मध्यरात्रि को आजादी मिली थी और हमें इस पर गर्व है, लेकिन आज वे आजादी को भूल गए हैं। वे संविधान या लोकतंत्र का पालन नहीं कर रहे हैं। वे लोगों के मतदान के अधिकार छीन रहे हैं।

### तृणमूल कांग्रेस ने मुस्लिम वोट तो लिये लेकिन उनके लिए किया कुछ नहीं: ओवैसी



**कोलकाता, एजेंसी।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने मुस्लिम वोट तो हासिल कर लिए लेकिन समुदाय के लिए कुछ नहीं किया। ओवैसी ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की राजनीति ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उभरने में मदद की। ओवैसी ने कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि पश्चिम बंगाल के लोग घुटन महसूस कर रहे हैं और उनकी पार्टी ने हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के साथ हाथ मिलाया है ताकि जनता को वह विकल्प प्रदान किया जा सके जिसकी उन्हें तलाश है। उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा कि लगभग पांच लाख ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) प्रमाणपत्र रद्द कर दिए गए। इनमें से कई मुस्लिम परिवारों से थे।

### पश्चिम बंगाल में नमाज की आजादी लेकिन पूजा के लिए लेनी पड़ती है अनुमति: नितिन नवीन



**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के नेता नितिन नवीन ने पश्चिम बंगाल में धार्मिक गतिविधियों की अनुमति को लेकर दोहरे मानदंड अपनाए जाने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि राज्य में नमाज अदा करने की पूरी आजादी है लेकिन पूजा आयोजित करने या पंडाल लगाने के लिए अदालत से अनुमति लेनी पड़ती है। नवीन ने कोलकाता के बाहरी इलाके में स्थित दक्षिणेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद पत्रकारों से कहा कि यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यहां नमाज अदा करने की अनुमति है लेकिन पूजा करने और पंडाल लगाने के लिए उच्च न्यायालय से अनुमति मांगनी पड़ती है। नवीन ने कहा कि मैंने दक्षिणेश्वर में पूजा की और राज्य के लोगों के कल्याण तथा 'विकसित बंगाल' एवं 'सोनार बांग्ला' के निर्माण के लिए देवी से प्रार्थना की।

## केरलः खाता नहीं खोल पाएगी भाजपा, यूडीएफ को मिलेगी जीतः वेणुगोपाल

**त्रिशूर (केरल), एजेंसी**

कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने बुधवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केरल में खाता नहीं खोल पाएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कर्नाटक और तेलंगाना की तर्ज पर यूडीएफ द्वारा प्रस्तावित कल्याणकारी गारंटी इस दक्षिणी राज्य में भी सफल साबित होंगी। वेणुगोपाल ने एक एजेंसी से कहा कि यह केवल एक धारणा थी कि भाजपा केरल में यूडीएफ के लिए खतरा है, क्योंकि हाल के स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा को नाममात्र की सफलता मिली। कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने कहा कि उन्हें कितने जिला पंचायत सदस्य मिले, उन्हें कितनी नगरपालिकाएं मिलीं? नाममात्र की। कुछ भी ठोस नहीं है। केरल में भाजपा का खाता भी नहीं खुल सकता।

जब उनसे पूछा गया कि क्या कर्नाटक और तेलंगाना विधानसभा चुनावों के दौरान किए गए कल्याणकारी वादे, जहां कांग्रेस विजयी रही, केरल में कारगर साबित होंगे, तो वेणुगोपाल ने हां में जवाब दिया। बोले-पार्टी ने पांचों वादों की घोषणा करने से पहले गहन शोध किया था, जिनमें सभी महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और कॉलेज जाने वाली छात्राओं को 1,000 रुपये की मासिक सहायता शामिल है।

वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी ने राज्य की आर्थिक स्थिति का विश्लेषण किया और ये वादे इसलिए किए क्योंकि केरल जैसे प्रगतिशील राज्य में भी महिलाएं बेहद कष्ट झेल रही हैं। चाहे वे कृषि मजदूर हों, मनरेगा कार्यकर्ता हों, काजू मजदूर हों या मछुआरा हों - आप देख सकते हैं कि उन पर कितना बोझ होता है। उनका जीवन दयनीय हो गया है।

## तमिलनाडु : अन्नाद्रमुक ने जारी की प्रत्याशियों की पहली सूची

**चेन्नई, एजेंसी।**

तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का नेतृत्व कर रही प्रमुख विपक्षी अन्नाद्रमुक ने बुधवार को उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिसमें 20 पूर्व मंत्रियों सहित वरिष्ठ नेताओं को बरकरार रखा गया है।

यह सूची सभी प्रमुख सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप देने और मुफ्त वादों वाले घोषणापत्र जारी करने के एक दिन बाद जारी की गई है। इनमें से अधिकांश लोकप्रिय चेहरे हैं जो दिवंगत अन्नाद्रमुक नेता जे जयललिता के कार्यकाल में मंत्री रह चुके हैं। वे उन सीटों से चुनाव लड़ेंगे जिन्हें उनका पारंपरिक गढ़ माना जाता है और जहां वे कई बार जीत हासिल कर चुके हैं।

पार्टी के दिग्गज नेताओं को मैदान में उतारकर, अन्नाद्रमुक के महासचिव के एडप्पाडी के पलानीस्वामी ने एक स्पष्ट संदेश दिया है कि वह सत्तारूढ़ द्रमुक के खिलाफ एक मजबूत चुनौती पेश करने का इरादे रखते हैं, जिसे उन्होंने सत्ता से बेदखल करने की कसम खाई है। पार्टी ने अभी तक आधिकारिक तौर पर उन सीटों की संख्या की घोषणा नहीं की है जिन पर वह चुनाव लड़ेगी, लेकिन उसने कुल 234 विधानसभा सीटों में से 63 सीटें अपने सहयोगियों को आवंटित कर दी है।

अन्नाद्रमुक ने अपनी प्रमुख सहयोगी भाजपा को 27 सीटें, पूर्व केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ. अंबुमणि के नेतृत्व वाले पीएमके गुट को 18 सीटें, कुछ महीने पहले एनडीए से अलग होने के बाद वापस लौटे अम्मा मक्कल मुन्नेत्र कज़गम के टीटीवी दिनाकरन को 11 सीटें, और भाजपा के कमल चिन्ह पर चुनाव लड़ने वाले छोटे सहयोगियों को दो सीटें आवंटित की हैं।

### द्रमुक केचुनाव चिह्न पर लड़ेंगे 175 उम्मीदवार: स्टालिन



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने बुधवार को कहा कि धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) के भागीदारों के साथ सीट बंटवारे के मुद्दों को लोकतांत्रिक तरीके से पूरा कर लिया गया है। विधानसभा चुनाव में द्रमुक के 'उगते सूरज' के चिन्ह के तहत कुल 175 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। द्रमुक ने अपने नौ सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे का समझौता किया है, जिसके तहत कुल 234 विधानसभा सीटों में से 66 सीटें आवंटित की गई हैं। पार्टी ने लंबे समय से सहयोगी रहे मुस्लिम संगठनों इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) और मानवतानेय मक्कल काची (एमएमके) को दो-दो सीटें, अपने मुख्य सहयोगी कांग्रेस को 28, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कषगम को चार, कोंगुनाडु मक्कल देशिया कच्ची (केएमडीके) को दो, भाकपा माकपा को पांच-पांच सीटें दी हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### झारखंड में द्वितीय विश्व युद्ध के दो बम निष्क्रिय

**रांची।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड के पानीपाड़ा नागुडसाई क्षेत्र में सेना की बम निरोधक विशेषज्ञ टीम ने अत्याधुनिक उपकरणों और तकनीकी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए दोनों बमों को सफलतापूर्वक आज निष्क्रिय कर दिया गया। स्वर्णरेखा नदी किनारे बीते दिनों द्वितीय विश्व युद्ध काल के दो बम बरामद हुए जो लोगों के बीच कौतूहल का विषय बना हुआ था। सूचना मिलते ही प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं थी। घाटशिला के एसडीओ सुनील चन्द्रा ने घटना की पुष्टि की है। वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल के आसपास लगभग एक किलोमीटर के क्षेत्र को खाली करा दिया गया। आम लोगों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई और पूरे इलाके की घेराबंदी कर सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई थी, ताकि किसी भी संभावित खतरे से बचा जा सके।

### रूस ने करीब 400 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि उसकी हवाई सुरक्षा प्रणाली ने यूक्रेन के 389 ड्रोन मार गिराए। यह हमला रात के दौरान रूस के अलग-अलग इलाकों व क्रीमिया पर किया गया। बताया जा रहा है कि यह हमला चार साल पहले यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला था। ड्रोन को रूस के 13 क्षेत्रों के साथ-साथ क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर भी रोका गया, जिसे रूस ने 2014 में यूक्रेन से अवैध रूप से अपने कब्जे में ले लिया था। इस हमले ने यूक्रेन के स्वदेशी रूप से विकसित और निर्मित लंबी दूरी के ड्रोनों की बढ़ती क्षमता को रेखांकित किया। यह घटना एक दिन बाद हुई, जब रूस ने 24 घंटे के भीतर यूक्रेन के नागरिक इलाकों पर लगभग 1,000 ड्रोन और 34 मिसाइलें दागी थीं।

### गुरुग्राम में स्कूल बम से उड़ाने की धमकी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस ने बुधवार को एक निजी स्कूल को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस के अनुसार, सूचना मिलते ही डीएलएफ फेज वन थाना, श्वान दस्ता, बम निरोधक दस्ता और अन्य विशेष दलों की एक टीम मौके पर पहुंची तथा स्कूल परिसर, कक्षाओं, इमारतों व आसपास के क्षेत्र की गहन तलाशी ली। पुलिस ने बताया कि जांच में कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है।

# आतंकवादी संगठनों से संपर्क रखने में 12 संदिग्ध गिरफ्तार

अमरावती, एजेंसी

- आंध्र प्रदेश की पुलिस ने आधा दर्जन राज्यों में की कार्रवाई

आंध्र प्रदेश पुलिस ने समन्वित बहु-राज्य अभियान के तहत आतंकवादी संगठन से संबंध के आरोप में 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि संदिग्धों को गिरफ्तार करने के लिए बिहार, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और राजस्थान में विशेष टीम तैनात की गई थी।

एक खुफिया अधिकारी ने बताया कि बिहार, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और राजस्थान में कई टीम तैनात कर चरमपंथी नेटवर्क से जुड़े 12 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें आंध्र प्रदेश से तीन लोग शामिल हैं। आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार तीन आरोपियों की पहचान बाइक टैक्सी चालक मोहम्मद रहमतुल्ला शरीफ, लेजर मार्किंग पेशेवर मोहम्मद दानिश मिर्जा और रेस्तरां में काम करने वाले सोहेल बेग के रूप में हुई है। ये सभी विजयवाड़ा शहर के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, तीनों चरमपंथी विचारधारा को फैलाने और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़ी गतिविधियों में सहयोग करने में शामिल थे। आरोपियों का विदेश स्थित अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट और इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया के सरगनाओं से संपर्क था।

## तेजी से बढ़ रही अदृश्य महामारी

आज हम जिस हवा में सांस ले रहे हैं, वह जीवन देने के बजाय धीरे-धीरे मौत का कारण बन रही है। स्विस एयर क्वालिटी टेक्नोलॉजी कंपनी आईक्यू एयर की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के अधिकांश हिस्से अब जहरीली हवा की चपेट में हैं। रिपोर्ट ने वैश्विक स्तर पर वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर को लेकर एक बार फिर दुनिया को सतर्क किया है। वायु प्रदूषण अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक वैश्विक स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुका है। वर्ष 2025 की रिपोर्ट दिखाती है कि जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियों ने वायुमंडल में सूक्ष्म कणों (पीएम 2.5) की सघनता को इस हद तक बढ़ा दिया है कि केवल 14-17% शहर ही विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों पर खरे उतर पा रहे हैं। प्रदूषण एक तरह से महामारी का रूप ले रहा है जो तेजी के साथ बढ़ रहा है।

## दुनिया में प्रदूषण का संकट



### एक अदृश्य हत्यारा

- यह प्रदूषण एक अदृश्य हत्यारा है। दुनिया भर में हर साल लाखों लोग इसके कारण अपनी जान गंवाते हैं। विशेष रूप से दक्षिण और मध्य एशिया में स्थिति बेहद भयावह है, जहां भौगोलिक परिस्थितियाँ और औद्योगिक उत्सर्जन मिलकर एक जानलेवा मिश्रण तैयार करते हैं। भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देश इस संकट के केंद्र में हैं।
- प्रदूषण की यह बढ़ती स्थिति केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह हमारी अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। जब तक हम सामूहिक रूप से स्वच्छ ऊर्जा और टिकाऊ विकास की ओर नहीं बढ़ेंगे, यह संकट गहराता ही जाएगा।

### मुख्य कारक

- जीवाश्म ईंधन का दहन : वाहनों, बिजली संयंत्रों और उद्योगों में कोयले व तेल का अत्यधिक उपयोग।
- कृषि गतिविधियां : पराली जलाना और उर्वरकों से होने वाला उत्सर्जन। ● निर्माण और धूल : तेजी से होता शहरीकरण और निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल। ● जलवायु परिवर्तन : जंगलों की आग (वाइल्ड फायर) और धूल भरी आंधियों की बढ़ती आवृत्ति। ● डेटा सेंटर : उभरते हुए स्रोतों में एआई के लिए उपयोग होने वाले डेटा सेंटर और उनके डीजल जनरेटर भी अब प्रदूषण में योगदान दे रहे हैं।

**पीएम 2.5 क्या है** ● वायु प्रदूषण को मुख्य रूप से पीएम 2.5 की सांद्रता के आधार पर मापा जाता है। ये सूक्ष्म कण 2.5 माइक्रोमीटर से भी छोटे होते हैं। ये सांस के जरिए सीधे फेफड़ों और रक्त प्रवाह में प्रवेश कर जाते हैं। ● डब्ल्यूएचओ मानक : 5 माइक्रो ग्राम प्रति घन मीटर वार्षिक औसत। ● भारतीय मानक : 40 माइक्रो ग्राम प्रति घन मीटर, जो डब्ल्यूएचओ के मानक से 8 गुना अधिक उदार है।

### टॉप 10 प्रदूषित देश

- रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष पर है। भारत की स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ है लेकिन यह अभी भी बेहद खतरनाक स्तर पर है। पीएम 2.5 औसत के अनुसार पाकिस्तान प्रदूषण के मामले में नंबर एक पर है। उसके बाद क्रमश: बांग्लादेश, ताजिकिस्तान, चाड, कांगो, भारत, इराक, नेपाल, यूएई और उजबेकिस्तान है।

### कैसे बचेगी दुनिया

- नवीकरणीय ऊर्जा : कोयले और तेल के बजाय सौर और पवन ऊर्जा को अपनाना।
- इलेक्ट्रिक मोबिलिटी : सार्वजनिक परिवहन और निजी वाहनों को इलेक्ट्रिक में बदलना।
- कठोर मानक : उद्योगों के लिए उत्सर्जन मानकों को सख्त करना और निरंतर निगरानी।
- हरित क्षेत्र : शहरों में वनीकरण बढ़ाना और प्रदूषण सोखने वाले अर्बन फॉरेस्ट विकसित करना।

# बच्ची से दुष्कर्म मामले में हरियाणा की पुलिस का रवैया बेहद शर्मनाक

## सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हल्की धारा लगाने पर गुरुग्राम पुलिस को लगाई कड़ी फटकार

- जांच के लिए महिला आईपीएस अधिकारियों की बनाई टीम

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के गुरुग्राम में तीन साल की बच्ची से बलात्कार के मामले में राज्य पुलिस के रवैये को बेहद शर्मनाक और असंवेदनशील बताते हुए बुधवार को इसकी निंदा की तथा इस घटना की निष्पक्ष जांच के लिए महिला आईपीएस अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम का गठन किया।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने हरियाणा सरकार को तत्काल विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करने का निर्देश दिया और गुरुग्राम पुलिस को मामले के रिकॉर्ड जांच समिति को सौंपने के निर्देश दिए। पीठ ने हरियाणा पुलिस को इस बात के लिए फटकार लगाई कि उसने पॉक्सो (यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी में गंभीर धारा लगाने की बजाय हल्की धारा लगाकर अपराध को कमतर दिखाने की कोशिश की। न्यायालय ने बच्ची के बयान पर अपना पक्ष पूरी तरह से बदलने के लिए एक निजी अस्पताल की डॉक्टर को भी फटकार लगाई और कहा कि एक डॉक्टर का ऐसा करना शर्मनाक है।

शीर्ष अदालत ने गुरुग्राम पुलिस के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा कि मामले में लापरवाही से जांच के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने पुलिस के रवैये को शर्मनाक और असंवेदनशील बताते हुए कहा कि पुलिस पीड़ित के घर क्यों नहीं जा सकती? क्या वे राजा हैं? जो गया भी था, उसे भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया था कि सेक्टर 54 स्थित एक सोसाइटी में तीन साल की बच्ची से दो महिला घरेलू सहायिकाओं और उनके एक पुरुष साथी ने लगभग दो महीने तक कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया था।

बच्ची के माता-पिता द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद चार फरवरी को सेक्टर 53 थाने में भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस के अनुसार, यह घटना दिसंबर 2025 और जनवरी 2026 के बीच हुई थी, लेकिन लड़की द्वारा अपनी आपबीती अपनी मां को बताने के बाद ही माता-पिता ने पुलिस को मामले की सूचना दी।



### वंदे मातरम् से संबंधित याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन से संबंधित गृह मंत्रालय के एक परिपत्र के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई से बुधवार को इनकार करते हुए कहा कि यह निर्देश अनिवार्य नहीं है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने मोहम्मद सईद नूरी द्वारा दायर याचिका को समय से पहले दायर की गई याचिका बताया और इसे भेदभाव की अस्पष्ट आशंका पर आधारित करार दिया। नूरी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने कहा कि वे देश के हर धर्म का सम्मान करते हैं, लेकिन यह गीत गाने के लिए बाध्य किया जाता है।

### गुरुग्राम बाल कल्याण समिति को भी जारी किया कारण बताओ नोटिस

पीठ ने गुरुग्राम बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया कि उन्हें क्यों नहीं हटाया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि पांच फरवरी की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि सीडब्ल्यूसी सदस्यों के आचरण ने उत्पीड़न को और बढ़ा दिया। आयुक्त से लेकर उप-निरीक्षक तक, पूरे पुलिस बल ने यह साबित करने की हरसंभव कोशिश की कि बच्ची के पास कोई सबूत नहीं है और माता-पिता ने कोई मामला नहीं बनाया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि पॉक्सो की धारा छह के तहत अपराध को स्पष्ट रूप से अंजाम दिया गया है। इसके बाद शीर्ष अदालत ने गुरुग्राम के जिला न्यायाधीश को निर्देश दिया कि वह इस मामले को गुरुग्राम में पॉक्सो अदालत की अध्यक्षता करने वाली एक वरिष्ठ महिला न्यायिक अधिकारी को सौंप दें।

## राज्यसभा में पेश किया गया केंद्रीय सशस्त्र बल बिल

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को सरकार ने विपक्ष के विरोध के बीच केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 पेश किया और सदन ने इस संबंध में विपक्ष के नोटिस को ध्वनिमत से खारिज कर दिया। यह विधेयक पांच केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के लिए अलग-अलग सेवा नियम व्यवस्था के मौजूदा तंत्र की जगह, विभिन्न सीएपीएफ बलों में कर्मियों को नियंत्रित करने वाला एक एकीकृत कानूनी ढांचा बनाने का प्रावधान करता है।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक पेश करते हुए इससे संबंधित चिंताओं को दूर करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, सीएपीएफ धारा 312 के तहत शासन प्रणाली को प्रभावित या परिवर्तित नहीं करता है, उन्होंने कहा कि बलों के कर्तव्य, शक्तियां और शासन उनके मौजूदा जनादेश के तहत बरकरार रहेंगे।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने संसद के विधायी अधिकार का जोरदार बचाव किया और कहा कि संसद को कानून बनाने का अधिकार संविधान ने दिया। विपक्षी सदस्य इस बात पर बल दे रहे थे कि यह विधेयक न्यायालय में खारिज हो जाएगा। रीजीजू ने कहा हम इस सदन की विधायी क्षमता कैसे छीन सकते हैं?

# उभयलिंगी व्यक्ति संशोधन विधेयक पर संसद की मुहर

नई दिल्ली, एजेंसी

- लोकसभा के बाद राज्यसभा ने भी ध्वनिमत से किया पारित

उभयलिंगी व्यक्तियों को कानूनी अधिकार देने और उनके हितों की रक्षा करने से संबंधित उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक 2026 को राज्यसभा ने बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। सदन ने विधेयक को प्रवर समिति को भेजे जाने से संबंधित विपक्षी सदस्यों के संशोधन प्रस्तावों को ध्वनिमत से खारिज कर दिया। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है और राज्यसभा में पारित होने के साथ ही इस पर संसद की मुहर लग गई।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने विधेयक पर करीब तीन घंटे की चर्चा का जवाब देते हुए सदन को आश्वस्त किया कि इस विधेयक के प्रावधानों से उभयलिंगी व्यक्तियों की गरिमा और अधिकार सुरक्षित रहेंगे। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले 11 वर्षों में आर्थिक विकास को गति देने के साथ- साथ सामाजिक समावेशन को भी बढावा दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अपनी नीतियों और योजनाओं से समावेशी समाज बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इन्हीं योजनाओं के आधार पर उभयलिंगी व्यक्तियों को सम्मान और गरिमामय जीवन देने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। कहा कि सरकार इस समुदाय के लोगों के हर संभव कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। कुमार ने कहा कि समाज की कठिनाईयों को समझकर उनका सही समाधान करना सरकार का फर्ज है। यह कानून गंभीर सामाजिक बहिष्कार का सामना कर रहे लोगों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए बनाया गया है।

### हितधारकों से भी की की गई थी बातचीत

मंत्री ने कहा कि यह विधेयक समुचित विचार विमर्श और संबंधित हितधारकों के साथ बातचीत के आधार पर लाया गया है और इसे प्रवर समिति में भेजे जाने की जरूरत नहीं है। यह विधेयक उभयलिंगी व्यक्तियों को कानूनी अधिकार देता है और आम लोगों की तरह उनके अधिकार सुनिश्चित करता है। इससे सभी नागरिक देश की प्रगति में बराबर की भागीदारी कर सकेंगे। विधेयक में उभयलिंगी व्यक्तियों के खिलाफ भेदभाव खत्म करने तथा अपराधियों के खिलाफ दंडात्मक प्रावधान किए गए हैं।

# जापान व अमेरिका एशिया में तेल आपूर्ति को बनाएंगे भंडार

टोक्यो, एजेंसी

- दोनों देशों के बीच संयुक्त तेल विकास पर हुई चर्चा

जापान और अमेरिका एशिया में तेल की आपूर्ति सुरक्षित रखने के लिए संयुक्त तेल विकास और रणनीतिक भंडार बनाने पर विचार कर रहे हैं। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में आने वाली बाधाओं के कारण ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने बताया कि इन चर्चाओं में अलास्का से तेल प्राप्त करना, जापान में तेल का भंडार बनाना और क्षेत्रीय ऊर्जा प्रवाह को स्थिर रखने के लिए पश्चिम एशिया के देशों को इसकी आपूर्ति करना शामिल था। उन्होंने कहा, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान हमने संयुक्त विकास की संभावना पर चर्चा की, जिसमें अलास्का से तेल प्राप्त करना, जापान में भंडार बनाना और दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों को आपूर्ति के लिए उनका उपयोग करना शामिल है।

उन्होंने कहा कि इस तरह का दृष्टिकोण मध्य-पूर्व में जारी अस्थिरता के बीच न केवल जापान को, बल्कि इस क्षेत्र के अन्य देशों को भी ऊर्जा संसाधन उपलब्ध कराने में मददगार साबित हो सकता है। जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग राज्य मंत्री रयोसेई अकाज़ावा ने इससे पहले इस बात की पुष्टि करने से इनकार कर दिया था कि क्या दोनों देशों के नेताओं के बीच अमेरिका के साथ एक संयुक्त रिज़र्व परियोजना पर चर्चा होगी। जापान अपनी 94 प्रतिशत तेल आपूर्ति के लिए मध्य-पूर्वी देशों पर निर्भर है।

## दुर्घटनावश डूबने से हुई थी जुबिन गर्ग की मौत

**सिंगापुर।** सिंगापुर के एक जांच अधिकारी ने बुधवार को भारतीय गायक जुबिन गर्ग की मौत को दुर्घटनावश डूबने से हुई मौत करार दिया। गर्ग की सितंबर 2025 में सिंगापुर के एक द्वीप के पास डूबने से मृत्यु हो गई थी। अधिकारी ने सिंगापुर की पुलिस कोस्ट गार्ड की जांच को सही ठहराते हुए कहा कि इस घटना में किसी भी प्रकार की साजिश या बाहरी दबाव का कोई सबूत नहीं मिला है। जांच अधिकारी एडम नाखोदा ने गर्ग की पत्नी द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पीसीजी ने मामले में व्यापक और सावधानीपूर्वक जांच की थी। उन्होंने कहा कि गर्ग की मौत महज एक दुर्भाग्यपूर्ण और दुर्घटनापूर्ण रूप से डूबने के कारण हुई थी और किसी ने भी उन्हें पानी में जाने के लिए मजबूर नहीं किया था और न ही धक्का दिया था। नाखोदा ने बताया कि जांच के अनुसार, गर्ग (52) शराब के नशे में थे।

# दिल्ली में बस पलटने से दो लोगों की गई जान, 23 व्यक्ति घायल

- जयपुर से आ रही थी स्लीपर बस, करोलबाग में हादसा

नई दिल्ली, एजेंसी

जयपुर से आ रही एक तेज रफ्तार स्लीपर बस मंगलवार देर रात यहां करोल बाग के झंडेवालान इलाके में हनुमान मंदिर के पास एक मोड़ पर मुड़ने के दौरान पलट गई जिससे दो यात्रियों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रात करीब एक बजे करोल बाग थाने को घटना की सूचना मिली जिसमें बताया गया कि दुर्घटना के बाद कई यात्री एक बस के अंदर फंसे हुए हैं।

मध्य दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर ने बताया कि जयपुर से दिल्ली आ रही बस में लगभग 30 यात्री सवार थे। दुर्घटनास्थल के पास एक चौकी पर मौजूद एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस तेज गति से चल रही थी और मंदिर के पास एक गोलचक्कर पर मोड़ लेते समय नियंत्रण खो देने के बाद पलट गई। अधिकारी ने बताया कि उनकी टीम यातायात व्यवस्था संभाल रही थी, तभी उन्हें गोलचक्कर के पास एक तेज आवाज सुनाई दी। उन्होंने कहा, हम तुरंत मौके पर पहुंचे, लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे, कई लोग गाड़ी से बाहर निकलने की कोशिश में शीशे तोड़ने का प्रयास कर रहे थे।





### बांग्लादेश में 40 यात्रियों सहित बस नदी में गिरी

**ढाका।** बांग्लादेश में बुधवार को 40 लोगों को ले जा रही एक बस परिवहन नौका पर चढ़ने की कोशिश करते समय नदी में गिर गई जिसमें कई यात्रियों के लापता होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना दक्षिण-पश्चिमी राजबारी में दौलाडिया टर्मिनल पर शाम लगभग 5.15 बजे हुई और बस पद्मा नदी में गिर गई। ढाका जा रही बस में 40 यात्री सवार थे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। कामकाज में सफलता के संकेत मिलेंगे। ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे।

**तुला** – आज नौकरीपेशा लोगों को नई जॉब का ऑफर मिल सकता है। संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। रिश्तों में मधुरता आएगी।

**वृष** – आज आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। नई योजनाओं पर काम शुरू करेंगे। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**वृश्चिक** – आज कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पूर्व की बनाई हुई गोपनीय योजनाएं सफल होंगी।

**मिथुन** – आज का दिन मिलाजुला रहेगा, धैर्य जरूरी है। नए संपर्क लाभदायक बन सकते हैं। छोटी यात्रा का योग है।

**धनु** – आज व्यापार संबंधी यात्रा के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। नई सीख हासिल होगी।

**कर्क** – आज भावनात्मक रूप से संवेदनशील रहेंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा। कार्यस्थल पर सराहना मिल सकती है।

**मकर** – आज आपको मेहनत का फल मिलने वाला है। आर्थिक लाभ के संकेत हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में नेतृत्व क्षमता उभरकर सामने आएगी। रुके हुए काम पूरे होंगे। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** – आज कोई भी निर्णय सोच-समझकर लें। नए विचारों से सफलता मिलेगी। दोस्तों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – आज आपको नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। दिनभर काम में व्यस्तता बनी रहेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मीन** – आज आपकी रचनात्मकता में वृद्धि होगी। व्यापार में धन लाभ मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 26 मार्च, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, अष्टमी 11.48 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-आर्द्रा 16.19 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

### सुडोकू - 99 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 2 | 7 |
| 6 | 8 | 2 | 4 | 7 | 3 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 1 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |

### सुडोकू -100

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 4 | | 2 | | | | 3 |
| | 6 | | | | | 2 | | |
| 2 | | | | | 9 | | | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 8 |
| 4 | | 7 | | | | 1 | | |
| | | | 6 | 1 | | | 9 | |
| | | | 5 | | | 6 | | 9 |
| | | 9 | | | | | 8 | |
| 1 | | | | 9 | | 4 | | 5 |

## पाकिस्तान में ट्रेन बेपटरी, 25 घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक ट्रेन के सात डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण 25 लोग घायल हो गए। मंगलवार देर रात लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर लोधरान में हुई घटना के बाद रेलवे अधिकारियों ने प्रभावित पटरी पर यातायात निलंबित कर दिया। रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने कहा कि लोधरान में तेजगाम एक्सप्रेस के पटरी से उतरने के पीछे मानवीय त्रुटि और कुछ यांत्रिक खराबी ही सबसे संभावित कारण हैं। लोधरान के उपायुक्त के अनुसार, कराची जाने वाली तेज़गाम एक्सप्रेस शाम को लाहौर से रवाना हुई थी।

**क्यूएस रैंकिंग** | चार आईआईटी, जेएनयू और बीआईटीएस पिलानी ने बढ़ाया मान

# विश्व के 50 शीर्ष शिक्षण संस्थानों में देश के छह संस्थान शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, चार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटीएस), पिलानी विभिन्न विषयों के मामले में विश्व के शीर्ष 50 संस्थानों में शामिल हैं। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग ने बुधवार को यह घोषणा की।

विश्वविद्यालय रैंकिंग के लिए प्रसिद्ध लंदन स्थित क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बाय सब्जेक्ट का 16वां वार्षिक संस्करण प्रकाशित किया है। यह रैंकिंग 100 से अधिक देशों के 1900 विश्वविद्यालयों में 21000 से अधिक शैक्षणिक कार्यक्रमों का मूल्यांकन करती है, जिसमें 55 विषय और पांच व्यापक संकाय क्षेत्र शामिल हैं। रैंकिंग के अनुसार, भारत ने विभिन्न विषयों और व्यापक संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 स्थानों में 27 स्थान हासिल किए हैं, जो 2024 में दर्ज किए गए 12 स्थानों की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। ये स्थान 12 संस्थानों द्वारा प्राप्त किए गए हैं। धनबाद स्थित भारतीय खनन विद्यापीठ विश्वविद्यालय ने खनिज एवं खनन अभियांत्रिकी अध्ययन में वैश्विक स्तर पर 21वां स्थान प्राप्त किया है जबकि विपणन, उद्योग और प्रबंधन शिक्षा में पढ़ाई के लिए आईआईएम-अहमदाबाद विश्व के शीर्ष 50 संस्थानों में शामिल है। शीर्ष 50 में आईआईटी-बॉम्बे, आईआईटी-खड़गपुर और ईआईटी-मद्रास के अलावा जेएनयू और बीआईटीएस पिलानी शामिल हैं। क्यूएस 'क्वाक्वेरेली साइमंड्स' की मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेसिका टर्नर ने कहा कि इस वर्ष भारत की प्रगति केवल पैमाने के बारे में नहीं बल्कि यह गुणवत्ता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में गति को भी दर्शाती है।




### आईआईटी दिल्ली ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

इस संस्करण में आईआईटी-दिल्ली ने छह विषयों में शीर्ष 50 में जगह बनाई है। आईआईटी-दिल्ली ने केमिकल इंजीनियरिंग में 48वां स्थान, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में 36वां, मैकेनिकल, एयरोनॉटिकल और मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग में 44वां स्थान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में 36वां स्थान और कंप्यूटर विज्ञान में 45वां स्थान प्राप्त किया है।




# स्टेडियम

लखनऊ, गुरुवार, 26 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

हाईलाइट

### बीसीसीआई के सीओई को रिपोर्ट करेंगे बुमराह

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बीसीसीआई के बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) को रिपोर्ट करेंगे। सूत्रों के अनुसार बुमराह मुख्य रूप से स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर काम करने के लिए सीओई में हैं। ऐसा समझा जाता है कि सीओई में बुमराह के काम करने का प्लान बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने जुलाई में इंग्लैंड के भारत के व्हाइट-बॉल टूर पर फोकस करते हुए बनाया है, जहां वे पांच टी20 और तीन वनडे खेलेंगे। समझा जाता है कि बुमराह सीओई में बॉलिंग जारी रखेंगे और जल्द ही मुंबई इंडियंस के साथ जुड़ेंगे ताकि वे आईपीएल 2026 का अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हो सकें, जो 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एक होम गेम है।

### इंपैक्ट प्लेयर नियम पर क्रिकेटरों ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अधिकतर कप्तानों ने बुधवार को इंपैक्ट प्लेयर नियम पर अपनी आपत्ति दर्ज की है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2024 में इंपैक्ट प्लेयर नियम को 2027 तक बढ़ा दिया था। इसके बावजूद इस रणनीतिक नियम पर प्रशंसकों और खिलाड़ियों के बीच समान रूप से बहस जारी है। मुंबई में हुई सभी 10 आईपीएल टीमों के कप्तानों की बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा की गई। सूत्रों के अनुसार अधिकांश कप्तानों ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर अपने विचार रखे और अपनी आपत्तियां व्यक्त कीं, हालांकि बीसीसीआई ने इस नियम को 2027 तक बढ़ा दिया है। उन्हें बताया गया कि इसकी समीक्षा केवल आईपीएल 2027 के बाद ही की जा सकती है, उससे पहले नहीं। अक्षर पटेल, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या, ग्लेन फिलिप्स ने इंपैक्ट प्लेयर नियम पर विरोध जता चुके है।

### जैकसन समूह ने गांगुली को ब्रांड दूत बनाया

**नोएडा, एजेंसी।** ऊर्जा और बुनियादी ढांचा समूह जैकसन ग्रुप ने भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को अपना पहला ब्रांड दूत बनाया है। गांगुली इस करार के तहत जैकसन समूह के प्रमुख ब्रांड अभियानों और रणनीतिक पहल में कंपनी का प्रतिनिधित्व करेंगे। गांगुली ने इस मौके पर कहा कि वितरित ऊर्जा, सौर ऊर्जा, हरित अणु और बुनियादी ढांचे जैसे ऊर्जा, मेट्रो, सिविल और पानी को लेकर जैकसन का विजन सामयिक और प्रभावी है। मैं एक ऐसे ब्रांड के साथ जुड़कर उत्साहित हूं जो भारत के ऊर्जा बदलाव और एक हरित भविष्य में सार्थक योगदान दे रहा है।

## लखनऊ सुपर जायंट्स को ट्रॉफी जीतने पर ही मिलेगा असली सम्मान : संजीव गोयनका

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

लखनऊ सुपर जायंट्स टाटा आईपीएल 2026 में एक नई पहचान के साथ-साथ टीम और सपोर्ट स्टाफ़ में कुछ बड़े बदलावों के साथ आगे बढ़ना चाहेगी। एक खेल चैनल से बाचीत में एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका और क्रिकेट के ग्लोबल डायरेक्टर टॉम मूडी ने पिछले सीजन से टीम में हुए सुधारों और पहला टाइटल जीतने के दबाव पर अपने विचार साझा किए।

एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका ने उन एरिया के बारे में बताया जिनमें फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2026 सीजन में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह थी कि हमारे ज़्यादातर फ्रंटलाइन बॉलर के चोटिल होने के बावजूद हमने अपने पहले छह में से चार गेम जीते।

कुछ बड़े कदम उठाए गए, एडेन मार्करम और मिशेल मार्श ने ओपनिंग की, जो उनकी आम पोजीशन नहीं है, और यह उन दोनों के लिए उनका सबसे अच्छा आईपीएल सीजन साबित हुआ। दिग्वेश राठी बिल्कुल नए खिलाड़ी के तौर पर आए और उन्होंने हमारे लिए अच्छा किया। हालांकि, हमें एहसास हुआ कि हमारे पास एक



मजबूत बॉलिंग कोर की कमी है, और हमने इस बार एक घरेलू बॉलिंग यूनिट बनाकर इस पर ध्यान दिया है। आप हमेशा सुधार कर सकते हैं, सुधार का कोई अंत नहीं है। अब यह एक साथ आने और अकेले परफॉर्म करने की बात है। बहुत सारे लोग परफॉर्म कर रहे थे। इस साल, हम एक टीम के तौर पर परफॉर्म करना चाहते हैं।

एलएसजी के लिए अपनी पहचान बनाने के लिए ट्रॉफी जीतना कैसे ज़रूरी होगा, इस पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि असली पहचान अभी भी बन रही है। किसी भी स्पोर्ट्र्स टीम के लिए, जब तक आप जीतते नहीं हैं, आपको ट्रॉफी उठाने जैसा सम्मान या प्यार नहीं मिलता है। हां, हम दो बार प्लेऑफ़ में पहुंचे हैं, लेकिन यह साफ़ तौर पर काफ़ी नहीं है। आप कुछ जीतते हैं, कुछ हारते हैं, लेकिन हमें अपनी पहली ट्रॉफी जीतनी है।

### तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करें पंत : फाफ डु प्लेसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी का मानना है कि ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जोखिम लेकर खेलने की बजाय उन्हें आगामी आईपीएल में निरंतरता पर फोकस करना चाहिये। पंत ने अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करके पिछले सत्र में चौथे नंबर से सलामी बल्लेबाज के तौर पर और फिर निचले क्रम पर भी बल्लेबाजी की। वह लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिये आखिरी मैच में तीसरे नंबर पर 61 गेंद में नाबाद 118 रन की पारी खेल सके। डु प्लेसी ने एक कार्यक्रम के दौरान शायद पंत के लिये तीसरे नंबर पर खेलने का मौका हो। लगता है कि वह तीसरे नंबर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं। मैने पिछले सत्र में उन्हें लखनऊ के लिये तीसरे नंबर पर खेलते देखा जब निकोलस पूरन चौथे नंबर पर उतरे थे। आरसीबी के पूर्व कप्तान ने कहा कि लखनऊ टीम की 2026 की नीलामी को देखें तो उनके पास शीर्षक्रम पर पंत के साथ एडेन माक्ररम, मिचेल मार्श और पूरन जैसे धुरंधर हैं। पंत को अपना प्रभाव और छोड़ना होगा। लखनऊ सुपर जाइंट्स को एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स से पहला मैच खेलना है। डु प्लेसी ने कहा कि पंत अपार प्रतिभा का धनी है। टेस्ट क्रिकेट में उसे बल्लेबाजी करते देखो तो लगता है कि उसके पास सारे शॉट्स हैं।



## 10 भारतीय कप्तान, किसके सिर सजेगा ताज

### आईपीएल 2026 शुरू होने में कुछ ही दिन शेष, खिताब को लेकर टीमों का प्रबंधन बना रहे रणनीति

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आईपीएल 2026 शुरू होने में कुछ दिन रह गए हैं और इस बार सभी 10 टीमों के कप्तान भारतीय हैं उनमें से कुछ के पास साबित करने के लिए पॉइंट्स हैं, जबकि दूसरे अभी भी टी20 क्रिकेट में अपने शानदार साल की ऊंचाई पर हैं।

यह देखना दिलचस्प होगा कि आईपीएल में कौन कप्तान बाजी मारता है और किसके सर ताज सजता है। खिताब को लेकर टीमों का प्रबंधन कवायद कर रहा है।

#### रजत पाटीदार (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु)



पाटीदार को यह सोचने के लिए माफ किया जा सकता है कि उनके पास गोल्डन टच है। आरसीबी अपने पहले 17 सालों में कई बार आईपीएल टाइटल के करीब आई थी, लेकिन हार गई। फिर, अपने 18वें सीज़न में, पाटीदार को कैप्टन बनाया गया।




#### अक्षर पटेल (दिल्ली कैपिटल्स)



अक्षर में बड़े स्टार्स के बीच भी नज़र न आने की अनोखी काबिलियत है, और फिर भी वह भारत की हालिया टी20 वर्ल्ड कप जीत में अहम थे। जडेजा जैसे रोल में आकर, उन्होंने बैटिंग ऑर्डर में जगह बनाई और गेंद से भी अच्छा प्रदर्शन किया।

#### श्रेयस अय्यर (पंजाब किंग्स)



अय्यर कुछ समय से भारत की टी20 टीम से बाहर रहे हैं, और आईपीएल में एक बात साबित करने के लिए लौटे हैं। उन्होंने पिछले साल एक जोशीले कैंपेन में पंजाब किंग्स को आगे से लीड किया था, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण क्वालिफायर 2 में उनकी 41 गेंदों में नाबाद 87 रन की पारी थी, जब पंजाब किंग्स ने 204 रन का टारगेट चेज़ किया था। वे फाइनल में हार गए, और फिर अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में अय्यर को स्प्लीन इंजरी हो गई।

#### अजिंक्य रहाणे (कोलकाता नाइट राइडर्स)



यह आईपीएल में रहाणे के लिए आखिरी मौका हो सकता है। केकेआर ने पिछले सीज़न में 14 गेम में सिर्फ़ पांच जीत हासिल की थी, और 37 साल की उम्र में, समय उनके साथ नहीं है। पिछले आईपीएल में उनके 390 रन 147.72 के स्ट्राइक रेट से आए थे।

#### ईशान किशन (सनराइज़र्स हैदराबाद)



ईशान नेशनल टीम के प्लान से बाहर, उन्होंने एक नया मुकाम हासिल किया, दो तेज़ शतक बनाए और झारखंड को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया। उन्होंने भारत की टी20 टीम में वापसी की, न्यूज़ीलैंड सीरीज़ में पहली पसंद के ओपनर बने, और वर्ल्ड कप जीत के साथ इसे खत्म किया। किशन के पास अपनी कामयाबी में एक और उपलब्धि जोड़ने का मौका है।

#### हार्दिक पांड्या (मुंबई इंडियंस)



हार्दिक के लिए पिछले कुछ महीने बहुत अच्छे रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी, एशिया कप और टी20 वर्ल्ड कप। वह नेशनल टीम का अहम हिस्सा रहे हैं, खासकर बल्ले से फिनिशर के तौर पर, जबकि पावरप्ले के अंदर और बाहर गेंद से भी योगदान दिया है। पिछले साल एमआई को प्लेऑफ में पहुंचाने के बाद, वह 2020 के बाद उन्हें अपने पहले फाइनल में ले जाने का लक्ष्य रखेंगे।

#### ऋषभ पंत (लखनऊ सुपर जायंट्स)



पंत का पिछले साल आईपीएल बहुत खराब रहा था, उन्होंने 14 इनिंग्स में सिर्फ़ 269 रन बनाए थे। जिनमें से ज़्यादातर रन उन्होंने लीग स्टेज के आखिर में नाबाद 118 रन की शानदार पारी में बनाए थे। तब से, यह एक रुक-रुक कर चलने वाला दौर रहा है।

#### रुतुराज गायकवाड़ (चेन्नई सुपर किंग्स)



गायकवाड़ के लिए यह तीसरी बार लकी होगा। एमएस धोनी ने आईपीएल 2024 से पहले कमान सौंपी थी, जब गायकवाड़ ने सीएसके को पांचवें स्थान पर पहुंचाया था। पिछले साल, चोट के कारण वह पांच मैचों के बाद बाहर हो गए, और सीएसके सबसे नीचे रही। वापसी के बाद, गायकवाड़ ने वनडे में अच्छा प्रदर्शन किया है।

#### शुभमन गिल (गुजरात टाइटन्स)



गिल भारत के टी20 उप-कप्तान थे, और फिर वह नहीं रहे। वह वर्ल्ड कप में ओपनिंग करने की लाइन में थे, और फिर खराब प्रदर्शन करने के बाद पूरी तरह से टीम से बाहर हो गए। आईपीएल में अब अपनी जानी-पहचानी जगह पर वापस आकर, अहमदाबाद की सपाट पिचें उनकी बैटिंग के लिए सही रहेंगी, लेकिन वह यह दिखाना चाहेंगे कि जब उनकी टीम को ज़रूरत हो तो वह हालात के हिसाब से खुद को ढाल सकते हैं।

#### रियान पराग (राजस्थान रॉयल्स)



पराग लंबे समय से आरआर के लिए एक प्रोजेक्ट रहे हैं, जो एक कमाल के लड़के से एक नए दौर का चेहरा बने हैं। पिछले सीज़न में संजू सैमसन की गैरमौजूदगी में उन्हें कप्तान के तौर पर आज़माया गया था, और अब वे फुल-टाइम कप्तानी संभाल रहे हैं। पराग ने आठ मैचों में आरआर को लीड किया, और 393 रन बनाए, और उनके दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।

## भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप के पहले चरण में जीते दो कांस्य

**बैंकॉक, एजेंसी।**

- एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के भारतीय पुरुष और महिलाओं का बेहतर प्रदर्शन

भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में बुधवार को दूसरे दिन दो कांस्य पदक जीते, जबकि पुरुष रिकर्व और महिला कंपाउंड टीम स्पर्धाओं के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया। भारत ने व्यक्तिगत स्पर्धा में भी तीन पदक पक्के किए, लेकिन यह रिकर्व वर्ग के पुरुषों के लिए निराशाजनक अभियान साबित हुआ, जहां चारों तीरंदाजों में से कोई भी पदक की दौड़ में नहीं रहा।

यह पिछले सत्र में विष्णु चौधरी और राहुल द्वारा शीर्ष दो स्थान हासिल करने की तुलना में एक करारा झटका था। महिला कंपाउंड टीम ने पिछली बार कांस्य जीता था, लेकिन इस बार फाइनल में पहुंचकर पदक का रंग बेहतर करेगी। चिकिथा तानीपर्थी, राज कौर और तेजल साल्वे की तिकड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी कन्यावी मानीसोम्बात्कुल, कानोकनापुस काएचोम्फू और चानीदप्पा तानारत्पितिनान को 229-226 से हराया। अब फाइनल में उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कजाखस्तान से होगा। पुरुष कंपाउंड वर्ग में क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहने के बावजूद भारतीय तीरंदाज खिताब बरकरार रखने में नाकाम रहे और उन्हें कांस्य से संतोष करना पड़ा। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कम्बोज को वियतनाम के हाथों सेमीफाइनल में 233-234 से पराजय मिली। कांस्य पदक के मुकाबले में भारतीय टीम ने भूटान को 234-232 से हराया। रिकर्व वर्ग में भारतीय पुरुष टीम मलेशिया को 5-1 से हराकर फाइनल में पहुंच गई। भारत के देवांग गुप्ता, सुखचैन सिंह और जुयेल सरकार ने एक भी सेट गंवाए बिना जीत दर्ज की। अब उनका सामना कजाखस्तान से होगा। महिला रिकर्व टीम की तिकड़ी रूमा बिस्वास, कीर्ति और रिद्धि फोर ने मलेशिया को 5-1 से हराकर कांस्य पदक जीता। दोपहर के सत्र में व्यक्तिगत स्पर्धाओं के मुकाबलों में भारत का प्रदर्शन मिला-जुला रहा। पुरुष कंपाउंड वर्ग में चौहान, जावकर और कम्बोज ने टीम स्पर्धा की निराशा को पीछे छोड़ते हुए पदक दौर में जगह बनाई और क्लीन स्वीप की उम्मीदों को बरकरार रखा।

रोमांचक सेमीफाइनल में जावकर ने चौहान को 149-148 से मामूली अंतर से हराया, जबकि कम्बोज ने स्थानीय दावेदार पीरावत रत्तनापोंगकियात को 147-145 से मात दी। अब स्वर्ण पदक के लिए जावकर और कम्बोज आमने-सामने होंगे, जबकि चौहान कांस्य पदक के मुकाबले में उतरेंगे। महिला रिकर्व वर्ग में रिद्धि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर भारत की उम्मीदों को जीवित रखा। वह अपने पहले अंतरराष्ट्रीय व्यक्तिगत स्वर्ण पदक की दौड़ में बनी हुई हैं।

## दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड से जीती सीरीज

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।**

पुरुष टी-20 मुकाबला

कॉनर एस्टरहाउजन (75) और रूबिन हरमन (39) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को पांचवें टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 33 रनों से शिकस्त दी। दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली। एस्टरहाउसजन को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में के. क्लार्क (दो) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल सके और विकेट गंवाते रहे। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 154 रन ही बना सकी और मुकाबला 33 रनों से हार गई। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

दक्षिण अफ्रीका के रूबिन हरमन ने 39 रन जबकि एस्टरहाउसजन ने 33 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 75 रनों की पारी खेली। उन्होंने पारी के आखिरी ओवर में बेन सीयर्स ने आउट किया। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 187 रनों का स्कोर बनाया।

### न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर सीरीज जीती

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** अमेलिया केर (105/ दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बुधवार को खेले गये पांचवें टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 92 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला 4-1 से अपने नाम कर ली हैं। अमेलिया केर को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज' के पुरस्कार से नवाजा गया। 195 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बेबस नजर आई।

### स्टोइनिस व कोनोली पंजाब किंग्स टीम में

**चंडीगढ़, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई स्टार मार्कस स्टोइनिस और कूपर कोनोली को आधिकारिक तौर पर पंजाब किंग्स टीम में शामिल किया गया हैं।

न्यू चंड़ीगढ़ के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडिय में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सत्र की तैयारियों के लिए ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी बुधवार को टीम के बाकी सदस्यों से जुड़ने के लिए मोहाली पहुंची। पिछले सीजन की उपविजेता किंग्स पिछले कुछ हफ़्तों से कड़ा अभ्यास कर रहे हैं।

## जैनिक सिनर मियामी के क्वार्टर फाइनल में

**मियामी, एजेंसी।**

विश्व के नंबर दो खिलाड़ी जैनिक सिनर ने मंगलवार को देर से वापसी करते हुए एटीपी मास्टर्स 1000 सेट जीतने की अपनी रिकॉर्ड-तोड़ स्ट्रीक बनाए रखी और साथ ही मियामी ओपन में क्वार्टर-फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की की। सिनर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में घरेलू उम्मीद एलेक्स मिशेलसन को 7-5, 7-6(4) से हराया और प्रतिष्ठित 'सनशाइन डबल' को पूरा करने के अपने मिशन को ट्रैक पर रखा। इंडियन वेल्स



चैंपियन सिनर ने दूसरे सेट में 2-5 से वापसी करते हुए एक घंटे, 42 मिनट में जीत हासिल की और मास्टर्स 1000 इवेंट्स में लगातार जीते गए सेटों की संख्या को रिकॉर्ड 28 तक पहुंचाया। नेक्स्ट जेन एटीपी स्टार मार्टिन लैंडाल्यूस ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने के लिए घरेलू पसंदीदा सेबेस्टियन कोर्डा पर 2-6, 7-6(6), 6-4 की नाटकीय जीत में एक मैच पॉइंट बचाया। इस बीच मियामी में चौथे राउंड में जिरी लेहेका ने अमेरिकी नंबर 1 टेलर फ्रिट्ज़ को चौंका दिया। लेहेका ने शानदार फिनिश करते हुए घरेलू पार्टी को क्रैश कर दिया।

नंबर 1 अमेरिकन टेलर फ्रिट्ज़ का सामना करते हुए, 21वीं वरीयता प्राप्त चेक खिलाड़ी ने 6-4, 6-7(4), 6-2 से जीत हासिल की और क्वार्टर-फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की की।

जज्बा

### हरमनप्रीत को उम्मीद है कि जून से होने वाले महिला टी20 विश्व कप में टीम इंडिया फिर बनेगी विजेता

## विश्व कप खिताब ने हमें विजेता बनने का दिया आत्मविश्वास



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बुधवार को कहा कि पिछले साल घरेलू मैदान पर वनडे विश्व कप जीतने से टीम को दुनिया में कहीं भी और खिताब जीतने के लिए बहुत जरूरी आत्मविश्वास मिला। भारतीय महिला टीम ने पिछले साल नवंबर में नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला आईसीसी खिताब जीता था। हरमनप्रीत को उम्मीद है कि 12 जून से पांच जुलाई तक ब्रिटेन में होने वाले महिला टी20 विश्व कप में भी टीम यह कारनामा दोहराने में सफल रहेगी। द्वारका के ओमेक्स स्टेडियम में उनके सम्मान में बने स्टैंड के नामकरण समारोह के दौरान हरमनप्रीत ने कहा कि मेरा मानना है कि किसी भी क्षेत्र में आपको कुछ खास करना होता है। आपको कोई खिताब जीतना होता है, तभी आपको पहचान मिलती है। ऐसा न होने पर मानो लगता है कि सारी मेहनत बेकार चली गई। यह भी बताया कि हमारी टीम ही नहीं हमसे पहले की सभी महिला क्रिकेटरों ने कड़ी मेहनत की। उन्हें तो अक्सर अपनी जेब से भी पैसे खर्च करने पड़े थे। इसलिए खिताब जीतना बहुत महत्वपूर्ण था। खिताब हासिल करने के बाद भारतीय प्रशंसकों, मीडिया और बाकी सभी से जो प्रतिक्रिया हमें मिल रही है, वह हमारे लिए बहुत मायने रखती है। इस साल के टी20 विश्व कप में वनडे विश्व कप का प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद के बारे में हरमनप्रीत ने कहा कि हम टी20 विश्व कप जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। वनडे विश्व कप ने हमें जरूरी आत्मविश्वास दिया है और अब हमें विश्वास है कि हम दुनिया में कहीं भी विश्व कप जीत सकते हैं।'' भारत ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया, जहां उसने कई प्रारूपों की श्रृंखला खेली, जिसमें तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच, इतने ही वनडे मैच और एक गुलाबी गेंद का टेस्ट मैच शामिल था। भारत यह श्रृंखला अंकों के आधार पर 4-12 से हार गया लेकिन हरमनप्रीत ने कहा कि इससे उनकी टीम को काफी कुछ सीखने को मिला।

उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की बहु प्रारूप वाली श्रृंखला होनी चाहिए क्योंकि इससे आपको नयी चुनौतियों का सामना करने को मिलता है। एक सप्ताह के बाद आपको दूसरे प्रारूप में खेलना होता है इसलिए मुझे लगता है कि यह बिल्कुल अलग तरह का अनुभव है। हरमनप्रीत ने बताया कि क्रिकेटर के तौर पर हमने कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था। पहले हम अधिकतर टी20 या वनडे खेलते थे, लेकिन एक श्रृंखला में तीनों प्रारूप में खेलना थोड़ा चुनौती पूर्ण था।

### महिला क्रिकेट को दिया जा रहा बढ़ावा

बीसीसीआई भारतीय महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए लगातार बड़े कदम उठा रहा है। जिसमें घरेलू क्रिकेटरों की मैच फीस 2.5 गुना तक बढ़ाकर 50 हजार रुपये प्रतिदिन करना और रिजर्व खिलाड़ियों की फीस में 100 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी शामिल है। महिला आईपीएल और पुरुष खिलाड़ियों के बराबर समान फीस जैसे ऐतिहासिक फैसलों से महिला क्रिकेट का स्तर ऊपर उठ रहा है। इन बदलावों से ग्रामीण और छोटे शहरों की लड़कियों को भी क्रिकेट को करियर के रूप में चुनने के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है। शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष जैसी युवा प्रतिभाओं को निखारने के साथ ही अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया जा रहा है।

